राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 विकास की राह पर दुनिया का भरोसा जीतने के लिए उदार लोकतंत्र ...

सूर्या एक सुनामी हैं, गेंदबाजों के दिमाग से खेलते हैं... मिस्टर आईपीएल ... 11



वर्ष : 11 | अंक : 03 | पटना, रविवार, 14 मई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 42°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,995 |
| चांदी | 72,500 |
| सेंसेक्स | 57,635 |
| निफ्टी | 16,986 |

# आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का पटना में जोरदार स्वागत, जयश्री राम के लगे नारे

## सांसद मनोज तिवारी खुद गाड़ी ड्राइव कर बाबा को लेकर होटल पहुंचे

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। मध्य प्रदेश के बागेश्वरधाम के संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पांच दिवसीय हनुमंत कथा आयोजन के लिए शनिवार सुबह पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर उनके चाहने वालों ने उनका जमकर स्वागत किया। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आगवानी किया। धीरेंद्र शास्त्री पटना एयरपोर्ट से तिवारी की गाड़ी से गांधी मैदान स्थित होटल पनाश के लिए रवाना हुए। पटना एयरपोर्ट पर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के पहुंचते ही जय श्रीराम के नारे लगाए गए। एयरपोर्ट के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। जिला प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। उल्लेखनीय है कि सत्ताधारी राजद के नेता उनके दौरे का लगातार विरोध कर रहे हैं। भाजपा, बजरंग दल समेत अन्य हिन्दू संगठन धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में मजबूती के साथ खड़े हैं। पटना एयरपोर्ट से लेकर होटल पनाश तक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मीडिया से बाचतीत करने हुए बाबा ने कहा कि बिहार हमारा है हो...सब ठीक बानी रउआ...मैं संत और कथाकार हूं राजनेता नहीं। इधर, बाबा बागेश्वर के साथ भाजपा नेता मनोज तिवारी भी पहुंचे। मनोज तिवारी ने उनकी गाड़ी चलाकर एयरपोर्ट से होटल पनाश पहुंचे। उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री का विरोध करने वाले मंत्री तेज प्रताप यादव को हनुमंत कथा में आने की सलाह दी। उनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और भाजपा सांसद रामकृपा यादव भी थे। भाजपा सांसदों ने गुलाब फूल देकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत किया। इस दौरान भक्तों ने कहा कि आज सारे विरोधियों को मुंह तोड़ जवाब मिलेगा। भक्तों ने कहा कि बाबा का दर्शन कर मन शांत हो गया। पनाश होटल होटल में पांच दिन के लिए बाबा ठहरेंगे। होटल के बाहर बाबा की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिना पास के किसी को होटल के अंदर जाने की अनुमति नहीं है। होटल से दोपहर 3 बजे नौबतपुर के

लिए रवाना होंगे। इधर, बाबा बागेश्वर धाम सरकार की सुरक्षा को लेकर पटना पुलिस ने सुरक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली है।

**भारत जल्द बनेगा हिंदु राष्ट्र :** बाबा बागेश्वर ने नौबतपुर के तरेत पाली मठ में भव्य कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब भगवान राम की कृपा होगी, तो भारत हिंदु राष्ट्र बन जायेगा. उन्होंने यह भी कहा कि यह जल्द होने वाला है। आपको बता दें कि इस दौरान भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहे। गिरिराज सिंह, रवि शंकर प्रसाद, विजय कुमार सिन्हा, और सम्राट चौधरी जैसे बड़े बीजेपी के नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए. फिलहाल, सम्राट चौधरी और रवि शंकर प्रसाद कार्यक्रम से जा चुके है। इस बीच बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत पहले से हिंदु राष्ट्र है। इसे हिंदु राष्ट बनाने की जरूरत नहीं है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि किसी ने उनसे पूछा कि बाबा जी आप कहते है कि भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। क्या ये संभव है? तो उन्होंने कहा- भारत पहले से हिंदु राष्ट्र है, बनाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान बाबा ने यह भी कहा कि केवल घोषणा होना बाकि है।धीरेद्र शास्त्री ने बताया कि बागेश्वर सरकार सबकी अर्जी सुनते हैं। उन्होंने भी अपनी अर्जी लगाई।

**पश्चिम बंगाल तक जाएगा बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम का वाइब्रेशन : गिरिराज**

पटना। बेगूसराय के सांसद तथा केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को पटना हवाई अड्डे पर बागेश्वर धाम के संत पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर जहां जय श्री राम का नारा बुलंद किया। वहीं, सनातन धर्म के विरोधियों पर भी जोरदार हमला किया। गिरिराज सिंह ने कहा है कि देश में सनातन धर्म को जगाना के लिए बिहार की भूमि पर रह रहे सनातनियों को जगाना होगा। बिहार के एक तरफ उत्तर प्रदेश है तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल। जिसे ममता बनर्जी पाकिस्तान बनाने की होड़ में लगी हुई है। धीरेन्द्र शास्त्री के कार्यक्रम का वाइब्रेशन दोनों ओर जाएगा। राजनीतिक नतीजे आएंगे-जाएंगे लेकिन समाज को जगाना सबसे जरूरी है। सनातन को जागृत करने की मुहिम रोकने के लिए बिहार सरकार ने गांधी मैदान में जगह नहीं दिया। धीरेन्द्र शास्त्री कोई विदेशी नहीं हैं, बल्कि देश में रहने वाले एक आम नागरिक हैं। वह भारत में अपने धर्म का प्रचार नहीं करेंगे तो क्या पाकिस्तान जाकर प्रचार करेंगे। वे भारत में ऐसी बात नहीं करें तो क्या मक्का मदीना, पाकिस्तान और बांग्लादेश चले जाएं। उन्हें रोकने की धमकी देने वाले याद रखें कल उनकी भी बारी आएगी। गिरिराज सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार जानबूझकर देश के लोगों को गालियां दिलवा रहे हैं। नीतीश कुमार की सरकार ने जानबूझकर बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम के लिए गांधी मैदान में जगह नहीं दिया। जबकि मुसलमानों को ईद के नमाज के लिए जगह दी गई। बिहार की सरकार वोट बैंक के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

नई दिल्ली। सुरक्षा बलों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बारामूला जिले के उरी सेक्टर में तड़के आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की, लेकिन सतर्क जवानों ने इसे विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि सेना ने घने जंगल वाले इलाके से संभावित बरामदगी के लिए तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच कुछ देर हुई गोलीबारी के बाद पाकिस्तान की ओर से घटना स्थल पर एक क्वाडकॉप्टर उड़ाया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवानों द्वारा इसे निशाना बनाए जाने के बाद पाकिस्तानियों ने क्वाडकॉप्टर को वापस बुला लिया। अधिकारियों ने कहा कि क्वाडकॉप्टर के इस्तेमाल से आतंकवादियों और पाकिस्तानी सेना के बीच मिलीभगत और घुसपैठ की कोशिशों के दौरान उन्हें पाकिस्तानी सेना द्वारा सहायता प्रदान करने की बात का पता चलता है।

### हार पर घबराने की जरूरत नहीं : येदियुरप्पा

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना जारी है। रुझानों में कांग्रेस को बहुमत मिल गया है। पार्टी 137 सीटों पर आगे है। वहीं, बीजेपी 64 सीटों पर आगे है। कर्नाटक में बड़ी जीत की ओर बढ़ रही कांग्रेस के नेता पार्टी के प्रदर्शन से खुश हैं। अब तक ये साफ हो गया है दक्षिण का द्वार कहे जाने वाले इस राज्य में कांग्रेस अपने दम पर सरकार बनाने जा रही है। नतीजों को भाजपा ने भी स्वीकार कर लिया है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य में भाजपा के चुनावी अभियान का नेतृत्व करने वाले बीएस येदियुरप्पा ने कहा बीजेपी के लिए जीत और हार कोई नई बात नहीं है। पार्टी कार्यकताओं को इन नतीजों से घबराने की जरूरत नहीं है। हम पार्टी की हार के बारे में आत्मनिरीक्षण करेंगे। मैं इस फैसले को सम्मानपूर्वक स्वीकार करता हूं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, प्रधानमंत्री और भाजपा कार्यकताओं की तमाम कोशिशों के बावजूद हम अपनी छाप छोड़ने में विफल रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक में मिली जीत का मनाया जश्न

नई दिल्ली। कर्नाटक की सत्ता पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराकर काबिज होने का जश्न पार्टी कार्यकताओं ने झारखंड में भी मनाया। पार्टी कार्यकताओं ने ढोल-ताशे के साथ जश्न मनाया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने आतिशबाजी की और मिठाई भी बांटी। रांची स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में एकत्रित हुए कार्यकताओं ने जय बजरंग बली और राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, कर्नाटक में निर्णायक बहुमत मिलने के बाद हमारी पार्टी वहां सरकार बनाने जा रही है। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान बजरंगबली का नारा लगाया था। बजरंगबली ने उन्हें सबक सिखाया और राहुल गांधी को अपना आशीर्वाद दिया। ठाकुर ने कहा, हमने पूरी ताकत से कर्नाटक चुनाव लड़ा और हम राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की लड़ाई के लिए तैयार हैं।

# कर्नाटक की कमान कांग्रेस के हाथ

## दक्षिण का एकमात्र राज्य भाजपा से खिसका, कई मंत्रियों की हुई करारी हार

प्रात : किरण

बेंगलूरु/नई दिल्ली,एजेंसी। अगले साल के आम चुनाव से पहले की महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाई में कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के विरुद्ध कर्नाटक में बड़ी जीत दर्ज की है। पार्टी ने 224 सदस्यीय विधानसभा सीट में 136 सीट जीत कर एक नया इतिहास कायम किया है और इसके साथ ही पार्टी केन्द्र में भाजपा के खिलाफ विपक्ष की लामबंदी के प्रयासों के केन्द्र में आ गयी लगती है। दस मई के चुनाव के शनिवार को हुई गणना में भाजपा 65 सीटों पर सिमटने के साथ सत्ता से बाहर हो गयी है। देवगौड़ा परिवार के नेतृत्व में राज्य की राजनीति में लंबे समय तक प्रभावशाली भूमिका निभाने वाली जनता दल सेकुलर (जेडीएस) को वोट और सीट के हिसाब से बड़ा नुकसान उठाना पड़ा और पार्टी इस बार केवल 19 सीट पर सिमट गयी।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इस जीत को कर्नाटक की जनता की जीत बताया और कहा कि राज्य में लड़ाई सांठगांठ से काम करने वाले पूंजीपतियों की ताकत और गरीब जनता की शक्ति के बीच थी। ताकत के आगे शक्ति जीत गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को जीत की बधाई देते हुए उसे कर्नाटक की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शुभकामना दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने कहा है कि पार्टी हार के कारणों की समीक्षा करेगी लेकिन यह कार्यकताओं के लिए कोई घबराने वाली, निराश या हताश होने वाली बात नहीं है।

भाजपा ने जुलाई 2021 में श्री येदियुरप्पा के नजदीकी लिंगायत नेता बसवराज बोम्मई को राज्य सरकार की कमान सौंपी थी और उसे उम्मीद थी कि वह दुबारा सत्ता में आकर दक्षिण में एक नया इतिहास रचेगी। पार्टी ने इस बार 72 नये लोगों को टिकट दिया था जिसकी वजह से पार्टी में कुछ असंतोष हुआ था और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार जैसे लिंगायत नेता कांग्रेस में चले गये थे। अगले वर्ष के आम चुनाव से पहले यह विपक्ष का मनोबल बढ़ाने वाला राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है और इससे कांग्रेस सबसे अधिक उत्साहित है। पार्टी नेता उम्मीद जता रहे हैं कि अगले आम चुनाव के बाद पार्टी केन्द्र में सरकार का नेतृत्व कर सकती है और पार्टी नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर शनिवार को 2025 बजे मतगणना की स्थिति के अनुसार कांग्रेस 134 सीटों पर जीत चुकी थी और दो पर उसके प्रत्याशी आगे चल रहे थे। भाजपा को 64 सीटों पर विजय मिली थी और एक सीट पर उसका प्रत्याशी आगे था। इस तरह भाजपा 2018 के चुनाव वाला प्रदर्शन दोहराने में विफल रही है,जबकि पार्टी 104 सीटें जीत कर सबसे बड़ा दल बनी थी।

इस चुनाव में देवगौड़ा परिवार के नेतृत्व वाले जनता दल (सेक्युलर) को भी करारा झटका लगा है और उसकी सीटें तथा वोट हिस्सेदारी काफी कम हुई है। आयोग के अनुसार जेडीएस को 14 सीटों पर जीत मिल चुकी है और छह सीटों पर उसकी बढ़त है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 और जेडीएस को 37 सीटें मिली थीं। दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार सफल हुए हैं। कल्याण राज्य प्रगति पक्ष को एक सीट मिली है और एक सीट सर्वोदय कर्नाटक पक्ष के खाते में गयी है। मतगणना के रुझानों के अनुसार कांग्रेस को कुल मत में 42.89 प्रतिशत, भाजपा को 35.99 प्रतिशत, जेडीएस को 13.30 प्रतिशत वोट मिले थे।

वर्ष 2018 में कुल पड़े मतों में कांग्रेस को 38.14 प्रतिशत, भाजपा को 36.35 प्रतिशत और जेडीएस को 16.3 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने पार्टी की इस जीत को कर्नाटक की जनता की जीत बताते हुए कहा है कि आगे दूसरे राज्यों में भी इसी तरह के नतीजे आएंगे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने चुनाव परिणाम पर खुशी जताते हुए उम्मीद जतायी है कि अगले साल आम चुनाव में विपक्षी दल एकजुट होंगे तथा कांग्रेस नेता राहुल गाँधी प्रधानमंत्री बनेंगे।

**कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से हार स्वीकारी :** कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य विधानसभा चुनाव में शनिवार को अपनी हार स्वीकार ली। अपराह्न एक बजे तक की मतगणना में कांग्रेस 127 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। इससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि कांग्रेस ने भाजपा से सत्ता करीब करीब छीन ली है। भाजपा का सीटों पर आगे चलने सिलसिला घटकर 69 तक पहुंच गया है, जबकि जनता दल -सेक्युलर 25 सीटों पर आगे चल रही है। किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल करने के लिए 113 सीटों दरकार होती है जिसमें कांग्रेस अपने लक्ष्य को आसानी से पूरा करती नजर आ रही है। यह फैसला त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी करने वाले एग्जिट पोल के उलट है। एग्जिट पोल में अधिकांश ने कांग्रेस को बढ़त मिलने का अनुमान जताया था और कुछ ने सबसे पुरानी पार्टी के लिए बहुमत की भविष्यवाणी की थी। जो सिद्ध होती साफ नजर आ रही है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने हार स्वीकार करते हुए कहा, हम अपने प्रधानमंत्री से लेकर सभी बड़े नेताओं के बहुत सारे प्रयासों के बावजूद अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हैं। कांग्रेस अपनी छाप छोड़ने में सफल रही है। श्री बोम्मई ने कहा कि सभी नतीजे आने के बाद पार्टी अपनी हार के बारे में विस्तृत विश्लेषण करेगी और अंतराल और कमियों को दूर करेगी और भविष्य में इसमें सुधार करेगी। उन्होंने कहा कि हम इस परिणाम से सबक लेंगे और हम आगे बढ़ेंगे और पार्टी को पुनर्गठित करेंगे और लोकसभा चुनाव में वापसी करेंगे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि पार्टी कांग्रेस के पक्ष में आए फैसले का सम्मान करती है और उसे स्वीकार करती है। उन्होंने कहा,हम एक रचनात्मक विपक्ष के रूप में अपने राज्य और अपने लोगों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक चुनाव में अपने पक्ष में फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा की हार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया और उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ तीखा हमला किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कर्नाटक चुनाव परिणाम उनकी उम्मीदों के अनुरूप है और खुद को सामने रखकर वोट मांगने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया और कहा कि यह उनकी हार है।

### कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद, मोहब्बत की दुकानें खुली: राहुल

नई दिल्ली। कर्नाटक में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर राहुल गांधी ने सभी पार्टी कार्यकताओं और नेताओं को बधाई दी है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि ये चुनाव गरीब जनता बनाम अमीर की लड़ाई थी। यहां पर जनता की जीत हुई है, नफरत का बाजार बंद कर दिया गया है और हर जगह मोहब्बत की दुकान खुली है। राहुल ने मीडिया से बात करते हुए एक बड़ा ऐलान भी कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी जैसी ही कैबिनेट का गठन होगा, पहली ही मीटिंग में उन पांच वादों को पूरा किया जाएगा जिनका ऐलान घोषणापत्र में किया गया था। अब कांग्रेस ने तो अपने घोषणा पत्र में एक नहीं कई बड़े ऐलान किए थे। कई चुनावी रेवड़ी देने की बात भी कही गई थी। पार्टी ने कहा था कि हर परिवार को 2000 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। हर घर की महिला मुख्या को महीने के 2000 रुपये मिलेंगे, इसके साथ गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों के लिए महीने का 10 किलो चावल मुफ्त देने की बात भी हुई थी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सबसे बड़ा ऐलान बेरोजगार युवाओं के लिए किया गया। जोर देकर कहा गया है कि अगर सरकार बन जाती है तो प्रत्येक ग्रेजुएट को हर महीने 3000 रुपये का बेरोजगारी भत्ता और डिप्लोमा होल्डर को 1500 रुपये का भत्ता दिया जाएगा।

### कर्नाटक में लोगों ने कांग्रेस की पांच गारंटी के पक्ष में वोट किया : खरगे

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन को जनता जनार्दन की जीत करार देते हुए कहा कि लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के खराब प्रशासन और कांग्रेस की पांच गारंटी के पक्ष में वोट किया। खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा। हिमने सभी (नवनिर्वाचित विधायकों) को संदेश भेजा है कि वो आज शाम तक यहां पहुंचें। वे शाम तक यहां आएंगे। इसके बाद आलाकमान पर्यवेक्षक भेजेगा और फिर सरकार गठन की प्रक्रिया होगी। उन्होंने कांग्रेस की जीत का श्रेय जनता को देते हुए कहा, ह्यह्यकांग्रेस का अच्छा प्रदर्शन जनता जनार्दन की जीत है। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, लोग खुद खड़े हुए और हमारा समर्थन किया। उन्होंने भाजपा के खराब प्रशासन का खिलाफ गुस्से का इजहार करते हुए मतदान किया। यह दिखाता है कि कर्नाटक के मतदाता जाग गए हैं। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों के प्रचार करने तथा धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल किए जाने के बावजूद लोगों ने एकजुट होकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस की पांच गारंटी के लिए मतदान किया है। उन्होंने पार्टी के प्रदेश के नेतृत्व और कांग्रेस कार्यकताओं की सराहना की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने भाजपा के धनबल और बाहुबल के खिलाफ मतदान किया है। उन्होंने जीत के लिए कर्नाटक की जनता का आभार भी जताया।

### 2024 लोक सभा चुनाव में देश का भाजपा मुक्त होना तय : ललन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ललन ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम पर भाजपा की आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में फायदा लेने के लिए भाजपा ने सभी हथकंडा को आजमाया। धार्मिक उन्माद चरम सीमा पर पहुंचाकर चुनाव प्रचार किया और आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने तो पद की गरिमा के विरुद्ध प्रचार किया लेकिन वहां की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के सामने सब फेल हुआ और कर्नाटक आज भाजपा मुक्त हुआ। यह देश के लिए एक बड़ा सन्देश है। आगे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इसके पूर्व विधानसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश भाजपा मुक्त हुआ था और फिर दिल्ली नगर निगम से भी भाजपा मुक्त हुआ। इसी साल मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भी भाजपा मुक्त होगा और 2024 लोक सभा चुनाव में तो देश का भाजपा मुक्त होना तय है। शनिवार को दरभंगा जिला में आयोजित जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश आज खतरनाक दौड़ से गुजर रहा है। केंद्र की सरकार का देश के सभी सवैंधानिक संस्थाओं पर अवैध रूप से कब्जा है। भाजपा द्वारा पूरे भारत में अघोषित रुप से आपातकाल लागू कर दिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि कर्नाटक की महान जनता ने आज देश को सकारात्मक संदेश देने का काम किया है। उन्होंने बता दिया कि धर्म के नाम पर वोट मांगने वालों को जनता अब स्वीकार नहीं करेगी। जिस तरह से प्रधानमंत्री जी ने अपने पद की गरिमा के विरुद्ध चुनाव में बजरंग बली का इस्तेमाल कर जनता को दिगभ्रमित करने का प्रयास किया था। वह प्रयास आज औंधे मुंह गिर पड़ा है। कर्नाटक के मतदताओं ने भाजपा को आईना दिखाने का काम किया है। कर्नाटक के बाद अब छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश भी भाजपा मुक्त बनेगा। 2024 लोकसभा चुनाव में तो पूरे देश को भाजपा से मुक्ति मिलेगी।

### हमारा लक्ष्य भाजपा को हराना है : पवार

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के बाद के परिदृश्य का संकेत है। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस को शानदार जीत मिली है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता गंवानी पड़ी है। पवार ने संवाददाताओं से कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम का रूझान 2024 लोकसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य भाजपा को हराना है। राकांपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, झारखंड, पंजाब और पश्चिम बंगाल में सत्ता से बाहर है। पवार ने कहा कि उनका विचार है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत में भूमिका निभाई है।उन्होंने कहा, राकांपा भी कर्नाटक में कुछ सीटों से चुनाव लड़ी थी, लेकिन यह सिर्फ प्रयास मात्र था।

**शुभारंभ** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने बीएलडीआर में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा का किया शुभारंभ

# म्यूटेशन का काम पूरी पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ सुनिश्चित हो : आलोक मेहता

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सूबे के भूमि सुधार उप समाहर्ता बीएलडीआर और म्यूटेशन अपील के मामलों में स्वेच्छा से फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व यानि फीफो लागू करें ताकि पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। हाल के दिनों में म्यूटेशन के मामले में पेडिंग कम हुई है किंतु रेवेन्यु कोर्ट की बढ़ी है। इसे कम करने की जरूरत है। ये बातें राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता ने शनिवार को बीएलडीआर में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा का शुभारंभ करते हुए कही । शुभारंभ के बाद वे भूमि सुधार उप समाहताओं की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने भूमि सुधार उप समाहताओं को कहा कि वो भूमि माफियाओं से कड़ाई से निपटे। फैसले देने के साथ उन फैसलों के क्रियान्वयन पर भी विशेष बल दें। कोशिश करें कि 30 दिनों में इस एक्ट के तहत पारित आदेशों का कार्यान्वयन हो जाए। इस मौके पर उपस्थित अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने कहा कि दाखिल खारिज के मामलों में पेडिंग केशों की संख्या कम हुई है। उम्मीद है कि अगस्त, 23 तक पेंडेंसी खत्म हो जाएगी। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह, भू अर्जन निदेशक सुशील कुमार, संयुक्त सचिव चंद्र शेखर विद्यार्थी और उत्तर बिहार के सभी अनुमंडल के भूमि सुधार उप समाहर्ता उपस्थित थे। भूमि विवाद निराकरण अधिनियम 2009 में अब ऑनलाइन वाद दायर किया जा सकता है। इसके लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता के न्यायालय में उपस्थित होना जरूरी नहीं है। साथ ही वाद में आए निर्णय का ऑनलाइन अवलोकन कर सकता है। इस अधिनियम के तहत रैयती जमीन से संबंधित छोटे मोटे झगड़े सुलझाने के लिए टाइटल डिसाइड करने का अधिकार भूमि सुधार उप समाहताओं को दिया गया है। बिहार

भूमि विवाद निराकरण अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत सभी भूमि सुधार उपसमाहताओं को अधिकृत मामलों से संबंधित वादों की सुनवाई प्रारंभ करने तथा पूर्व के मामलों में पारित आदेषों के कार्यान्वयन का आदेश दिया गया है। वाद दायर होने के 90 दिनों के अंदर निर्णय दिया जाना है। इस एक्ट के तहत भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा पारित आदेश के खिलाफ 30 दिनों के अंदर प्रमंडलीय आयुक्त के पास अपील करने का प्रावधान है। राज्य में स्वत्वाधिकार अभिलेखों, चौहद्दी, राजस्व अभिलेखों की प्रविष्टियों, रैयती भूमि के गैर कानूनी दखल तथा सार्वजनिक भूमि के आवंटियों की जबरन बेदखली से उत्पन्न समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के अतिरिक्त व्यवहार न्यायालयों एवं उच्च न्यायालयों में दायर अनावश्यक वादों को नियंत्रित करने के लिए इस अधिनियम का गठन किया गया है।

भूमि विवादों की सुनवाई के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता इस अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकार घोषित किए गए। इस अधिनियम के अन्तर्गत रैयती भूमि के मामलों यथा- अतिक्रमण, अनधिकृत संरचना निर्माण, सीमा-विवाद, आवंटित सुयोग्य श्रेणी के बन्दोबस्तधारी की बेदखली का मामला, भू-खण्ड का विभाजन, आपसी संपत्ति का बंटवारा, सर्वे मानचित्र सहित स्वत्वाधिकार अभिलेख में की गयी प्रविष्टी में संशोधन से संबंधित माामलों का निराकरण हेतु क्षेत्राधिकार निश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत निष्पादित मामलों के संदर्भ में सीडब्लूजेसी सं0- 1091/2013 महेश्वर मंडल एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य याचिकाकर्ता द्वारा माननीय पटना उच्च न्यायालय में दायर किया गया था।

इस वाद की सुनवाई करते हुए पटना उच्च न्यायालय द्वारा कतिपय आदेश पारित किये गए। अंततः इस वाद की उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई करते हुए बिहार भूमि विवाद निराकरण अधिनियम, 2009 की धारा-3, 4(1), 4(4) एवं 4(5) के संबध में दिनांक 31.07.2018 को आदेश पारित किया गया, जिसके अधीन धारा 4(4) के तहत कोई आदेश पारित नहीं किये जाने तथा धारा 4(5) को बाध्यकारी घोषित किये जाने से संबंधित था। बाद में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पटना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रिन्यावयन पर रोक लगा दी गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### एक फीडर को दो फीडर में बांटा

फतुहा। रायपुरा और स्टेशन रोड में रहने वालों के लिए अच्छी खबर है। विद्युत विभाग की ओर से दोनों मुहल्लों के लिए शुक्रवार को दो अलग-अलग फीडर कर दिए गए। विद्युत कार्यपालक अभियंता बिनोद विश्वास ने बताया कि पहले दोनों मुहल्लों के लिए एक ही फीडर था जिससे किसी एक मुहल्ले में भी खराबी आने पर दोनों मुहल्ले प्रभावित होते थे। अब अलग फीडर हो जाने से दोनों मुहल्लों में अबाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी।

### सात के खिलाफ विद्युत चोरी में मामला दर्ज

फतुहा। विद्युत विभाग के कनीय अभियन्ता बबलू कुमार ठाकुर के नेतृत्व में शनिवार को बिजली चोरी के विरुद्ध की गई छापेमारी में फतुहा व नदी थाने में सात लोगों के विरुद्ध नामजद लिखित शिकायत की गई है। उन्होंने बताया कि नदी थाने के सम्मसपुर जफराबाद निवासी गोपाल गिरी पर 21, 0, 77, फतुहा थाने के रुइया महादेव निवासी जोखन सिंह पर 41, 755, अंजू देवी पर 10, 664, संतोष कुमार पर 27, 530, गिरिजा देवी पर 13, 485, कल्याणपुर निवासी कैकशा खातून पर 44, 159 एवं नोहटा निवासी दिव्यकान्त आर्या पर 81, 740 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

### आम तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरा सैनिक, मौत

दानापुर। नगर के आम तोडने के दौरान पेड से गिरने से सैनिक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है और इलाज के दौरान सैनिक अस्पताल में शुक्रवार की रात मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया।नायक सूबेदार अजय कुमार (39) अमडिहरी रानीया तालाब कनपा का मूल निवासी है। ।मृतक के भाई लालू कुमार ने बताया कि मेरे भाई अजय कुमार आर्मी सप्लायर कोर में नायक सूबेदार के पद पर वाराणसी में कार्यरत था। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल से 9 मई तक छुट्टी पर अपने गांव आया था। पिछले 4 मई को शाम में अपने आम के पेड पर चढकर आम तोडने के दौरान गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

### दानापुर नप क्षेत्र में मेट्रो का तीन स्टेशन बनेगा

दानापुर। पटना मेट्रो परियोजना के तहत मेट्रो परियोजना कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद क्षेत्र में तीन स्टेशन का निर्माण कराया जायेगा। परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि परिषद क्षेत्र में सगुना मोड, आरपीएस मोड और पाटलिपुत्र स्टेशन के पास स्टेशन बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि सगुना मोड से रूपसपुर नहर तक एलिवेटेड रोड से मेट्रो रेल का परिचालन किया जायेगा और रूपसपुर नहर के बाद अंडरग्राउंड मेट्रो रेल का परिचालन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि मेट्रो रेल परियोजना को लेकर बेली रोड के अभियंता नगर मोड से नाला को भरा जा रहा है।

### तीन माह में 2.65 करोड़ होल्डिंग टैक्स वसूला

दानापुर। नगर परिषद द्वारा तीन माह के अंदर दो करोड 65 लाख 75 हजार रुपए होल्डिंग टैक्स वसूली किया है। परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि परिषद द्वारा होल्डिंग टैक्स वसूली के लिए प्राइवेट कंपनी को टेंडर देकर वसूली कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन माह में कंपनी द्वारा होल्डिंग टैक्स वसूली दो करोड 65 लाख 75 हजार रुपए किया गया है और अभी नौ माह बाकी है। उन्होंने बताया कि कम से कम दस करोड तक होल्डिंग टैक्स वसूली करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि पिछले 2022 में होल्डिंग टैक्स वसूली करीब ढाई करोड किया गया था। उन्होंने बताया कि जल्द ही परिषद क्षेत्र के दुकान, कोचिंग, नर्सिंग होम समेत आदि से ट्रेड लाइसेंस टैक्स वसूली किया जायेगा। इसको लेकर दुकानदारों को नोटिस भेजा जायेगा। अगर ट्रेड लाइसेंस नही लेने वाले पर कानूनी कारवाई की जायेगा।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर अभिषेक को बधाई

फतुहा। शहर के रायपुरा निवासी अभिषेक झा को भाजपा जिला युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अवनीत गुंजन के द्वारा जिला उपाध्यक्ष बनाने पर भाजपा नेता मुन्ना सिंह, विक्की सिंह, अरविंद यादव, भास्कर लाल पटवा, रामजी प्रसाद, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, महामंत्री अरूण कुमार झा, अनामिका अग्रवाल, मनीषा कुमारी, पूनम केसरी, रंजना गुप्ता आदि ने बधाई दी है।

# बैंक लोन को प्रोसेसिंग के नाम पर चूना लगाने वाला चार गिरफ्तार

## 45 हजार नगद, एटीएम, मोबाइल, आधार, पैन कार्ड, लेखा-जोखा का कॉपी, नोटबुक, डेबिट कार्ड बरामद

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाके मौर्य विहार कॉलोनी के मकान में छापामारी कर लोन दिलाने के नाम पर प्रोसेसिंग शुल्क, क्यूआर कोड, खाता आदि से ठगी करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उन सबों के पास से मोबाइल, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, विभिन्न बैंक का चेक बुक, पेमेंट खाता, डेबिट कार्ड, भीम यूपीआई, क्यूआर कोड, इंडिया पोस्ट पेमेंट कार्ड, 45 हजार नगद, नोटबुक, लेन-देन का कॉपी सहित अन्य कागजात बरामद किया है।

यह जानकारी एएसपी शरथ आरएस ने अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि मूल रूप से गिरफ्तार लोग नालंदा और नवादा जिला के रहने वाले हैं। यह सभी अगमकुआं थाना क्षेत्र के मौर्य विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रह कर ठगी के धंधा को अंजाम देने का काम करता था। इसके लिए यह सब बाजाब्ता प्रशिक्षण लेने का काम करता था। कॉपी पर नोट भी बना लेता था। यह सब हिन्दी और इंगलिश में बात करने का ट्रेनिंग लेता था। इसका नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर है। फिलहाल यह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से इसका लिंक जुड़ा हुआ है। यह ठगी गिरोह बैंक लोन चाहने वाले लोगों का नाम, मोबाइल नंबर आदि इकट्ठा करता है। इसके बाद खुद उक्त से बैंक का स्टाफ बताते हुए बात करता है।

इसके बाद प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर ठगी का काम करना शुरू करता है। यह भीम यूपीआई क्यूआर कोड आदि से ठगी किया करता था और लोगों को फंसाने का काम करता था। यह एक बड़ा रैकेट है। इसमें अनेक लोग फरार हैं। उनके बारे में जानकारी मिली है। इस संबंध में पुलिस बहुत कुछ बताने से परहेज करेगी, ताकि अनुसंधान में बाधा उत्पन्न न हो। उन सबों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। दरअसल इंटरस्टेट गिरोह के पास से 15 बैंक खाता मिला है। अभी यह लोग खोले गए बैंक खाता को दो-तीन महीनों में बंद कर नया बैंक खाता खुलवा लेता है। दो खाता में तो महज तीन महीने में करीब 11 लाख का ट्रांजैक्शन किया गया है। गिरफ्तार लोगों में नालंदा जिला के हिलसा थाना क्षेत्र के ढिबरापर का रहने वाला मंटू कुमार, चंडी थाना क्षेत्र के धर्मपुर का रहने वाला अमन कुमार उर्फ पवन, परवलपुर थाना क्षेत्र के परबलपुर और वर्तमान में गिरियक थाना क्षेत्र के गिरियक का रहने वाला अभिषेक कुमार और नवादा जिला के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के मिल्की का रहने वाला सुधांशु कुमार उर्फ सुदामा को गिरफ्तार किया गया है।

थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मोबाइल के माध्यम से ठगी का काम यह सब किया करता था। सूचना के सत्यापन करने के बाद एसएसपी और सिटी एसपी पूर्वी के आदेश पर एएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अगमकुआं सुधीर कुमार, परीक्ष्यमान एसआई राम सहोदर के साथ सशस्त्र बल को शामिल किया गया। इसके बाद मौर्य विहार कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मकान में छापामारी की गई। इसमें ठगी करने वाले अपराधकर्मी पकड़े गए और इसमें इस्तेमाल किए जाने वाले सामग्री एवं नगद रुपए की बरामदगी हुई है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने पूछताछ के दौरान अनेक खुलासे किए हैं। यह सभी अपराधकर्मी दूसरे राज्यों से मोबाइल का सिम लेने के बाद दूसरे राज्यों के लोगों को बैंक लोन ऑफर के नाम पर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसे की ठगी मोबाइल के माध्यम से करता है। इनके अन्य साथी भी इस घटना में शामिल हैं, जिनका नाम अनुसंधान के दृष्टिकोण से बताना उचित नहीं है। उन सबों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है और गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

पूछताछ के दौरान इन सबों के द्वारा बताया गया कि पिछले 6 माह में दो हजार से अधिक कस्टमर को शिकार बना चुके हैं। इन सबों के पास से विभिन्न कंपनी का 15 मोबाइल, तीन एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, चार विभिन्न बैंक का चेक बुक, एक एयरटेल पेमेंट बैंक खाता, दो फिनो पेमेंट बैंक का डेबिट कार्ड, एक एचडीएफसी बैंक का डेबिट कार्ड, एक भीम यूपीआई क्यूआर कोड, एक नोटबुक, तीन लेखा-जोखा से संबंधित कॉपी, एक रिलायंस कंपनी का आई कार्ड, एक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का कार्ड, 45 हजार कैश और अन्य कागजात बरामद किया गया है। टीम में अगमकुआं थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, एसआई शशिप्रभा रानी, पअनि रआमसहओदरसिपाही संजीव कुमार जन्मेजय कुमार गृह रक्षक सिपाही विनोद कुमार अमेरिका प्रसाद अशोक कुमार आदि शामिल थे।

# दानापुर व्यवहार न्यायालय में 419 मामले का निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत इसमें दोनों पक्षों के आपसी सहमति के आधार पर कुल 419 मामले का निष्पादन किया गया। तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष सह अपर जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम सत्य नारायण शिवहरे व तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नवीन कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया।

अदालत में न्यायालय में लंबित 112 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें विद्युत चोरी के 57 मामलों का निष्पादन पीठ संख्या 1 व 2 द्वारा किया गया। जिसमें 484,000 रुपए कम्पाउंडिग राशि की वसूली विद्युत विभाग द्वारा की गई। इसके अलावे शमनीय फौजदारी के 50, श्रम अधिनियम के 1, माप-तौल के चार मामले का निष्पादन पीठ द्वारा किया गया। बैक ऋण के 307 मामलों का निष्पादन समझौता के आधार पर किया गया। जिसमें 98, 07, 520 रुपए का समझौता राशि के रूप में वसूली की गई। बीएसएलएल के तीन मामलों का भी निष्पादन किया गया और 5600 रुपए वसूली की गई। तालुक विधिक सेवा समिति सचिव सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नवीन कुमार श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए दस पीठ का गठन किया गया था। जिसमें अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पंकज पाण्डेय, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक कुमार मिश्र, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी विशुधा प्रकाश, कंचन प्रभा, प्रिय कुमारी, संजय कुमार, अजय कुमार व रणजीत कुमार चौधरी शामिल थे।

अपर जिला व सत्र न्यायाधीश सत्य नारायण शिवहरे ने कहा कि लोक अदालत एक ही दिन में मुकदमे के निपटारे का सुलभ रास्ता है। अधिक से अधिक वादों के निपटारे के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होता है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन के पूर्व सभी विभागों के अधिकारियों को भी सूचना दी जाती है। ताकि मामलों का निपटारा सही तरीके से हो सके। इसके लिए अलग-अलग बेंच भी गठित किया जाता है ताकि लोगों को अपने वादों का निपटारा करने में सुविधा हो। राष्ट्रीय लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अपने वाद का निपटारा सुलह समझौते के माध्यम से करा सकता है।

# छात्रों ने प्रकृति को बचाने का लिया संकल्प

## नुक्कड़ नाटक व प्ले बोर्ड से दिया संदेश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सेंट ऐंस हाई स्कूल के परिसर में छात्रों के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रिंसिपल एडवर्ड अल्फेंस ने बताया की इस वर्ष के पर्यावरण दिवस के मौके पर हम सभी लोगों को संदेह नहीं कि हमारी पृथ्वी को दिन ब दिन परेशान करने वाली समस्याओं और जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। इस दिन हम सबको याद दिलाना चाहिए कि हमारी धरती को बचाने और संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सबों की है, जिससे प्रदूषण का संकट कम होगा। हम सबों को इस सभ्यता से जुड़े होने वाले लोगों द्वारा संरक्षित की गई सारी प्रकृति को सम्मान देना चाहिए। हम अपनी अहम जिम्मेदारी निभाने के लिए तत्पर हैं। हम सभी जानते हैं कि जब हमारी धरती हमें जो देती है, तो हमें इसे संरक्षित करने के लिए तत्पर होना चाहिए। हम सभी एक समुदाय की तरह एकजुट होकर पृथ्वी को ताजगी और सुरक्षा से भरा रख सकते हैं। उपस्थित छात्रों ने प्ले कार्ड एवं पोस्टर के द्वारा पर्यावरण दिवस के महत्व को दशार्या। इसके अलावा गीतों के माध्यम से सभी लोगों तक अपना संदेश पहुंचाया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक पेश किया गया। इसके द्वारा छात्र-छात्राओं ने भी पेड़-पौधों को संरक्षित करने का प्रण लिया। उनका नारा था जियो और जीने दो। अतिथियों ने विद्यालय के प्राचार्य एडवर्ड अल्फेंस, प्रबंधक रिचर्ड अल्फेंस एवं उप प्राचार्य विक्टर अल्फेंस को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रशंसा की।

# इम्तियाज अहमद खान धर्मनिरपेक्ष सेवक संघ के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के धर्मनिरपेक्ष सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह-मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तेज प्रताप यादव ने इमलियाज अहमद खान उर्फ बब्बन खान को "धर्मनिरपेक्ष सेवक संघ का राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मनोनीत किया है।डॉ० खान शिक्षक के साथ-साथ कर्मठ आर०जे०डी० के पुराने कार्यकर्ता रहे है ये किसी परिचय के मुहताज नहीं है सम्मानित घराने से संबंध रखते हैं।

राजनीति के प्रारंभिक जीवन से ही ये दीन-दुखियों की सहायता, अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा तथा जनता के आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति के प्रयास में सदा लगे रहते हैं ये पूर्व में भी दो बार दानापुर के नगर अध्यक्ष, राजद, पटना जिला के राजद प्रवक्ता एवं प्रदेश महासचिव, रह चुके हैं तथा इनकी पत्नि नुहजत यासमीन दानापुर नगर परिषद वार्ड न0-13 की वार्ड पार्षद भी चयनित होकर जनता की सेवा करते आयी है। इन्हीं सब योगताओं को दृष्टिगत रखते हुए इन्हें उपर्युक्त पद पर मनोनीत किया गया है।अपने मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ० खान ने राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, डॉ० मिशा भारती, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव राजद के अन्य वरिष्ठ नेताओं को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि जो दायित्व उन्हें सौंपी गई है उन दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। साथ ही पार्टी एवं संगठन को ड्ड हर स्तर पर सशक्त बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी एवं संगठन से जोड़ने का अथक प्रयास करेंगे। डॉ० खान के इस पद पर मनोनीत से बिहार की जनता मे काफी हर्ष है और इनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो से लाभान्वित होंने की अत्यधिक आशा है।

# समर्पण दिवस पर समागम आयोजित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

संत निरंकारी सत्संग भवन हरदेव नगर में सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस समागम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए पटना जोन ब्रांच के संयोजक हरेराम प्रसाद ने कहा कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का पूरा जीवन मानवता की सेवा के प्रति समर्पित रहा है। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के सत्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। आयोजित कार्यक्रम में बिहटा, दानापुर, खगौल, दीदारगंज, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा समेत अन्य जगहों के निरंकारी परिवार इसमें शामिल हो बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# कर्नाटक में बहुमत मिलने पर कांग्रेसियों ने मिठाई बांट की आतिशबाजी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कर्नाटक की प्रचंड जीत पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर देखी गई। पटना साहिब स्टेशन के पास आम जनता और यात्रियों के बीच मिठाइयां बांटी गई। आतिशबाजी कर आपस में कांग्रेसी खुशियों का इजहार करते हुए कहा कि यह कर्नाटक से जीत की शुरूआत हस्तिनापुर दिल्ली लोकसभा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हुए सरकार बनाएगी। पूर्व संगठन सचिव डॉ विनोद कुमार अवस्थी ने कहा कि भारत में कांग्रेसियों को प्रताड़ना और दुर्भावना कांग्रेस मुक्त भारत और धार्मिक उन्माद, हिंदू को हिंदू से, सनातन को सनातनी से मनभेद करा देने का परिणाम है कि संकट मोचन श्री हनुमान जी महाराज हमारे संकट को देखा और बजरंगबली भरपूर आशीर्वाद देकर कर्नाटक की सरकार बनाने जा रहे हैं। पहले चुनाव गृह राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमती प्रियंका गांधी, राहुल गांधी का और वहां की जनता मेहनत से सरकार बनाई। कार्यक्रम में शामिल डॉ विनोद कुमार अवस्थी, सरदार जगजीत सिंह, डॉ के आचार्य, आदित्य राज सिंटू, पंकज यादव, प्रदीप यादव, नरेश पासवान, कूली नेता मनीष गौतम, सुभाष मेहता, फखरुद्दीन अहमद, रामेश्वर पासवान, एवं अन्य स्टेशन के दुकानदार भाई उपस्थित थे।

# गुरुद्वारा बाललीला में छबील की सेवा

पटना सिटी (प्राकि)। गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में पंजाब से आई संगत ने मीठे छबील की सेवा की। इसका उद्घाटन बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा चमकौर सिंह और राजन सिंह ने मिलकर किया। दरअसल पंजाब के फतेहगढ़ साहिब से यहां पहुंची संगतों ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए मीठे छबील की सेवा लगाई थी। इसमें सर्वजीत सिंह बाला, जगदीप सिंह लाडी, लेयाज, हरजिंदर सिंह, तजिंदर सिंह आदि ने सेवा दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 322 मामलों का हुआ निष्पादन

पटना सिटी (प्राकि)। गायघाट स्थित पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजनकिया गया। इसमें कुल 322 मामलों का निबटारा किया गया। साथ ही 1,0032,487 रुपये पर समझौता भी हुआ। लोक अदालत में बैंक से संबंधित 215, बिजली से संबंधित 40, क्रिमिनल कंपाउंडेबल से संबंधित 55, मेट्रोमोनियल सहित अन्य मामलों से संबंधित 12 मामलों का निबटारा किया गया। बैंक एवं बीएसएनएल से संबंधित मामलों में 27,27,890 रुपए रिकवर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए नौ बेंच का गठन किया गया था। इसमें एडीजे चतुर्थ रवीन्द्र कुमार, एसीजेएम वन राकेश कुमार यादव, सब-जज षष्ठम लाल बहादुर प्रसाद, एसडीजेएम विवेक कुमार मिश्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सौम्या शेखर, सिपरा कुमारी, प्रज्ञा ऐश्वर्या, विवेक कुमार, आशुतोष अभिमन्यु पीठासीन पदाधिकारी के रूप में मौजूद थे।

# एलएचवी स्कूल में छात्राओं को दीवार लेखन व पेंटिंग का दिया सुझाव

## उप सचिव ने एसजीजीएस अस्पताल का निरीक्षण कर दिया निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग के उप सचिव सह मानव संसाधन राज्य स्वास्थ्य समिति के प्रभारी राजेश कुमार ने श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल पहुंचे। शनिवार को उन्होंने यहां का निरीक्षण किया। उप सचिव ने बताया कि जल्द ही अस्पताल में विशेष नवजात शिशु देखभाल ईकाई और ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध होगी। एसएनसीयू को चालू करने के लिए निर्माण कार्य पूरा हो गया है और आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन का कार्य अंतिम चरण में है। साथ ही इसमें प्रचार-प्रसार सामग्री तथा दिशा-निर्देश से संबंधित पोस्टर सामग्रियों को भी लगाने का निर्देश दिया गया है। इसे सुव्यवस्थित रूप से संचालन शुरू करने के लिए अधीक्षक, एसएनसीयू के प्रभारी डॉ अरविंद कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विजय प्रकाश, विमलेश कुमार, केयर के डॉ पंकज मिश्रा, डॉ कीर्ति धामीला एवं उक्त इकाई के कर्मियों के साथ बैठक भी की। रक्त अधिकोष के संचालन को शुरू करने के लिए चिन्हित भवन का निरीक्षण भी उनके द्वारा किया गया। उसके उपकरणों सेंट्रीफ्यूज मशीन, रेफ्रिजरेटर आदि का अधिष्ठापन कार्य पूरा हो गया है। डॉक्टर एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है। 16 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर में किया जाएगा। ब्लड बैंक में प्रचार सामग्री एवं दिशा निर्देश से संबंधित पोस्टर सामग्रियों को लगाने का कार्य भी अंतिम चरण में है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में संचालित एलएचवी स्कूल की छात्राओं के साथ बैठक की। इसमें छात्राओं से दीवार लेखन और पेंटिंग के माध्यम से सुसज्जित करने को कहा गया। उप सचिव ने बताया कि मरीजों के लिए लिफ्ट लगाने, दवा वितरण का कार्य 24 घंटे हो, इसके लिए भी आवश्यक निर्देश दिया गया है। इसके बाद चिकित्सकों व कर्मियों के साथ ही उन्होंने बैठक की। बैठक के दौरान अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरआर चौधरी ने अस्पताल के बारे में बातों को रखा। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ आरआर चौधरी, डॉ अरविंद कुमार, अस्पताल प्रबंधक मो शब्बीर खान समेत अस्पताल के चिकित्सक और केयर प्रतिनिधि शामिल थे।

# बच्चों में गणित फोबिया को दूर करेगा प्रशिक्षण शिविर : गुरमीत सिंह

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना ।नई शिक्षा नीति के तहत आर्यभट्ट की धरती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग एवं दुर्गदारणी फाउंडेशन पटना के तत्वधान में आज समाप्त हो गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में राष्ट्रीय प्रशिक्षक गुरमीत सिंह पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के कन्हैयालाल पुष्कर, प्रशिक्षक हरजिंदर गोगना, पटना हाईकोर्ट की वरीय अधिवक्ता अलका वर्मा संस्था के उपाध्यक्ष हरि ओम उत्तम, सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष हर्ष रंजन आदि शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर में पटना जिला के गणित विषय के शिक्षक के अलावा शिक्षा स्नातक और परास्नातक गणित विषय के अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अतिथि अलका वर्मा ने कहा कि आर्यभट्ट की धरती पर पहली बार आयोजित हो रहे ज्यामितीय प्रमेय पर प्रशिक्षण शिविर गणित विषय के प्रति भ्रांति दूर करेगी। नई शिक्षा नीति के तहत गणित विषय के प्रति समझ को आसान करने के लिए यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। समय के साथ हुए शोध शिक्षकों को पढ़ाने में आसान साबित होगी ।पंजाब से आए गणित विषय के भारत सरकार के पेटेंट प्रशिक्षक विशेषज्ञ गुरमीत सिंह अब तक देश के 50 शहरों में 240 से ऊपर गणित विषय पर प्रशिक्षण उपलब्ध करा चुके हैं। गुरमीत सिंह जी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से ऐसे शिक्षक समाज और राज्य के सामने आएंगे जो विद्यार्थियों में गणित फोबिया को दूर करने में सक्षम होंगे। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के गणित फोबिया खत्म होगा। गणित के ज्यामितीय प्रमेय को आसान एवं प्रभावशाली, प्रैक्टिकल ढंग से सीखाने का बिहार में पहली बार मौका मिला है।सह प्रशिक्षक हरजिंदर गोगना ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में स्क्वायर रेक्टेंगल, ट्रायंगल ,अल्टरनेट एंगल, वर्टिकल ऑपोजिट एंगल एवं कंप्लीमेंट्री और सप्लीमेंट्री एंगल पर मैथ टूल किट के साथ प्रशिक्षित किया गया है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के बाद कुल 56 प्रशिक्षणार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों ने तीन दिन का अनुभव शेयर करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन पहली बार देखने और सुनने को मिला। संस्था के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम प्रत्येक जिला स्तर पर किए जाने हैं जिसका लाभ गणित के शिक्षक और छात्रों को मिलेगा अगले चरण में नालंदा और नवादा में प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है।

# तख्त साहिब में सजा दीवान, शबद कीर्तन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिरजी पटना साहिब में सिख पंथ के छठे गुरु श्री हरगोबिंद सिंह जी महाराज के गुरुता गद्दी दिवस पर्व पर विशेष दीवान सजा। इसके पूर्व बीते दो दिनों से मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। रागी जत्था में भाई कविंदर सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई बिक्रम सिंह, भाई जगत सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई जगत सिंह और भाई अरविंद सिंह निर्गुण ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद तख्तश्री पटना साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने अरदास किया।

उन्होंने संगठनों को गुरु महाराज से जुड़े शस्त्रों आधी का दर्शन भी कराया। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारक, सदस्य व संगत शामिल हुई। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चला।

# जनहित का काम सबसे पहले : एमएलसी संजीव

पटना, हार्डिंग रोड, सरकारी आवास पर बुद्धू नोनिया मेमोरियल ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा बिहार विधान परिषद (सदस्य) संजीव कुमार सिंह को अंग वस्त्र और फोटो दे कर सम्मानित किया गया। सम्मानित कार्यक्रम के उपरान्त ट्रास्ट के पदाधिकारी रामा शीश चौहान ने विधान परिषद महोदय से पटना दरोगा राय पथ पटना में ट्रस्ट के द्वारा छात्रावास का निर्माण का कार्य चल रहा है एमएलसी फंड से सौ फीट रोड का निर्माण करने का अनुरोध किया गया। हर्ष पूर्वक स्वीकार करते हुए विधान परिषद संजीव कुमार सिंह ने कहा जहां जन हित का काम हो वहां सभी लोगो को भी मदद करना चाहिए।केवल सरकार के भरोसे राज्य या देश विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता इसके लिए जनता की सहयोग की जरूरत है और हमारा सरकार विकास पुत्र मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी यही चाहते है जनहित का काम सबसे पहले होना चाहिए।मैं कोशी क्षेत्र का विधान परिषद हूं। हमारा फंड पटना में नही लगेगा, परंतु मैं पटना क्षेत्र के बिहार विधान परिषद, संजय मयूरी, नीरज सिंह, राजेंद्र गुप्ता जी से हमारी बहुत अच्छी संबध है सभी से आग्रह करूंगा अपना अपना फंड की कुछ राशि बुद्धू नोनिया मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा छात्रावास की निर्माण एवं मेन रोड से छात्रावास तक पीसीसी रोड का निर्माण करने में सहयोग करें।

# कार की टक्कर से युवक की हुई मौके पर मौत, गुस्साए परिजनों ने SH-1 को किया जाम

मसौढ़ी। धनरूआ थाना क्षेत्र के पटना-गया फोरलेन पर सिराधीपर गांव के पास की है। जहां एक युवक को ऑल्टो कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई।जबकि एक अन्य युवक जख्मी हो गया है। बता दें कि, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रल-1 को जाम करके सड़क पर घंटों प्रदर्शन किया। वहीं ऑल्टो कार के पलटने से उसमें सवार दो लोग भी जख्मी हो गए हैं। लेकिन मौका-ए-वारदात से वह दोनों फरार होने में सफल हो गए। मृतक युवक की पहचान ललित कुमार के रूप में हुई है जो अपने घर से खेतों में कुछ काम के लिए निकला था। बताया जा रहा कि, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया। जबकि सड़क हादसे में घायल एक अन्य युवक जोकि मृतक का चचेरा भाई है उसे जख्मी हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# कर्नाटक नतीजे पर सियासी बयानबाजी शुरू, महागठबंधन में खुशी का माहौल

प्रात : किरण संवाददाता

**पटना।** कर्नाटक विस चुनाव में कांग्रेस ने बहुमत के साथ बड़ी जीत दर्ज की है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों में खुशी का माहौल है, वहीं, करारी पराजय मिलने से भाजपा समर्थकों में मायूसी है। इधर, चुनाव परिणाम को लेकर सूबे में सियासी संग्राम छिड़ गया है। पक्ष व विपक्ष में आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गया है। राजद, जदयू, कांग्रेस ने भाजपा पर तंज कसा है। वहीं भाजपा ने भी विरोधियों पर पलटवार किया है।

## कर्नाटक की जीत ने 2024 के चुनावों से पूर्व कांग्रेस को दी बढ़त: अखिलेश

पटना। कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मिले प्रचंड बहुमत पर खुशी जताते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि यह कर्नाटक की जनता की जीत है और साथ ही हमारे नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा और पांच योजना कार्यक्रम का सकारात्मक परिणाम यह चुनाव रहा। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पूर्व यह जनता के मिजाज का लिटमस टेस्ट था जिसमें जनता ने छद्म हिंदुत्व, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली और देश की एकता को खंडित करने वाली पार्टी भाजपा के खिलाफ वोटिंग करके देश के प्रधानमंत्री की तानाशाही नीतियों पर हमला किया है। उन्होंने भाजपा पर चुटकी लेते हुए कहा कि आज शनिवार है और बजरंगबली ने भ्रष्टाचारियों और दुराचारियों की नली को तोड़ दिया है। प्रदेश के कांग्रेस कार्यकताओं को उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि बिहार के सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर कर्नाटक के परिणामों की तरह ही 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में अभी से लग जाने की जरूरत है ताकि बिहार से भी हम अच्छा प्रदर्शन करके देश में सत्तालोलुप दल को चारों खाने चित्त कर सकें। भाजपा के नीतियों पर बरसते हुए उन्होंने कहा कि आम मतदाता महंगाई और रोजगार के लिए चिंतित है जबकि भाजपा लगातार धर्म की राजनीति करके उन्हें बरगलाने का काम करती है और कर्नाटक के चुनावों में भी यह नीति भाजपा ने अपनाई लेकिन आम मतदाताओं ने उन्हें अपने मत की ताकत से सबक सीखा दिया।

## 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी का सफाया तय : श्रवण

पटना। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि यह सिर्फ कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम नहीं है बल्कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के संकेत हैं। कर्नाटक में कांग्रेस को मिली बढ़त पर खुशी जताते हुए बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से परेशान कर्नाटक की जनता ने बीजेपी को नकारते हुए कांग्रेस पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के पक्ष में आने से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकजुटता की मुहिम को भी बल मिलेगा। सभी लोग एकजुट होकर बीजेपी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। श्रवण कुमार ने कहा है कि कर्नाटक की जनता ने देश के ताजा सियासी हालात को समझते हुए अपना मैंडेट दिया है। देश की जनता अच्छी तरह से जान चुकी है कि नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा क कर्नाटक की जनता ने मोदी को नकारने की शुरूआत कर दी है। कर्नाटक चुनाव से यह संकेत मिल गए हैं कि साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का सफाया तय है। उन्होंने कहा कि जो विपक्षी दल आज अलग-अलग हैं उन्हें भी इस चुनाव से सीख मिलेगी और सभी लोग बीजेपी के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।

## भाजपा की नहीं पीएम मोदी की हुई हार : शिवानंद

पटना। राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कर्नाटक की हार भाजपा की हार से कहीं ज्यादा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार है। श्री तिवारी ने कहा कि जिस अंदाज और तेवर में उन्होंने कर्नाटक का चुनाव अभियान चलाया वह अद्भुत था। उनके अभियान में एक उन्माद था। जिस तरह वे बजरंग बली का नारा लगा रहे थे। उनको यह भी ध्यान नहीं रहा कि वे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री हैं। दुनिया उनको देख रही है। लेकिन सबकुछ झोंक देने के बावजूद कर्नाटक चुनाव के नतीजे का संदेश स्पष्ट है। बजरंग बली और बागेश्वर बाबाओं के सहारे लोगों को भरमा कर उनका समर्थन हासिल नहीं किया जा सकता है। बेरोजगारी, महंगाई और भूख को हनुमान चालीसा और मंदिरों के सहारे भुलाया नहीं जा सकता है। कर्नाटक के नतीजा का संदेश स्पष्ट है। अगले लोकसभा चुनाव के बाद एक नये प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नई सरकार का शपथ ग्रहण मुमकिन है।

## राम जी को भूलाने से हनुमान जी नाराज हो गए : गगन

पटना। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि अबतक के चुनावों में भगवान राम जी के नाम पर वोट मांगने वाली भाजपा कर्नाटक के चुनाव में लालकृष्ण आडवाणी की हीं तरह भगवान राम को भी भूला कर बजरंगबली के नाम पर वोट मांग रही थी जिससे बजरंगबली नाराज हो गए और गदा चला कर आज अपने लिए अराध्य दिन शनिवार को भाजपा के अहंकारी अवसरवाद को ध्वस्त कर दिए हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव से भाजपा के पतन का सिलसिला शुरू हो चुका है जो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का ट्रेलर है। कर्नाटक की जनता ने अपने वोट के चोट से भाजपा नेताओं के अहं और वहम का माकूल जवाब देने का काम किया है। अपने जिस नेता के करिश्मा पर भाजपा नेताओं को ज्यादा भरोसा था उनके द्वारा सात दिन में 19 जनसभाएं एवं रैलियों के साथ हीं 6 रोड-शो किया गया पर उनमें से अधिकांश जगहों पर भाजपा को काफी क्षति उठानी पड़ी। गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा 16 जनसभा और 14 रोड-शो किया गया था जबकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 10 जनसभा और 16 रोड-शो किए थे। कर्नाटक विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा नेताओं द्वारा किया गया 437 जनसभाएं 138 रोड-शो भी कर्नाटक की जनता को प्रभावित नहीं कर सका। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित आधा दर्जन मुख्यमंत्री और दर्जनों केन्द्रीय मंत्रियों द्वारा दिए गए भावनात्मक और उन्मादी भाषण को खारिज कर कर्नाटक की जनता ने भविष्य के राजनीति का खुला संकेत देने का काम किया है। इसके लिए कर्नाटक की जनता बधाई का पात्र है।

## लोस चुनाव में राजनीतिक बीपीएल बनेगी बीजेपी : जदयू

पटना। जदयू के प्रवक्ता सह विधान पार्षद नीरज कुमार, मंजीत सिंह, अजय चौधरी, राहुल शर्मा, डॉ सुनील कुमार, अंजुम आरा, हमराज राम, अभिषेक झा, डॉ भारती मेहता, अनुप्रिया ने संयुक्त रूप से कर्नाटक में बीजेपी की करारी हार पर जमकर चुटकी ली है। श्री नीरज कुमार सहित तमाम प्रवक्ताओं ने कहा कि बीजेपी ने कर्नाटक में लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाया और चुनाव को उन्मादी राजनीति की तरफ ले गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकता की मुहिम को इस जीत से काफी बल मिला है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जो गैर बीजेपी एकता की बात कर रहे हैं उसको बीजेपी की हार से और ताकत मिलेगी। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि बीजेपी ने राजनीति में धर्म का गलत इस्तेमाल किया और आज फैसला सबके सामने है। जदयू मुख्य प्रवक्ता ने कहा की बीजेपी धर्म के नाम पर पाखंड करती है और आज वो फर्जी हिंदुओं का पाखंड सबके सामने उजागर हो गया। उन्होंने कहा की बीजेपी लोगों के विकास के लिए चिंतित नहीं है बल्कि राजनीति की दुकान चलाती है। उन्होंने कहा कि इस जीत के बाद साल 2024 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में विपक्षी एकता को बल मिलेगा और आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी को राजनीतिक तौर पर बीपीएल बनाने का काम करेगी।

## फिल्म देख कर जश्न मना रहे बिहार भाजपा के नेता : राजीव

पटना। कर्नाटक चुनाव परिणामों पर टिपण्णी करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि दक्षिण भारत का एकलौता किला ढ़हने पर जहां अन्य राज्यों के भाजपाइयों में मातम पसरा हुआ था, वहीं बिहार भाजपा के शीर्ष नेता खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। शायद यही वजह थी कि एक तरफ टीवी पर वोटों की गिनती चल रही थी और दूसरी तरफ यह लोग आज पटना में सिनेमा देख कर हार का जश्न मना रहे थे। यह भाजपा की अंदरूनी खींचतान का सबसे बड़ा उदहारण है। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि बिहार भाजपा के नेताओं का यह आचरण दिखाता है कि प्रधानमन्त्री मोदी के गिरते ग्राफ से यह लोग कितने खुश हैं। आपसी लड़ाई में यह लोग इतने उलझे हुए हैं कि इन्हें जनता और विपक्षी दलों की तरफ देखने की फुर्सत तक नहीं है। 2024 में भाजपा के हारने पर यह लोग निश्चित ही दरी-चटाई ले जाकर चिड़ियाघर में पिकनिक मनाएंगे। कर्नाटक चुनाव में मिली जीत के लिए कांग्रेस को बधाई देते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक में भाजपा का किला नेस्तनाबूंद होना इस बात का प्रमाण का है कि भाजपा के दिन अब लद चुके हैं। यह जीत जनता और सेक्युलर विचारधारा की जीत है। इसने साबित कर दिया है कि जनता को खोखले वादों का सपना दिखा कर अब ठगा नहीं जा सकता।

# कर्नाटक में प्रचंड जीत पर प्रदेश कांग्रेस में जश्न, गदा के साथ मनाई खुशी

- बजरंगबली के गदा में बहुत ताकत होती है : मदन मोहन झा
- सदाकत आश्रम में मिठाईयां बांटी गई, अबीर गुलाल भी उड़े

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मिले प्रचंड बहुमत से बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नेता और कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आएं। देशभर के कांग्रेस दफ्तरों में जश्न मनाया जा रहा है। पटना के सदाकत आश्रम स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में जश्न का माहौल है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाईया खिलाई और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं का उत्साह देख ही बन रहा है। ढोल नगाड़ों के साथ कांग्रेस की महिला कार्यकताओं ने जीत की खुशी मनाई। इस मौके पर मदन मोहन झा, प्रेमचंद्र मिश्रा, राजेश राठौड़ सहित कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता सदाकत आश्रम में मौजूद थे। इन नेताओं और कार्यकताओं की खुशी देखती ही बन रही थी। सभी ने एक दूसरे को मिठाईयां खिला जीत का जश्न धूमधाम के साथ मनाया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि बिहार के सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर कर्नाटक के परिणामों की तरह ही 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में अभी से लग जाने की जरूरत है ताकि बिहार से भी हम अच्छा प्रदर्शन करके देश में सत्तालोलुप दल को चारों खाने चित्त कर सकें। भाजपा के नीतियों पर बरसते हुए उन्होंने कहा कि आम मतदाता महंगाई और रोजगार के लिए चिंतित है जबकि भाजपा लगातार धर्म की राजनीति करके उन्हें बरगलाने का काम करती है और कर्नाटक के चुनावों में भी यह नीति भाजपा ने अपनाई लेकिन आम मतदाताओं ने उन्हें अपने मत की ताकत से सबक सीखा दिया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा ने कर्नाटक की जीत को देश के वर्तमान हालात के उपज भाजपा के खिलाफ जनता का आक्रोश बताया और साथ ही कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने धरातल पर जो मेहनत भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किया है यह परिणाम उसी के फलस्वरूप कांग्रेस को मिला है। कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने धरातल पर जो मेहनत भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किया है यह परिणाम उसी के फलस्वरूप कांग्रेस को मिला है। भाजपा की हार पर चुटकी लेते हुए उन्होंने गदा लेकर जश्न मनाते हुए कहा कि बजरंगबली के गदा में बहुत ताकत होती है और वें मयार्दा पुरुषोत्तम राम के सबसे बड़े भक्त हैं तो छद्म भक्तों को उन्होंने रास्ता दिखाने का काम किया है। इससे पूर्व सुबह से ही बड़े स्क्रीन पर चल रहे परिणामों के बाबत प्रदेश कांग्रेस के नेता उत्साहित नजर आएं और एक-दूसरे को लड्डू व मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस दौरान प्रदेश कार्यक्रम में खूब ढोल नगाड़ों के साथ अबीर गुलाल भी कार्यकताओं और नेताओं ने उड़ाया। जश्न मनाने वालों में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा मदन मोहन झा,पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, ,डा शकील अहमद खान, कौकब कादरी, प्रेमचन्द्र मिश्रा, डॉ अशोक कुमार अजय कुमार सिंह , राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, निर्मल वर्मा, लाल बाबू लाल, कपिलदेव प्रसाद यादव, प्रमोद कुमार सिंह, राज कुमार राजन, मुन्ना शाही, आनन्द माधव, असितनाथ तिवारी, आलोक हर्ष, ज्ञान रंजन, अमरेन्द्र सिंह, कुमार आशीष, चुन्नू सिंह, अनुराग चंदन, शशि कांत तिवारी,कमलदेव नारायण शुक्ला, संजीव कुमार कर्मवीर, सौरभ सिन्हा, शशि रंजन, डा आशुतोष शर्मा, डा संजय यादव, आसिफ गफूर ,सुधा मिश्रा, मधुरेन्द्र कुमार सिंह, रीता सिंह, मंजीत आनन्द साहू, उदय शंकर पटेल, सतेन्द्र कुमार सिंह ,दुर्गा प्रसाद, मोनी देवी पासवान, मो शाहनवाज, राजीव मेहता, अखिलेश्वर सिंह, राजनन्दन कुमार, विमलेश तिवारी, मृणाल अनामय, संतोष श्रीवास्तव ,वसी अख्तर , रवि गोल्डन , निधि पाण्डेय, रूमा सिंह, मोहन शर्मा, शरीफ रंगरेज, अनोखा देवी सहित सैंकड़ों नेतागण मौजूद रहें।

## डॉ अजय कुमार बने राजद के प्रदेश प्रवक्ता

पटना। डॉ अजय कुमार सिंह राजद के प्रदेश प्रवक्ता बने हैं। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देश पर प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने डॉ अजय कुमार सिंह, विधान पार्षद को राजद का बिहार प्रदेश का प्रवक्ता मनोनीत किया है। इस आशय की जानकारी राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने दी है। डॉ अजय कुमार सिंह को प्रवक्ता बनाये जाने पर राजद नेताओं ने बधाई देते हुए कहा है कि ये पार्टी के नीति, सिद्धांत और विचारों को आम जन तक पहुंचाने में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। इससे पार्टी को लाभ होगा।

## 2025 के मिशन पर काम कर रही पार्टी: शर्मा

पटना। 2025 में चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाने के लिए लोजपा रा अपने संगठन के मिशन पर काम कर रही है। पार्टी का लक्ष्य है, की संगठन से सरकार की ओर जायेंगे। इसी उद्देश्य से पार्टी का अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान जिलावार संगठन की समीक्षा सम्मेलन कर रहें है। जिला,प्रखंड, पंचायत में बनें संगठन का सत्यापन कर रहें है। आज बक्सर जिला के अम्बेडकर भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा,युवा लोजपा रा)के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान ने कहा कि बिहार को बचाना है और चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाना है तो पार्टी के एक-एक साथी को जीजान से संगठन बनायें। सरकार के विफलता को जनता के बीच लें जाये। 4 डिसमिल जमीन गरीबों को मिला या नही उसका सर्वे कराये। दलितों की हत्या होने पर सरकार ने आश्रित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की बात, 2 करोड़ भूमिहीन जो नदी,सड़क, पइन, नहर,तलाब पर बसे लोगों का पुनर्वास कराने की बात को मुख्य मुद्दा बनायें। सभा की अध्यक्षता एससी/एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पासवान ने किया और संचालन पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने किया। सम्मेलन को एससी/एसटी के प्रदेश महासचिव धनंजय पासवान, राजीव रंजन कुमार,पार्टी के प्रदेश महासचिव संजय पासवान, युवा लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नौशाद आलम, युवा जिलाध्यक्ष ओमजी मिश्रा ने सम्बोधित किया। उक्त आशय की जानकारी एससी/एसटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव कुमार ने दिया।

## जाति गणना को लेकर सभी विधायी कदम उठाने को सरकार तैयार: मंत्री

पटना। वित्त और संसदीय मामलों के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि सरकार जाति आधारित सर्वेक्षण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए ह्यह्यसभी विधायी और वैधानिक कदम उठाने को तैयार है। उल्लेखनीय है कि पटना उच्च न्यायालय ने हाल में बिहार में जातिगत सर्वेक्षण पर रोक लगा दी थी। बिहार के कहा कि सरकार ने इस महीने की शुरूआत में पटना उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश से उत्पन्न कई मुद्दों पर स्पष्टता के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। चौधरी ने बताया, ह्यह्यउच्च न्यायालय ने सर्वेक्षण करने से पहले, एक कानून पारित नहीं करने को लेकर सरकार से आपत्ति जताई है, हालांकि जातिगत जनगणना के पक्ष में विधायिका के दोनों सदनों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए थे। फैसले में यह भी कहा गया कि राज्य सरकार के पास इस तरह के कानून को पारित करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, इस प्रकार, अदालत की टिप्पणियों में एक विरोधाभास प्रतीत होता है। हम मामले की जल्द सुनवाई का अनुरोध करके संदेहों को शीघ्रता से दूर करना चाहते थे, जिसे जुलाई तक के लिए टाल दिया गया है। उच्च न्यायालय सहमत नहीं था, इसलिए हमने अब शीर्ष न्यायालय का रुख किया है। चौधरी को उच्च न्यायालय के आदेश में एक और बिंदु पर विरोधाभास दिखाई दिया, वह यह था कि सर्वेक्षण के तहत जुटाई गई जानकारी नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन कर सकती है। मंत्री ने पूछा, ह्यह्यउच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि राज्य सरकार इस कवायद के तहत उसी प्रकार की जानकारी एकत्र कर रही है जैसे कि केंद्र सरकार द्वारा जनगणना के दौरान की जाती है। अगर जनगणना नागरिकों की गोपनीयता का उल्लंघन नहीं करती है, तो हमारा सर्वेक्षण नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन कैसे कर सकता है।

## बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

- स्थल की बम स्क्वायड टीम ने की जांच, रखी जा रही पैनी नजर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी पटना से सटे नौबतपुर प्रखंड के तरेत पाली मठ में आयोजित बाबा बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर पटना जिला प्रशासन की तरफ से अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही आतंकी साजिश को लेकर पूरा जिला अलर्ट पर है। वहीं बम स्क्वायड की टीम ने बाबा कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और पूरे इलाके की जांच भी की। इस दौरान जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद थी। बाबा बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र शास्त्री के हनुमत कथा सुनने व बाबा के दर्शन के लिए पूरे देश और प्रदेश से उनके श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। पूरा इलाका भक्तिमय हो चुका है। बाबा के कार्यक्रम को लेकर तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे कार्यक्रम को लेकर सीसीटीवी कैमरे के जरीए निगरानी रखी जा रही है। बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर कई अधिकारी भी कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं पर नजरें गड़ाए हुए हैं। दानापुर एसडीएम प्रदीप कुमार सिंह, फुलवारी एएसपी भी मौके पर पहुंचे और कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र का जायजा लिया। वही दानापुर एसडीएम प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर पटना जिला प्रशासन के तरफ से अलर्ट जारी किया गया है।

**धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 5 दिनों तक करेंगे हनुमंत कथा :** राजधानी पटना के नौबतपुर में बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। वो नौबतपुर तरेत पाली मठ परिसर में 5 दिनों तक हनुमंत कथा और प्रवचन करेंगे। इस दौरान 24 घंटे लंगर का इंतजाम किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रांगण के बाहर 24 घंटे तक लंगर की व्यवस्था की गई है। लंगर में करीब 200 कारीगर लगे हुए हैं। श्री बागेश्वर फाउंडेशन के सदस्य ने जानकारीदी कि 7:00 बजे से लंगर की शुरूआत हो गई है जहां पर लाखों श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं लंगर में भोजन तैयार करने के लिए एक शिफ्ट में 200 कारीगर काम कर रहे हैं। तरह-तरह के व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज शनिवार को खिचड़ी का खास महत्व होता है। आज लंगर में खिचड़ी खिलाया जा रहा है। खिचड़ी में आलू मटर और पनीर मिलाकर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यहां पर लंगर की व्यवस्था तो है। साथ ही आसपास के गांव के लोगों में इतनी उत्साह है कि लोग अपने घरों में भी श्रद्धालुओं को ठहरने और खाने की व्यवस्था कर रहे हैं।

## नए समाहरणालय भवन परिसर का आयुक्त ने किया निरीक्षण, निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने का दिया निर्देश

# नया समाहरणालय भवन होगा स्थापत्य कला का एक उत्कृष्ट उदाहरण : आयुक्त

- बोलें- लगभग इस वित्तीय वर्ष के अंत तक नया समाहरणालय भवन तैयार हो जाएगा
- आधुनिक एवं प्रगतिशील बिहार की छवि प्रस्तुत करेगा
- भवन का डिजायन भूकंप-रोधी, समाहरणालय में बेसमेन्ट एवं भूतल के अलावा पाँच फ्लोर
- सोलर पैनल एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली से लैस रहेगा यह अत्याधुनिक भवन
- जिलेवासियों के लिए वन-स्टॉप सॉल्युशन: आयुक्त

पटना प्रमंडलीय आयुक्त सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने शनिवार को पटना समाहरणालय परिसर में नए समाहरणालय भवन का स्थलीय भ्रमण किया गया। उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य में भौतिक प्रगति का जायजा लिया। आयुक्त ने पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया। आयुक्त ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को त्वरित गति से निर्माण कार्य करने का निदेश दिया है। साथ ही उन्होंने सम्बद्ध एजेंसी को भी तत्परता से कार्य करने को कहा है। कहा कि फ्लोरवाईज टाइमलाईन के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण करें। कहा कि गंगा नदी के किनारे अवस्थित यह परिसर स्थापत्य कला का एक उत्कृष्ट उदाहरण होगा। उच्च तकनीकों पर आधारित एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह भवन निर्माण के बाद राज्य की राजधानी में एक महत्वपूर्ण केन्द्र होगा। जिलेवासियों के लिए यह वन-स्टॉप सॉल्युशन का काम करेगा। एक छत के नीचे जिला प्रशासन के सभी कार्यालय अवस्थित रहेंगे। इससे कार्य-संस्कृति और सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को अधिक सुगमता से सेवा प्रदान की जा सकेगी।

इससे पहले जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने आयुक्त को बताया कि समय-सीमा के अंदर इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि इसका निर्माण भवन निर्माण विभाग के निर्माण प्रमंडल-1 द्वारा किया जा रहा है। भू-खण्ड का क्षेत्रफल 43,454 वर्ग मीटर है। कुल बिल्ट-अप एरिया 38,812 वर्ग मीटर है। एग्रीमेन्ट मूल्य 153 करोड़, 53 लाख, 14 हजार एवं 509 रुपये है। आयुक्त रवि के निर्देश पर निर्माण कार्य 18 मई, 2022 को प्रारंभ किया गया। एकरारनामा के अनुसार निर्माण कार्य की पूर्णता अवधि 25 महीने (जून, 2024) है। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि इससे पहले जिलेवासियों को यह सौगात मिलेगा। लक्ष्य रखा गया है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए। इसके लिए सारी कोशिश की जा रही है। विदित हो कि प्रस्तावित नए समाहरणालय भवन परिसर के उत्तर मे गंगा नदी एवं दक्षिण में गाँधी मैदान है। इसका डिजायन विद्यमान एवं आधुनिक वास्तुशैली का सरलीकृत मेल है। मुख्य भवन में 39 विभाग संचालित होगा। समाहरणालय में बेसमेन्ट एवं भूतल के अलावा पाँच फ्लोर होगा। सबसे ऊपरी तल पर जिला पदाधिकारी का प्रकोष्ठ रहेगा। केन्द्रीय समाहरणालय भवन के अतिरिक्त परिसर में दो और ब्लॉक- एसडीओ एवं डीडीसी ब्लॉक तथा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ऑफिस एवं बहुउपयोगी भवन ब्लॉक रहेगा। एसडीओ एवं डीडीसी ब्लॉक में बेसमेन्ट एवं भूतल के अलावा चार फ्लोर होगा।

सभी विभागों का अलग-अलग प्रवेश रहेगा। परिसर में एक केन्द्रीय हरित पब्लिक प्लाजा भी होगा। अंडरग्राउण्ड एवं खुला पार्किंग भी रहेगा। पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश एवं हवा की सुविधा रहेगी। भवन वीआरवी प्रणाली आधारित केन्द्रीकृत एयर कंडिशनर से लैस रहेगा। कैन्टीन एवं बैंक की भी सुविधा रहेगी।

**205 ओपेन पार्किंग एवं लगभग 240 बेसमेन्ट पार्किंग की सुविधा :** प्रस्तावित नया समाहरणालय भवन परिसर में लगभग 205 ओपेन पार्किंग एवं लगभग 240 बेसमेन्ट पार्किंग की सुविधा रहेगी। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से इस परिसर में उत्कृष्ट मापदण्डों का अनुपालन किया जाएगा। सीसीटीवी सर्विलैन्स, अत्याधुनिक अग्नि सुरक्षा तंत्र, प्रवेश-निकास कन्ट्रोल, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, भूकम्प रोधी संरचना तथा आपातकालीन स्थिति में व्यवस्थित निकासी की सुविधा से यह भवन लैस रहेगा। 200 से 225 की संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगा रहेगा। 200 लोगों के बैठने के लिए एक कॉन्फ्रेन्स रूम, 80 लोगों के लिए दूसरा कॉन्फ्रेन्स रूम तथा 40 लोगों के लिए एक अन्य कॉन्फ्रेन्स रूम रहेगा। सभी कॉन्फ्रेन्स रूम प्रोजेक्टर एवं ऑडियो-विजुअल प्रणाली से सुसज्जित रहेगा। परिसर में चार उद्यान रहेगा जिसका कुल हरित क्षेत्र लगभग 3,484 वर्गमीटर होगा। मानदण्डों के अनुसार रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा ऊर्जा संरक्षण हेतु सोलर पैनल अधिष्ठापित की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि विकास के प्रति सरकार का दृष्टिकोण मानवीय एवं पर्यावरण के अनुकूल है। इस भवन के निर्माण से आम जनता को सर्वोत्तम सुविधाएँ प्राप्त होंगी। आयुक्त रवि ने संबंधित अधिकारियों को प्रदत्त निदेशों का त्वरित एवं तत्परता से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

इस अवसर पर आयुक्त के साथ पटना जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, उप विकास आयुक्त तनय सुलतानिया, विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन मनोरंजन कुमार एवं अन्य भी उपस्थित थे।

## नीरा आम लोगों के लिए पौष्टिक प्राकृतिक पेय: जिलाधिकारी

- प्रतिदिन औसतन 10 से 12 हजार लीटर नीरा की बिक्री हो रही है: डीएम
- अब तक 2,19,036 लीटर नीरा की बिक्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना के जलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने शनिवार को गांधी मैदान बिस्कोमान भवन के नजदीक स्थायी नीरा विपणन क्रय केन्द्र का उद्घाटन किया गया। उन्होंने जीविका दीदियों से वार्ता की तथा उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य व्यक्तियों के साथ अमृत-तुल्य रस नीरा का स्वाद चखा। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि नीरा स्वास्थ्यवर्धक एवं पौष्टिक प्राकृतिक पेय है। यह सभी उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है। सरकार के निदेशानुसार नीरा उत्पाद को बढ़ावा देने एवं जीविका से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नीरा बिक्री केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। बिस्कोमान के नजदीक स्थित यह कैफे जिले का 216वां बिक्री केन्द्र है। आगे भी इन केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि नीरा कैफे के माध्यम से नीरा पेय के अतिरिक्त नीरा से बने विभिन्न उत्पाद जैसे-न

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट और छेड़खानी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महथी सोनवारचक निवासी चंद्रशेखर कुमार की पत्नी प्रेमलता देवी ने मारपीट एवं छेड़खानी का प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें ललित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विमलेश कुमार सिंह को नामजद एवं दो तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़िता ने बताया है कि 7 मई को वह अपने पति के साथ रोसड़ा से अपने घर सोनवार चक मोटरसाइकिल से आ रही थी। तभी महथी पुल पार करते ही उपर्युक्त नामित लोगों ने उनकी गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। जिसमें वह दोनों गाड़ी से गिर गए। उसके बाद उन लोगों ने उनके साथ छेड़खानी की और मारपीट की। इस दौरान लोगों ने उनके पति के जेब से जबरन पांच हजार रुपए एवं उनके गले से सोने का चेन छीन लिया।

### पस्तौल के बट से मारकर किया जख्मी, प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के आलमपुर वार्ड सात निवासी विक्की कुमार गिरी की पत्नी मंजनी देवी ने पिस्तौल के बट से मारपीट कर जख्मी कर देने की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें गांव के ही राजा कुमार गिरी, संतोष साह, प्रमोद गिरी, राजू गिरी को नामजद एवं चार-पांच अज्ञात को आरोपित किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़िता ने बताया है कि एक मई को उपर्युक्त नामित व अज्ञात उनके घर मे घुसकर उनके पति को खोजने लगे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर पिस्तौल के बट से मारकर जख्मी कर दिया। उनलोगों ने उन्हें बे-नग्न करते हुए गले से सोने का चेन छीन लिया। जिसकी लिखित शिकायत पुलिस से की गई। पुनः 2 मई की रात्री राजा, प्रमोद, राजू आये और जान मारने के नियत से उनके पति के उपर गोली चला दी। जिसमे उनके पति बाल-बाल बच गए। तत्काल पुलिस को सूचना देने पर पुलिस पूछताछ कर चले गई। चार मई को वह पति के साथ इस आशय की शिकायत आवेदन में कहा है कि वह अपने घर लौट रहे थे तभी दाहु चौक के आगे चिमनी के निकट पुलिया के पास सभी नामित लोगों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडे एवं पिस्तौल के बट से मारकर उनके पति को भी जख्मी कर दिया।

### सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में पीसी हाईस्कूल पटसा के छात्रों ने लहराया परचम

हसनपुर पीसी हाई स्कूल पटसा के छात्रों ने सीबीएसई द्वारा 12वीं का परीक्षा फल घोषित होते ही जहां विद्यालय का मान बढ़ाया है। वहीं मंजिले उन्ही को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है को सच कर दिखाया। सीबीएसई द्वारा प्रकाशित परीक्षाफल के आधार पर 7 छात्रों ने 90 फीसदी के ऊपर, 16 छात्रों ने 80 फीसदी के ऊपर जबकि शेष छात्रों ने 65 फीसदी से 80 फीसदी के बीच अंक प्राप्त किया। छात्र अर्जुन कुमार ने विद्यालय में सर्वाधिक 94 फीसदी, आदित्य कुमार 91 फीसदी, अभिनव कुमार महतो 91 फीसदी, पीयूष कुमार भारतीया 89 फीसदी, कृष्णा सत्यम 89 फीसदी, शिवम कुमार 86 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय ही नहीं जिले को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के निदेशक राम किशोर राय ने परीक्षा फल पर खुशी जाहिर करते हुए सभी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षाफल को शिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन एवं छात्रों का परिश्रम का परिणाम बताया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य संजीत कुमार सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। आशा है कि आप सभी जीवन में उच्चतम स्थान प्राप्त करेंगे।

### रणधीर कुमार को बनाया गया जदयू का जिला सचिव, कार्यकताओं ने दी बधाई

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के खास टभका उत्तर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एंव छात्र जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष रंधीर कुमार राय को जनता दल यूनाईटेड का जिला सचिव मनोयन पर विभूतिपुर खास कर युवा वर्ग एंव जनता दल युनाईटेड के कार्यकताओं में खुशी की लहर है तथा जिला से लेकर प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया। बधाई देने वालों में विशाल कुमार राय, संतोष कुशवाहा, अमर राय, सत्यनारायण राय, राजीव मिश्र, सुधीर राम, दिगम्बर चौधरी, सुमंत कुमार, कुणाल कुमार राय व अन्य जदयू कार्यकर्ता शामिल हैं।

# शादी समारोह में हुई हर्ष फायरिंग की घटना में दो बच्चों को लगी गोली, एक की मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

रोक के बावजूद कुछ लोग शादी समारोह वगैरह में हर्ष फायरिंग करना अपनी शान समझते हैं। और उनके इसी तमंचे पे डिस्को के शान-ओ-शौकत के चक्कर में अन्य लोग हलकान हो रहे हैं। एक ऐसा ही मामला समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के चकनवादा गांव से सामने आया है। जहां आयोजित एक शादी समारोह में हुई हर्ष फायरिंग की घटना में गोली लगने से दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें गंभीर रूप से घायल एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि जिसके विरोध में लोगों ने करीब दो-तीन घंटे सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना के संबंध में बताया गया है कि दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के चकनवादा गांव के पास शुक्रवार की रात आयोजित शादी समारोह से संबंधित कार्यक्रम में डीजे पर नाचने के दौरान हुई हर्ष फायरिंग की घटना में अमन कुमार और अजीत कुमार नामक दो बच्चों को गोली लग गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन-फानन में परिजनों के द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि एक बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया गया है। जिसका बेगूसराय जिला स्थित किसी निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। वहीं, घायल दूसरे बच्चे की हाथ में गोली लगने की बात बताई गई है, जिसका इलाज कराया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## आरएमएस एनबी प्रमंडल के स्थानांतरण पर रोक लगाने को लेकर सांसद ने संचार मंत्री से किया आग्रह

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज ने समस्तीपुर रेल डाक सेवा के एनबी प्रमंडल मुख्यालय को समस्तीपुर से बरौनी स्थानांतरण के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से रोकने को लेकर भारत सरकार के संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया है। उन्होंने पत्र लिखकर शीघ्र इस प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से रोकने का आग्रह किया है। इस पत्र से पूर्व सांसद के निदेर्शानुसार उनके निजी सचिव ने इस विषय पर चीफ पोस्ट मास्टर जनरल पटना से टेलीफोन से बात की थी। वहीं, जिस पर सीपीएमजी ने इस विषय अनभिज्ञता जाहिर करते हुए अधीक्षक, रेल डाक सेवा एनबी मण्डल समस्तीपुर से बात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराने को कहा था। समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज के इस महत्वपूर्ण पहल पर रेल डाक सेवा एनबी प्रमंडल समस्तीपुर के कर्मचारियों स्थानीय लोगों एंव समाजिक कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं, सांसद प्रिंस राज के प्रति रालोजपा कार्यकताओं ने इस जनहित के कार्य के लिए अभार प्रकट किया है। जिसमें रालोजपा जिलाध्यक्ष विनय चौधरी, जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, जिला मिडिया प्रभारी उमाशंकर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रामबदन राय, धीरज ठाकुर, रिता पासवान, मुरारी तिवारी, ऋषि सिंह, राजा पासवान, बंटी जयसवाल, मायाशकर प्रसाद, मनोज कुमार एवं अरविंद पासवान व अन्य शामिल हैं।

## सीबीएसई बोर्ड में नैंसी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड का मान किया ऊंचा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत डुमरा मोहन पंचायत के वार्ड नंबर 4 डुमरा मोहन निवासी भोला मंडल के पोती एवं राजेश कुमार के पुत्री नैंसी कुमारी ने सीबीएसई के बोर्ड में 94 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने प्रखंड जिला का नाम रोशन करते हुए, अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। नैंसी भविष्य यूपीएससी को टारगेट कर तैयारी कर रही है। नैंसी की सफलता पर समाजसेवी प्रशासनिक पदाधिकारी एसडीएम ललित कुमार सिंह, डुमरा मोहन मुखिया सुनैना देवी, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, ने शुभकामनाएं दी है। वहीं, शुभकामना देने वालों में पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, विकेश कुमार, डॉ संदीप कुमार राम, पुनीत सिंह, अविनाश कुमार, वीरेंद्र कुमार और बिरजू, प्रभु नारायण, मुखिया सुनैना देवी, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, राज नारायण सिंह, अवधेश कुमार, देवनारायण सिंह, सतनारायण सिंह, महादेव प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार आदि शामिल हैं।

### खानपुर थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। खानपुर थाना परिसर में अंचलधिकारी रंजन कुमार दिवाकर की अध्यक्षता एवं थानाध्यक्ष बिपिन कुमार की उपस्थिति में थाना क्षेत्र से आये भूमि संबंधी मामलों के समाधान को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें लंबित छह और एक नए मामलों में से तीन मामलों का ऑन स्पॉट समाधान किया गया। वहीं, शेष बचे चार मामले के समाधान को लेकर अगली तारीख दी गई है। मौके पर अंचल लिपिक पवन व अन्य मौजूद थे।

## बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरण समारोह आयोजित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बीडीओ राहुल कुमार के नेतृत्व में बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन उप विकास आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दिव्यांग सुनीता, दिव्यांग अशमतीखातून एवं सजीता के द्वारा संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ देकर डीडीसी का स्वागत किया गया। अवसर पर दिव्यांग छात्राएं ईयाशमीन प्रवीण, पिंकी, छोटी, रिंकू कुमारी के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। हम होंगे कामयाब एक दिन गाने के साथ सभी दिव्यांग गायकों ने दिव्यांग सशक्तिकरण कार्यक्रम को सफल बनाया। इसके अलावा दिव्यांग मसूद आलम ने देशभक्ति गाने प्रस्तुत किये मौजूद लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में 16 लाभुकों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। गौरतलब है कि प्रखंड समस्तीपुर में सर्वाधिक 140 लाभुकों का अब तक ऑनलाइन आवेदन करवाया जा चुका है जो जिला में सर्वाधिक है। बीडीओ राहुल कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने सभी लोगों से अनुरोध किया कि जितने भी 60 फीसदी दिव्यांगता वाले लोग हैं उन्हें या प्रखंड कार्यालय में जानकारी दें। बैटरी चालित ट्राईसाईकिल दिव्यांग लोगों को आत्मनिर्भर बनाने आत्मसम्मान व आत्मनिर्भर बनकर जीने का एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो अपने छोटे-छोटे काम के लिए दूसरे पर निर्भर थे अब वह अपनाकाम घर पर बताकर खुद जाकर करेंगे। इससे परिवार वह समाज में उनके प्रति लोगों की सोच बदलेगी। और दिव्यांग लोगों के जीवन पद्धति बदलेगी सांवरेगी। साथ ही दिव्यांग जनों से जुड़े सरकार की सभी योजनाओं के बारे में एंव सभी समेकित योजना का बैनर फ्लेक्सी बनाकर इसे प्रचारित व जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि दिव्यांग विवाह पेंशन, श्रम संसाधन विभाग की योजना आदि मतदान में कोई मतदाता न छूटे के तहत दिव्यांग जनों से संबंधित रंगोली बनाया गया और बैनर के माध्यम से जागरूक भी किया गया। साथ ही सफल और इतिहास रचने वाले दिव्यांग जनों का फ्लेक्सी बनाकर प्रखंड कार्यालय में लगाया गया ताकि दूसरे दिव्यांगजन भी इन से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को सहारा दीजिए दिव्यांग जनों का जीवन सवारिए कार्यक्रम में अंचलाधिकारी विनय, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी रितेश कुमार, पर्यवेक्षक कीर्ति कुमारी सहित सभी पंचायत के मुखिया जनप्रतिनिधि और प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत, मृतका की मां ने लगाया हत्या का आरोप

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन थाना क्षेत्र के सरायरंजन डीह में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मृतका की मां ने सदर डीएसपी एवं पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मृतका की पहचान गांव निवासी सोनू गिरि की पत्नी स्मिता (24) के रूप में की गई है। आवेदन में वैशाली जिले के देसरी थाना अंतर्गत स्व० नंदकिशोर गिरि की पत्नी महासुंदरी देवी ने कहा है कि 2016 में उसने अपनी पुत्री स्मिता की शादी सरायरंजन थाना क्षेत्र के सरायरंजन डीह निवासी चंदेश्वर गिरि के पुत्र सोनू गिरि के साथ की थी। शादी के पश्चात उनकी पुत्री का दांपत्य जीवन छह माह तक सुखद रहा। उसके बाद ससुराल वालों ने उनकी पुत्री को दहेज एक बाइक एवं 50 हजार रुपए की मांग करने लगे। इस बीच विवाहिता ने दो पुत्रों को जन्म दिया। बताया गया कि उसका बड़ा पुत्र ढाई वर्ष का और छोटा पुत्र एक माह उम्र का है। इधर, शुक्रवार की सुबह ससुराल वालों ने सुनियोजित तरीके से उनकी पुत्री की निर्मम हत्या कर दी। गांव वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। पर थाने में थानेदार ने प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार कर दिया। विवश होकर मृतका की मां ने सदर डीएसपी एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोपित लोगों में मृतका के ससुर चंदेश्वर गिरि, उनकी पत्नी शीला देवी, अनिल कुमार गिरि एवं उनकी पत्नी नीलम देवी के नाम शामिल हैं।

## समस्तीपुर नगर थाना पुलिस ने किया मोबाइल स्नैचस गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर नगर थाना पुलिस ने बीते 9 मई को थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वर्ग होटल रामबाबू चौक के पास हुई मोबाइल छिनतई की घटना का 13 मई को उद्भेदन कर दिया और साथ ही मोबाइल स्नेचिंग गिरोह का भी पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में मोबाइल छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के चार स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से स्नैचिंग किया गया एक एंड्राइड मोबाइल फोन भी बरामद किया है। गिरफ्तार मोबाइल स्नैचरों की पहचान किशनगंज जिले के किशनगंज थाना क्षेत्र के किशनगंज टेघरा निवासी इसराइल के पुत्र और वर्तमान में जिले के मथुरापुर ओपी क्षेत्र के अकबरपुर में रहने वाले शान अली, मथुरापुर ओपी के अकबरपुर पितौझीया वार्ड नंबर 14 निवासी बिरजू राय के पुत्र सुनील कुमार एवं मथुरापुर वार्ड नंबर 13 निवासी व मो० फिरोज अली के पुत्र मो० बादशाह एवं नगर थाना क्षेत्र के मगरदही नुनफोर टोल निवासी सुनील साह के पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। बताया कि सुनील कुमार पहले भी मुफ्फसिल थाना से आर्म्स एक्ट और मथुरापुर ओपी अंतर्गत हुए एटीएम चोरी मामले में जेल जा चुका है। इसको लेकर शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय समस्तीपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि बीते 9 मई को नगर थाना क्षेत्र के स्वर्ग होटल रामबाबू चौक के पास मोबाइल स्नैचर्स गिरोह के तीन सदस्यों के द्वारा अशोक कुमार नामक एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए उनका एंड्राइड मोबाइल फोन छीन लिया गया था। जिसके बाद पीड़ित अशोक कुमार के द्वारा नगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर थाने की पुलिस के द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना के तीन दिनों के अंदर मोबाइल छिनतई की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए मोबाइल स्नैचर्स गिरोह का भी खुलासा कर दिया गया है। पुलिस ने स्नैचरों के निजी आवासीय मकान पर छापेमारी करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस की छापेमारी टीम में नगर थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य, मथुरापुर ओपी अध्यक्ष मो० खुशबूद्दीन, डीआईयू शाखा से एसआई अनिल कुमार, नगर थाना से पीएसआई अमर, पीएसआई परवीन, मथुरापुर ओपी से एसआई अश्वत्थामा, एसआई प्रताप कुमार सिंह, एसआई राजन कुमार, एसआई सनी कुमार मौसम एवं डीआईयू शाखा से सिपाही अखिलेश कुमार शामिल थे।

## पुनः इस साल कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा में लहराए परचम

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित 12 वीं एवं 10 वीं की परीक्षा में स्थानीय शहर स्थित कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के छात्र- छात्राओं के द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया है। हर साल की तरह बेहतर रिजल्ट देने की परंपरा को जारी रखते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा दोनों ही वर्ग में बेहतर परिणाम दिया गया है। विद्यालय के प्राचार्य देवेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि 12 वीं की परीक्षा में कुल 90 प्रतिशत छात्र उर्तीण हुए है। जिसमें 12वीं के छात्र देव कुमार को 89.8 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि 9 बच्चों को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए है। वहीं 64 बच्चों को प्रथम श्रेणी प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार 10 वीं में विद्यालय के शत-प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है। 10 वीं में 96.4 अंक के साथ गौतम कुमार को पहला स्थान मिला है, जबकि 15 बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए है और वहीं 99 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों में अनुष्का अग्रवाल, आयुषी साह, जासमिन कुमारी साह, नीशा कुमारी, गौतम कुमार, अभिजीत कुमार, आदित्य कुमार सिंह, पियुष कुमार, श्रृति कुमारी, आस्था गिरी सहित अन्य शामिल है। विद्यालय के निदेशक विकास गिरी ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को बहुत सारी शुभकामनाएं है। हम उम्मीद करते है कि सभी बच्चें अपने बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन को आगे भी जारी रखेगें। साथ ही, उन्होंने इस परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के सभी सदस्यों को भी बधाई दी है। इधर, बच्चों के बेहतर परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करने वालों में उप प्राचार्य सर्वेश कुमार पाण्डेय, शिक्षक संजय कुमार, धीरज कुमार, प्रभात रंजन मिश्र, डॉ शशिरंजन सिंह कुशवाहा, दिलीप कुमार कुशवाहा, नवमी कांत मणी शुक्ला, कमलेश पटेल, संदीप सागर, नुतन लाल दास, रंजना सागर सहित अन्य शामिल है।

## समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। जिनमें मातृ स्वास्थ्य शिशु स्वास्थ्य ई टेलीमेडिसिन गैर संचारी रोग नेशनल टोबैको कंट्रोल प्रोग्राम, आयुष्मान भारत योजना और मिजेल्स रुबेला सहित अन्य मामले शामिल थे। उन्होंने दिनांक 28 मई से 01 जून 2023 तक चलाए जाने वाले पल्स पोलियो अभियान को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए समय से वैक्सीन का उठाव, सही आइस पैक का उपयोग, उचित माइक्रोप्लानिंग, टीकाकर्मी और सुपरवाइजर का प्रशिक्षण के साथ साथ सतत अनुश्रवण पर बल दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले में अनुमंडल स्तर पर पोस्टमार्टम किए जाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, उन्होंने चिकित्सकों द्वारा दिए जाने वाले इंजरी रिपोर्ट को टाइप करवा कर भेजने के निर्देश दिए हैं। ताकि, पूर्ण स्पष्टता प्रदर्शित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी इंजरी रिपोर्ट पर चिकित्सक का पूरा नाम, पद नाम और मोबाइल नंबर अचूक रूप से अंकित होना चाहिए।उन्होंने कहा कि ग्रास रूट लेवल से डेटा का समय से प्रेषित किया जाना आवश्यक है। ताकि उन्हें ऑनलाइन अपलोड किया जा सके। ऐसे में आशा कार्यकताओं द्वारा प्रेषित किए जा रहे डेटा का समय से प्रेषण सुनिश्चित किया जाए। किसी आशा कार्यकर्ता द्वारा पंजीयों का ठीक प्रकार संधारण न कर कार्य में लापरवाही बरती जाती हो तो उनके मानदेय में कटौती की जाए। उन्होंने अस्पतालों में मेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण को लेकर निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लू के मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए समय का अनुपालन अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में यथा संभव लू के मरीजों को प्रखंड स्तरीय अस्पतालों में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। आवश्यकता होने पर ही उन्हें जिला मुख्यालय में रेफर किया जाए।जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जिलास्तरीय पदाधिकारी अपने अपने संभाग से संबंधित मामलों की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक किया करें। ताकि कार्य में अपेक्षित प्रगति हासिल की जा सके। उन्होंने कहा कि हमें अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाना है। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से अपने संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं में और भी सुधार लाने की अपेक्षा प्रकट की। उन्होंने जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिए जाने पर भी बल दिया। उक्त बैठक में सिविल सर्जन डॉ ऋषिकांत पांडेय, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ आर के सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ विश्वकर्मा, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक, पंकज कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक उपस्थित थे।

## लूट की योजना बना रहे एक अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक फरार

### एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद, शराब माफिया के लिए करते थे वसूली का काम

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना पुलिस ने एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे क्राइम प्रिवेंशन अभियान के अंतर्गत 13 मई की अहले सुबह गुप्त सूचना के आधार पर लूट की योजना बना रहे एक अपराधी को एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के छेटबखरी मो० अजीम अंसारी के पुत्र मो० इकबाल अंसारीके रूप में हुई है। वहीं, बताया गया कि एक अपराधी मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। इसको लेकर शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय समस्तीपुर में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सदर डीएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि बीती रात्रि कल्याणपुर थाना के गश्ती दल को बरहेता चौक से चकहैदर जाने वाली मुख्य सड़क पर पुल के पास बाइक सवार दो अपराधियों के द्वारा लूट की योजना बनाए जाने के गुप्त सूचना मिली थी।

जिसके बाद कल्याणपुर थानाध्यक्ष गौतम कुमार के नेतृत्व में कल्याणपुर थाने की गश्ती टीम सूचना के सत्यापन को लेकर बताए गए जगह पर पहुंची। वहीं, पुलिस को पहुंचता देख दोनों अपराधी बाइक लेकर भागने लगे। पुलिस टीम के द्वारा पीछा कर भट्ठी चौक के पास एक अपराधी को पकड़ लिया गया। वहीं, दूसरा अपराधी फरार होने में कामयाब रहा। गिरफ्तार अपराधी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

सदर डीएसपी ने बताया कि फरार होने वाले अपराधी की पहचान पुलिस के द्वारा कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी मो० इकबाल शहर पुलिस के द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह पाया गया कि उसका तार थाना क्षेत्र के चकहैदर निवासी शराब माफिया प्रभात चौधरी के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि मो० इकबाल और उसका फरार साथी शराब कारोबारियों से रुपए वसूली कर प्रभात चौधरी तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। पुलिस की छापेमारी टीम में कल्याणपुर थानाध्यक्ष गौतम कुमार, एसआई प्रिया कुमारी, एएसआई रविशंकर पांडे, एसआई मुकेश कुमार एवं थाना के रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## लायंस क्लब द्वारा एसडीएम एवं एसडीपीओ को किया गया सम्मानित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा, कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, उपाध्यक्ष लायन गणेश धनोठिया एवं क्लब डायरेक्टर लायन विमल सर्राफ ने अनुमंडल पदाधिकारी रविकांत कुमार सिन्हा एवं अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक धीरेंद्र कुमार जी से एक औपचारिक एवं शिष्टाचार मुलाकात की। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक को पुष्प गुच्छ एवं लायंस इंटरनेशनल का प्रतीक चिन्ह लेबल पिन लगा कर स्वागत एवं सम्मानित किया। पिछले सराहनीय कार्य से प्रेरित होकर लायंस क्लब ऑफ रक्सौल, डिस्ट्रिक्ट 322ई*एल के प्रतिनिधमंडल ने दोनों पदाधिकारियों को अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्धता एवं उत्साहवर्धन के लिए सम्मान पत्र देते हुए लायंस क्लब ने अपने सामाजिक कार्यो में अपनी सक्रियता से अवगत कराया।संबंधित पदाधिकारीगण भी रक्सौल शहर में फैले अव्यवस्था को बिभिन्न संगठनों के साथ सामंजस्य बैठा कर,दुरुस्त करने पर अपनी सक्रियता का पूर्ण भरोसा दिया। औपचारिक मुलाकात के पश्चात कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारियों का अध्यक्ष श्रीचौरसिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शराब बाइक के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

मधुबनी जिला के खजौली थाना पुलिस को शुक्रवार के दिन बाइक पर शराब की खेप गोबरौड़ा से राजनगर जाने की गुप्त सूचना मिली. सूचना पुष्टी को खजौली प्रशिक्षु दरोगा जितेंद्र कुमार मिश्र अपने दल बल के साथ चतरा शिव मंदिर के पास पहुंचे तो बाइक पर सवार एक युवक के पीछ पर बैग था, जिसे रोककर तलाशी ली गई. जिसमें उसके बाइक से 110 बोतल नेपाली देशी शराब पाया, पुलिस से वाहन, शराब सहित शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार युवक भरिया विशनपुर गावं निवासी नितीश कुमार को शनिवार के दिन जेल भेज दिया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 96 आपराधिक मामलों का हुआ निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित बलिया व्यवहार न्यायालय एवं अनुमंडल पदाधिकारी के कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें बलिया मुंसिफ लक्ष्मीनाथ के न्यायालय में आपराधिक वाद से संबंधित 25 मामले, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी देवराज के न्यायालय में 26 मामले एवं अनुमंडल पदाधिकारी रोहित कुमार के कोर्ट में धारा 107 से संबंधित 45 मामलों का निष्पादन हुआ। इस तरह व्यवहार न्यायालय एवं अनुमंडल कोर्ट मिलाकर कुल 96 मामलों का निष्पादन हुआ। लोक अदालत को लेकर इस बार बलिया में दो पीठ एवं एसडीएम कोर्ट में एक पीठ गठन किया गया था। जिसमें बलिया अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी देवराज, मुंसिफ लक्ष्मीनाथ एवं अनुमंडल पदाधिकारी रोहित कुमार शामिल थे। इस बार के राष्ट्रीय लोक अदाल

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट में महिला सहित तीन घायल

गोपालगंज। जिले के बरौली थाने के कोटवा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुयी मारपीट में महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो की मदद से घायल बाबूवंद यादव, तेतरी देवी और जितेन्द्र सिंह को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पंहुची पुलिस घायलो का बयान दर्ज कर मामले की जांच पडताल कर रही है।

### थावे में जनता दरबार में हुई छह मामलों की सुनवाई

गोपालगंज। जिले के थावे थाना परिसर में भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन को लेकर शनिवार को सीओ रजत कुमार वर्णवाल व थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र से संबंधित कुल छह मामलों की सुनवाई की गई। सीओ ने बताया कि जनता दरबार मे जमीन संबंधित छह मामले आए थे। जिसमे भूमि विवाद से संबधित दो मामलों का निपटारा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अन्य मामलों में दोनों पक्षो से जमीन संबंधित कागजात की मांग की गई है। जनता दरबार मे थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार, एसआई कृष्ण कुमार, एएसआई महावीर उरांव, सीआई इनरमल राम व कर्मचारी सफीक आलम सहित जमीनी विवाद से संबंधित पक्ष और विपक्ष के लोग शामिल थे।

### मुकदमा नही उठाने पर पांच लाख रंगदारी की मांग

गोपालगंज। जिले के थावे थाना क्षेत्र के विदेशीटोला गांव के कुँवर प्रसाद ने थाने में आवेदन देकर गांव के ही निर्मल कुमार उर्फ विक्की पर आरोप लगाया है कि पूर्व में किए गए मुकदमा को उठाने का दबाव बनाया जा रहा है। मुकदमा नही उठाने पर पांच लाख रुपए रंगदारी की मांग की जा रही है। रंगदारी नही देने पर दोनो पुत्रों की हत्या करने की धमकी दी जा रही है। पुलिस पीडित के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में दोषियो पर कडी कारवाई की जाएगी।

### प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

गोपालगंज। जिले के बरौली प्रखंड के नेउरी बाजार स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा जिधर से होकर गुजरी उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिव मंदिर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों में उत्साह दिखा। इस महायज्ञ को लेकर निकलने वाली कलश यात्रा में शामिल होने के लिए शनिवार की सुबह से ही ग्रामीण मंदिर परिसर पहुंचने लगे। दिन के दस बजे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से निकली यह कलश यात्रा जाफर टोला, रतनसराय, बलुआ टोला होते हुए नेउरी मठ पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में गंडक नदी का जल भरा गया। यहां से कलश यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। जहां जलाभिषेक के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

### 5वीं बिहार स्टेट कराटे चैंपियनशिप के लिए सारण की टीम रवाना

छपरा। पटना में आयोजित 5वीं बिहार स्टेट कराटे चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए सारण जिले की 11 सदस्यीय टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से किया गया। चयनित टीम सेंसई अनिल कार्की के नेतृत्व में शनिवार को पटना के लिए रवाना हो गई। टीम में आकृति राज सिंह, आर्यण राज सिंह, रिशु राज, आस्था कुमारी, रिम्मी कुमारी, शुभम कुमार, प्रकाश कुमार, पियूष कुमार, कृष्णा, रीना कुमारी शामिल है। सारण की टीम कराटे की दोनों स्पर्धा कुमिते एवं काता में सारण जिले का नेतृत्व करेगी। बताते चलें कि प्रतियोगिता का आयोजन 13-14 मई को पटना सिटि के हितैषी पुस्तकालय परिसर में होना है। प्रतियोगिता में बिहार के लगभग 18 जिलों के 200 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### कर्नाटक की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेसी नेताओं ने मनाया जश्न

छपरा। कर्नाटक विधान सभा चुनाव परिणाम घोषित किए जाने व कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत होने पर जिला के सभी प्रखंडो मे एवं जिला मुख्यालय के नगरपालिका चैक पर जीत का जश्न कांग्रेस नेताओ द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओ ने एक दुसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष और नेताओ द्वारा मिठाईया बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ कामेश्वर प्रसाद सिंह ने इस जीत के लिए कर्नाटक की जनता को बधाई और शुभकामनाए दी है। जिलाध्यक्ष डॉ सिंह ने कहा कि कर्नाटक चुनाव परिणाम का प्रभाव राष्ट्रीय स्तर पर होगा और इसी तरह लोक सभा के चुनाव मे भी भाजपा का सफाया होगा।

# राशन कार्ड को आधार से जोड़ने को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

राशन कार्ड को आधार से लिंक कराने को लेकर युद्ध स्तर पर सिडिंग का कार्य चल रहा है। सिडिंग के काम में तेजी लाने के उद्देश्य से शनिवार को उचकागांव प्रखंड मुख्यालय पर जागरूकता रैली निकाली गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पूर्णेन्दू कुमार पूर्ण ने जागरूकता वाहन को रवाना किया।

वाहन पर ध्वनि विस्तारक यंत्र के द्वारा लोगों को यह बताया जा रहा है कि राशन कार्ड को 30 जून तक हर हाल में आधार से लिंक करा लें अन्यथा राशन कार्ड रद्द हो जाएगा। रैली के बाद के एमओ ने सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ एक बैठक की। इस दौरान डीलरों को निर्देश दिया गया कि ऐसे लोग जिनका नाम राशन कार्ड में है और उनका आधार कार्ड मैच नहीं कर रहा है, इस कारण उन्हें सहायता नहीं मिल पा रही है। ऐसे लोगों के आधार कार्ड को राशन कार्ड से अविलंब जुड़वाया जाए। ताकि लोगों को नियमित रूप से राशन मिलता रहे। एमओ ने कहा कि डीलर अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी एवं गंभीरतापूर्वक करें, ताकि समय पूर्व सिडिंग का काम पूरा किया जा सकें। उन्होंने डीलरों को सख्त हिदायत दी है कि अगर किसी भी डीलर के द्वारा आधार सिडिंग में लापरवाही बरती गई तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिडिंग का काम पूरी तरह निःशुल्क है जिसको डीलर द्वारा करना है। मौके पर डीलर सतीश पांडेय, गुड्डू राय, ललन सिंह, मुन्द्रिका प्रसाद, रंजीत यादव, स्वामीनाथ यादव, रामाधार राम, जयश्री राम, रामसूरत राम, गोविन्द यादव, राम एकबाल राय, अनिल राम आदि थे।

## मिनी ट्रक व लग्जरी कार से विदेशी शराब जप्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया थाने की पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम एक गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के बथुआ बाजार-मीरगंज मुख्य पथ अंतर्गत माड़ीपुर बाजार के समीप से होकर गुजरी हथुआ शाखा नहर पुल के पास वाहन जांच के क्रम में एक मिनी ट्रक व एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ-साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने बताया कि थाने में पदस्थापित एसआई सुनील कुमार पुलिस बल के जवानों के साथ वाहन जांच के दौरान यह बड़ी करवाई किया है। उन्होंने बताया कि विदेशी शराब से भरी मिनी ट्रक तथा लग्जरी कार को थाना परिसर लाया गया। साथ ही गिरफ्तार तीनों तस्करों को भी थाना परिसर लाया गया। थाना परिसर में मिनी ट्रक लग्जरी कार को खोलकर देखा गया तो ट्रक में था खाना बनाकर शराब की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि शराब से भरी दोनों वाहनों में रखे गए विदेशी शराब की गिनती की गई। जिसमें 946 बोतल अलग-अलग ब्रांड के विदेशी शराब पाई गई। पुलिस ने मिनी ट्रक तथा लग्जरी कार के अलावे गिरफ्तार तीनों तस्करों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज कर शनिवार को पुलिस अभिरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया है।

## फुलवरिया में हथियार के बल पर नौवीं कक्षा के छात्र का अपहरण

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया में अपराधियों ने शुक्रवार की रात हथियार के बल पर नौवीं कक्षा के एक छात्र को अगवा कर लिया। यह घटना उस समय घटित हुई जब छात्र खाना खाकर लघुशंका करने के लिए घर से जब बाहर निकला था। छात्र जैसे ही घर से बाहर निकला कि हथियार के बल पर अपराधियों ने उसे अगवा कर लेकर चले गए। छात्र काफी देर तक घर के अंदर वापस नहीं आया तो परिजनों ने पहले खुद से खोजबीन शुरू की। इसके बाद भी छात्र का कहीं पता नहीं चला तो परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद व थाने में पदस्थापित एसआई सुनील कुमार पुलिस बल के जवानों के साथ बथुआ बाजार स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। जहां छात्र के परिजनों ने छात्र के गायब होने की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस रात भर छात्र की खोजबीन में जुटी रही। हालांकि पूरी रात पुलिस के द्वारा खोजबीन के बाद छात्र का कहीं से कोई सुराग नहीं मिल सका, लेकिन पुलिस तलाश जारी रखी। शनिवार की दोपहर पुलिसिया दबिश के कारण अपहताओं ने छात्र को बथुआ बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप मुख्य पथ पर छोड़कर फरार हो गए। इसकी सूचना पर थाने में पदस्थापित एसआई सुनील कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और छात्र को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस छात्र को थाने ले जाकर अगवा होने को लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं छात्र के सकुशल बरामदगी पर परिजनों ने राहत की सांस लिया। सकुशल बरामद किए गए छात्र बथुआ बाजार के निवासी व उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालेपुर के शिक्षक विजय कुमार चैधरी का 15 वर्षीय पुत्र गोलू उर्फ सावंत के रूप में पहचान की गई है। छात्र बथुआ बाजार स्थित सहयोगी उच्च विद्यालय का नौवी कक्षा का छात्र है। छात्र के लापता होने के बाद मां मानती देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

## डीएम ने मांझा प्रखंड कार्यालय सहित सभी विभागों का किया औचक निरीक्षण

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी ने शनिवार को मांझा प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। डीएम के निरीक्षण से प्रखंड व अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। डीएम ने प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण के उपरांत चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की।

इस दरम्यान डीएम ने बाढ़ से पूर्व तैयारी, सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को धरातल पर लाने का निर्देश दिया। डीएम ने प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अंचल कार्यालय, आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ विभाग सहित सभी विभागों की जांच की। जांच के दौरान गड़बड़ी मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को फटकार मिली तो वहीं उन्हें उसे सुधरने की नसीहत भी दी गयी। जांच के दौरान डीडीसी अभिषेक रंजन, एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार, डीसीएलआर, वीरेंद्र प्रसाद सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने एक-एक बिंदु पर जांच की। इस मौके पर बीडीओ बिड्डु कुमार राम, प्रभारी सीओ अर्चिता भारती, पंचायती राज पदाधिकारी सुष्मिता मिश्रा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुनिता कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## सिपाही भर्ती परीक्षा आज, प्रशासनिक तैयारी पूरी

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

रविवार को एक पाली में होने वाली केंद्रीय चयन पर्षद की मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा के दौरान सभी पांच केंद्रों पर कड़ी चैकसी रखी जाएगी। परीक्षा केंद्र के गेट पर ही सभी परीक्षार्थियों की जांच होगी। परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व सभी परीक्षार्थियों को केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा के दौरान सभी केंद्र पर 24 परीक्षार्थी पर एक वीक्षक की तैनाती की जाएगी। अलावा इसके प्रत्येक 125 परीक्षार्थी पर एक अतिरिक्त वीक्षक की तैनाती की जाएगी। इस परीक्षा में 5,800 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। प्रशासनिक स्तर पर सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सात में से चार परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय में स्थित होंगे, दो परीक्षा केंद्र थावे तथा एक केंद्र छवहीं में बनाया गया है। प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी सह प्रेक्षक की तैनाती करने का निर्देश जारी किया है। अलावा इसके परीक्षा के दौरान जोनल दंडाधिकारियों की भी तैनाती की गई है। जिलाधिकारी डा. नवल किशोर चैधरी ने सभी स्टैटिक दंडाधिकारियों को परीक्षा के दौरान कड़ी चैकसी बरतने का निर्देश जारी किया है। परीक्षा के दौरान केंद्रों की औचक जांच के लिए एक अधिकारी को उड़नदस्ता टीम के तौर पर तैनात किया गया है। परीक्षा के दौरान कदाचार की स्थिति से निबटने के लिए प्रशासनिक स्तर पर एक बेंच पर एक परीक्षार्थी या बड़े बेंच पर अधिकतम दो परीक्षार्थियों के बैठाने की व्यवस्था करने का निर्देश केंद्राधीक्षकों को दिया गया है। परीक्षा केंद्र पर महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए महिला कर्मियों की भी तैनाती की गई है।

**सुबह दस बजे प्रारंभ होगी परीक्षा:** रविवार को होने वाली एक पाली की परीक्षा सुबह दस बजे से प्रारंभ होगी। दो घंटे की इस परीक्षा के दौरान पूरे परीक्षा अवधि की वीडियोग्राफी करने के निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा के लिए करीब 230 वीक्षकों की तैनाती परीक्षा केंद्रों पर की गई है। इसके अलावा सात उड़नदस्ता टीम व स्टैटिक दंडाधिकारी भी तैनात किए गए हैं।

## दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में शनिवार को मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें जख्मी किशोरी बीच सड़क पर तडपती रही, लेकिन अस्पताल ले जाने के बजाए परिजन उसका वीडियो बनाते रहे।

मारपीट के दौरान दोनो पक्षों से करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। घायलों में गुड़िया कुमारी, शांति देवी, केदार साह, किसनावती देवी, लीलावती देवी शामिल है। बताया जाता है कि जादोपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में दो पड़ोसी आपस में उलझ गए। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट होने लगी। घटना में एक किशोरी को दूसरे पक्ष ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। किशोरी बीच सड़क पर ही तडपती रही। उसके परिजनों ने उसे उठाकर इलाज कराने के बजाय वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वही सूचना पाकर पंहुची पुलिस घायलो का बयान दर्ज कर मामले की छानबीन करने में जुट गयी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1373 मामलों का हुआ निष्पादन

### जिला जज, डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लगाई गई राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर 1373 मामलों का निष्पादन किया गया। लोक अदालत के दौरान हर तरह के वाद का निष्पादन किया गया। इसको लेकर कुल 24 पीठ का गठन कर न्यायिक पदाधिकारियों से लेकर पैनल अधिवक्ता व कर्मियों तक की तैनाती की गई थी। नए न्यायालय भवन के ग्राउंड फ्लोर पर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला सत्र न्यायाधीश राकेश मालवीय, जिलाधिकारी डा. नवल किशोर चैधरी तथा एसपी स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह के दौरान जिला जज ने आपसी समझौते के आधार पर अधिक से अधिक वाद का निपटारा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को सस्ता और सुलभ नया तुरंत दिलवाना है। लोक अदालत अपने उद्देश्यों में तभी सफल होगा जब समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का सहयोग मिले। समारोह के बाद गठित किए गए पीठ के माध्यम से लंबित वाद के निष्पादन की कार्रवाई शुरू की गई। पूरे दिन चले इस लोक अदालत के दौरान सबसे अधिक बैंक से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। इस लोक अदालत को लेकर गठित किए गए 24 पीठ में न्यायिक पदाधिकारियों के अलावा पैनल अधिवक्ता व न्यायालय के कर्मियों की भी तैनाती की गई थी। लोक अदालत को लेकर पीठ में अपर जिला जज स्तर के पदाधिकारियों के अलावा सबजज व न्यायिक पदाधिकारियों की भी तैनाती की गई थी। उद्घाटन समारोह में तमाम न्यायिक पदाधिकारी, बैंकों के कर्मी, अधिवक्ता व सैकड़ों की संख्या में पक्षकार मौजूद रहे। लोक अदालत में निष्पादित किए गए अपराधिक मामलों में 20 साल पुराना मामला एक रहा।

**बैंक से जुड़े 26628 मामलों में से 708 का निष्पादन:** इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक से जुड़े कुल 26628 मामले आए थे। इनमें से 708 मामलों का आपसी सुलह व समझौते के आधार पर निष्पादन किया गया। निष्पादित किए गए बैंक से जुड़े मामलों में 3 करोड़ 48 लाख 93 हजार 146 रुपये की राशि पर सेटलमेंट किया गया।

**30957 मामलों में जारी किया गया था नोटिस:** राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर कुल 30957 मामलों में पक्षकारों को नोटिस जारी किया गया था। इनमें बैंक से जुड़े मामलों की संख्या सबसे अधिक 26628 थी। लोक अदालत के दौरान बैंक के अलावा न्यायालयों में लंबित मामलों का भी निष्पादन किया गया।

## उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें: जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला पदाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में शनिवार को सोनपुर अनुमंडल अंतर्गत तीनों प्रखंडों के सभी उच्च विद्यालयों के प्रधानाचार्य के साथ बैठक सोनपुर अनुमंडल के सभागार में आहूत की गई। बैठक में आए हुए सोनपुर अनुमंडल के सभी उच्च विद्यालयों के प्रधानाचार्य को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में विद्यालयों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ-साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति को भी सुनिश्चित करने को कहा। विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल बनाने के साथ-साथ पढ़ने पढ़ाने के स्तर में गुणात्मक सुधार किए जाने की पहल प्रारंभ करने को भी कहा गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि शैक्षणिक माहौल बनाने हेतु पहल करने में आपसी समन्वय की आवश्यकता होगी, तभी जाकर विद्यालय में उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का कार्य हो पाएगा। इसके लिए सब लोग को एक साथ पहल करने की जरूरत है। जिला पदाधिकारी स्वयं भी विद्यालयों का भ्रमण कर वस्तु स्थिति का आकलन करेंगे। जिला पदाधिकारी महोदय ने प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विद्यालयों में सभी शिक्षकों को यह बता दें कि वे अपनी-अपनी कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं के बारे में पूरी जानकारी रखें। ताकि अभिभावक-शिक्षक की बैठक में अनुपस्थित होने वाले अभिभावक अथवा छात्र के घरों पर शिक्षकों की टीम पंचायत वार, वार्ड वार जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त कर सके। हर विषय के लिए पूरे जिले से विषय की जानकारी रखने वाले शिक्षकों की टीम को भी गठित करने का निर्देश दिया गया। ये विशेषज्ञ शिक्षक अपने-अपने विषयों के संबंध में पूरे वर्ष के पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाने का वीडियो तैयार करेंगे। इस वीडियो की सहायता से वैसे विद्यालयों में पढ़ाई करवाई जा सकेगी जहां उस विषय के शिक्षक नहीं होंगे। विशेष रूप से यह नवमी एवं दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए करने को कहा गया। अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर को निर्देश दिया गया है कि वे कोचिंग सेंटर संचालकों से बैठक कर यह सुनिश्चित कर लें कि विद्यालय के समय कोई भी कोचिंग का संचालन ना हो ताकि विद्यार्थी विद्यालय आए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को वैसे विद्यालयों की सूची तैयार करने को कहा गया जहां विद्यालयों में चहारदीवारी नहीं है। वैसे विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कार्य प्राथमिकता के तौर पर करवाया जाएगा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को वैसे विद्यालयों की सूची तैयार करने को कहा गया जहां अतिक्रमण है। इस संबंध में विशेष रुप से पहल कर संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल अधिकारी से मिलकर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया। इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। प्रत्येक अनुमंडल में मॉडल के तौर पर उच्च विद्यालय में पुस्तकालय संचालित की जाएगी। तत्पश्चात अगले चरण में सभी उच्च विद्यालय में पुस्तकालय संचालित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, सोनपुर अनुमंडल के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

## 230 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक डीसीएम ट्रक जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। माँझी जयप्रभा सेतु के मांझी चेकपोस्ट पर मद्य निषेध विभाग व एएलटीएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए रुई के नीचे छिपाकर बिहार लायी जा रही 230 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक डीसीएम ट्रक को जब्त किया है। बरामद शराब की मात्रा 2000 लीटर व कीमत 25 लाख रुपये से अधिक बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएलटीफ एसआईटी के प्रभारी एसआई टिंकू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सोनीपत हरियाणा से डीसीएम ट्रक में शराब लोडकर बिहार लाया जा रहा है। जिसके बाद एएलटीएफ व मद्य निषेध विभाग की पुलिस संयुक्त रूप से जाल बिछाकर ट्रक के आने का इंतजार कर ही रही थी। तभी यूपी के तरफ से डीसीएम ट्रक आती दिखाई दी। जिसे रुकने का इशारा किया गया तो चालक भाग निकलने के उद्देश्य से ट्रक को रोककर उससे नीचे कूद पड़ा। इसी दौरान वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस-कर्मियों ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं जख्मी चालक को गिरफ्तार कर इलाज के लिए मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गिरफ्तार चालक दिल्ली का रहने वाला ईश्वर कुमार बताया जा रहा है। पूछताछ में चालक ने बताया कि बिहार शराब का खेप लेकर कहां जाना है उसकी जानकारी नही थी। रास्ते में हीं चालक को बदल देने की बात बतायी गई थी। मौके पर थानाध्यक्ष अशोक दास, मद्य निषेध विभाग के अधिकारी सियाराम साह, नसीम खान सहित कई पुलिसकर्मी एवं चैकीदार मौजूद थे।

## इनरव्हील क्लब छपरा ने मेथवलीय चौक पर किया ब्रांडिंग

छपरा। इनरव्हील क्लब छपरा जो महिलाओं के द्वारा समाज के हर क्षेत्र में अपनी गतिविधि से सेवा की जाती है। कि अध्यक्ष अनीमा सिंह तथा सचिव अनुराधा सिन्हा के अध्यक्षता में मेथवलीया चैराहे के पास क्लब का ब्रांडिंग कराया। जिसका उद्घाटन क्लब के पीडीसी गायत्री आयार्नी ने फीता काटकर कि वही इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इनरव्हील क्लब जो महिलाओं के द्वारा चलाया जाता है समाज के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका तय करता है तथा हर किसी को मदद के लिए आगे रहता है। इसी सिलसिले में आज यात्रियों के लिए जो रास्ता भटक कर गलत दिशा में चले जाते हैं। उनके मार्गदर्शन के लिए एक ब्रांडिंग बोर्ड लगाया गया। जिससे यात्री अपना रास्ता पढ़कर सहूलियत के साथ जा सकते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि आज का पल हम लोगों के लिए खुशी की है की यातायात नियमों के तहत लोगों को हो रही परेशानियों को दूर करने के लिए मार्गदर्शन बोर्ड लगाया गया जबकि सचिव अनुराधा सिन्हा ने कहा कि इस तरह के गतिविधि से समाज में इनरव्हील का एक अच्छा संदेश जाएगा तथा यात्रियों के लिए भी सुविधा होगा जिससे यात्री अपने गंतव्य को प्राप्त होंगे इस अवसर पर क्लब के अन्य सदस्यों में रानी सिन्हा, किरण सहाय सहित कई अन्य सदस्य शामिल रहे जिसकी जानकारी एडिटर अर्चना रस्तोगी ने दी।

## कुलपति का हुआ विश्वविद्यालय कैंपस में घेराव

छपरा। शनिवार को आरएसए संगठन के नेतृत्व में जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैंपस में कुलपति प्रोफेसर फारूक अली का घेराव किया गया. कुलपति किसी तरह भागे। इसी बीच विश्वविद्यालय कर्मचारियों एवं छात्र नेताओं में जोरदार धक्का-मुक्की हुआ। घेराव कार्यक्रम में छात्र नेताओं के द्वारा कहा गया कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के जो वर्तमान कुलपति हैं जब से विश्वविद्यालय में ज्वाइन किए हैं जब से शैक्षणिक अराजकता कायम हो चुकी है। जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षा फॉर्म भरवाने में इतनी राशि ले रही है उसके बावजूद अंकपत्र की हार्ड कॉपी क्यों नहीं दे रही है? अभी तक पीएचडी कोर्स वर्क का अंक पत्र जारी नहीं किया गया जिसके कारण शोध कर रहे छात्र-छात्राओं के द्वारा सिनोप्सिस जमा नहीं किया जा रहा है। पैट 2021 का प्रवेश पत्र क्वालीफाइंग सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी अभी तक नहीं दी गई जबकि शोधार्थी को पूरे जीवन इसकी हार्ड कॉपी की आवश्यकता होगी। जल्द से जल्द कोर्स वर्क का अंक पत्र जारी किया जाए साथ ही डीआरसी एवं पी जी आरसी की बैठक अविलंब बुलाकर सिनॉप्सिस की जांच की जाए। सिनॉप्सिस का पैलिरिजिम जांच कहा होगा अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। जबकि नए रेगुलेशन पीएचडी रेगुलेशंन 2016 के अनुसार सिनॉप्सिस का भी पैलिरिजिम जांच करना आवश्यक है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर के जितनी भी परीक्षाएं हो रही है उसका अंकपत्र की हार्ड कॉपी छात्र- छात्राओं को नहीं दी जा रही है। पूरे विश्व विद्यालय में शैक्षणिक अराजकता चरम पर है। स्नातक प्रथम खंड 2023 -24 मैं नामांकन के लिए सीबीसीएस लागू होने वाला है लेकिन अभी तक उसका सिलेबस तैयार नहीं हुआ। स्नातक प्रथम खंड में नामांकन के लिए अप्लाई का प्रोसेस अभी तक स्टार्ट नहीं हुआ। फिर सत्र विलंब होगा। महाविद्यालयों में खेल की घंटी बजनी बंद हो चुकी है। सांस्कृतिक विभाग विश्वविद्यालय से लेकर महाविद्यालय तक मृतप्राय हो चुका है। स्नातकोत्तर विभागों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। महाविद्यालयों के कॉमन रूम में कचरा भरा हुआ है। ऐसी स्थिति में शैक्षणिक व्यवस्था कैसे सुदृढ़ होगी। शैक्षणिक व्यवस्था में फैली अराजकता के खिलाफ आज से विश्वविद्यालय कैंपस में आंदोलन प्रारंभ किया गया। आंदोलन में प्रमुख रूप से उज्जवल कुमार सिंह, गुलशन यादव, महासचिव राहुल यादव, विकास सिंह सेंगर, छोटू कुमार, गोलू कुमार, छोटी कुमारी, दीपा पांडे, शिवानी पांडे, रिशु राज, जिया सिंह, पूनम कुमारी, दीपक पांडे आदि सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

सम्पादकीय

# दो संवैधानिक फैसले

सर्वोच्च अदालत के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने दो बेहद महत्वपूर्ण और संवैधानिक फैसले सुनाए हैं। एक यह है कि दिल्ली का बॉस कौन है और प्रशासनिक सेवाएं किसके नियंत्रण में होंगी? दूसरा फैसला यह है कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की सरकार ही जारी रहेगी। उद्धव ठाकरे को राहत नहीं दी जा सकती, क्योंकि उन्होंने सदन में बहुमत परीक्षण से पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। संविधान पीठ उनके इस्तीफे को रद्द नहीं कर सकती। संविधान पीठ ने दोनों फैसलों के संदर्भ में संविधान, लोकतंत्र, संघवाद, उपराज्यपाल या गवर्नर के जरिए केंद्र सरकार के अनावश्यक दखल और केंद्र की व्यापक शक्तियों के दुरुपयोग आदि पहलुओं की बार-बार व्याख्या की है। बेशक दिल्ली अर्द्धराज्य और संघशासित क्षेत्र है, लेकिन 1991 के कानून के बाद यहां विधानसभा है और जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार भी है। बेशक पूर्ण राज्य नहीं है, फिर भी दिल्ली को कानून बनाने का अधिकार है। यह व्याख्या प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की है।

संविधान पीठ ने सर्वसम्मत फैसला दिया है कि दिल्ली में उपराज्यपाल (एलजी) ही सर्वेसर्वा नहीं है। वह दिल्ली सरकार के फैसलों को मानने और कैबिनेट की सलाह के अनुसार काम करने को बाध्य हैं। एलजी की शक्तियां उन्हें दिल्ली विधानसभा और निर्वाचित सरकार की शक्तियों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं देतीं। चूंकि निर्वाचित सरकार अपने क्षेत्र के लोगों के प्रति जवाबदेह होती है और उसे जनता की मांगों का भी ध्यान रखना होता है, लिहाजा उसके नियंत्रण में प्रशासनिक ढांचा होना चाहिए। फैसला दिया गया है कि अधिकारियों की नियुक्ति और तबादलों का अधिकार केजरीवाल सरकार को होगा। बेशक अफसरों का काडर बुनियादी तौर पर भारत सरकार के अधीन होता है, लेकिन राज्य सरकारें उनकी तैनाती और तबादले का फैसला ले सकती हैं। केंद्र एलजी के जरिए राज्य के अधिकारों को टेकओवर न करे। केंद्र सभी विधायी शक्तियां रख लेगा, तो संघीय ढांचा ही खत्म हो जाएगा। यह टिप्पणी भी प्रधान न्यायाधीश ने की, जो संविधान पीठ का नेतृत्व कर रहे थे।

बीते 9 साल से अधिक समय से दिल्ली की केजरीवाल सरकार और एलजी के बीच रायता फैला हुआ था। प्रशासनिक संबंधों में भी खुन्नस थी। आम आदमी पार्टी के विधायकों और नेताओं ने एलजी के प्रति अपशब्दों का भी प्रयोग किया। चूंकि दिल्ली में प्रचंड जनादेश आप को मिल रहा है और भाजपा मुट्ठी भर विधायकों के साथ सदन में मौजूद है, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर यह रणनीति तय की गई हो कि केजरीवाल सरकार को काम नहीं करने देना। अब संविधान पीठ के फैसले के बाद भाजपा को अपनी रणनीति और एजेंडे पर पुनर्विचार करना चाहिए। अभी तक असमंजस के सवाल थे कि दिल्ली कौन चलाएगा? दिल्ली का कार्यकारी प्रमुख कौन है? दिल्ली अर्द्धराज्य से जुड़े फैसले कौन लेगा? नौकरशाही पर नियंत्रण किसका होगा? केंद्र सरकार कहां तक दखल दे सकती है? अब संविधान पीठ ने स्पष्ट व्याख्या कर दी है कि पुलिस, भूमि, जन-व्यवस्था के मुद्दे एलजी के जरिए भारत सरकार के अधीन होंगे। शेष फैसले निर्वाचित केजरीवाल सरकार लेगी। दूसरा फैसला महाराष्ट्र को लेकर किया गया है। मौजूदा भाजपा-शिवसेना की सरकार जारी रहेगी। अलबत्ता संविधान पीठ ने तत्कालीन राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसलों पर सवाल उठाए हैं।

## लोकतंत्र में जंतर-मंतर और जनपक्ष?

प्रभुनाथ शुक्ल

लोकतंत्र में क्या सत्ता सर्वोपरि है। लोकहितों का संरक्षण क्या उसका दायित्व नहीं है। जिसके हाथ में सत्ता है वह क्या संवैधानिक संस्थाओं से अलग है। सत्ता में आने के बाद क्या जनतांत्रिक अधिकार हाशिए पर चले जाते हैं।संविधान में वर्णित अपने अधिकारों के लिए आम आदमी को सड़क पर क्यों उतरना पड़ता है। सत्ता से जुड़े मंत्री विधायकों को कानूनी संरक्षण क्यों दिया जाता है। जनतंत्र के प्रति क्या सरकारें अपना दायित्व खोती जा रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं का गला दबाकर क्या समानानंतर एक नई व्यवस्था कायम की जा रही है। आम आदमी एक छोटा सा अपराध अगर करता है तो उसे सीधे जेल में भेज दिया जाता है। लेकिन सत्ता एवं सरकार पर अपनी पकड़ रखने वाले राजनेताओं को जेल क्यों नहीं होती है।

सत्ता क्या कानून व्यवस्था की परिभाषा बदल रही है। संवैधानिक संस्थाओं का क्या पूरी तरह राजनीतिक कारण हो रहा है। लोकतंत्र में आम आदमी के अधिकार क्या आम और खास में विभाजित हो गए हैं। अगर ऐसा नहीं है तो जंतर-मंतर पर पहलवानों की तरफ से दिए जा रहे धरने का केंद्र सरकार संज्ञान क्यों नहीं ले रहीं है। धरने पर बैठने वाली विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया सहित दूसरे पहलवान कोई आम व्यक्ति नहीं हैं।उन्होंने देश के लिए मेडल जीता है। देश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पर रखा है। मेडल जीतने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बधाई दी है। पूरा देश पलक पावडे बिछा कर उनका स्वागत किया है। फिर पहलवानों की जायज मांग पर सरकार संज्ञान क्यों नहीं ले रही है। धरने का राजनीतिकरण क्यों किया जा रहा है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी मुकदमा लिखने के बाद फिर क्यों नहीं हो रही। यह सब बातें साफ तौर पर जाहिर करती है कि उन्हें सरकार का सीधा संरक्षण है।

जंतर मंतर पर अपनी मांगों को लेकर बैठे पहलवान कितने सच है मैं यह नहीं कह सकता। उनकी तरह से लगाए गए आरोप कितने खरे हैं यह भी कहना मुश्किल है। महिला पहलवानों के यौन शोषण में सांसद बृजभूषण शरण सिंह कि कितनी भूमिका रही है यह सब पूरी तरह जांच का विषय है। हालांकि मीडिया में दिए गए अपने बयान में उन्होंने बार-बार कहा है कि वह बिल्कुल निर्दोष हैं। पहलवानों की तरफ से लगाए गए आरोप बेबुनियाद और मनगढ़ंत है। एक निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में शिलाजीत खाने का बयान भी खूब सुर्खियों में रहा। महिला पहलवानों का आरोप कितना सच है बृजभूषण शरण सिंह कितने दूध के धुले हैं यह सब जांच के दायरे में आता है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका बेहद गैर जिम्मेदाराना रहीं है। महिला पहलवानों को बृजभूषण शरण सिंह पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अदालत के आदेश के बाद सांसद पर मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

कुश्ती संघ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण पर सेक्सुअल हरासमेंट और पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ है। निर्भया कांड के बाद 2013 में इस एक्ट में संशोधन हुआ। जिसमें यह तथ्य शामिल हुआ कि इसके तहत मुकदमा दर्ज होने बाद तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। मीडिया में अधिवक्ताओं के बयान के मुताबिक इस धारा में जमानत भी आसान नहीं होती है। महिला पहलवानों की तरफ से इतने संगीन आरोप लगाए जाने और मुकदमा दर्ज होने के बाद भी सांसद की गिरफ्तारी पुलिस क्यों नहीं कर रही है। पुलिस अपने कर्तव्य के प्रति कितनी नैतिक है यह भी सवाल उठने लगा है। पुलिस क्या सत्ता और राजनीति की कठपुतली हो चली है। वह क्या सुप्रीमकोर्ट से भी ऊपर है। महिला पहलवानों का मुकदमा उसने क्यों नहीं लिखा। पहलवानों को सुप्रीमकोर्ट तक क्यों जाना पड़ा। जिस धाराओं में मुकदमा लिखा गया इसके बाद भी सांसद की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही। तमाम सवालों से जाहिर होता है कि बृजभूषण शरण सिंह को सीधे-सीधे तौर पर सरकार बचा रहे। कानून और जानधिकार का गला दबाने वाली पुलिस पर भी मुकदमा होना चाहिए।

## गजल

दिलीप कुमार दीपक

खूबसूरती का पैमाना क्या ये नजर- नजर की बात है ।
किसी को ये किसी को वो पसंदगी असर-असर की बात है ।

पहली नजर में कोई-कोई अपना सा लगने लगता ।
हूस्न इक एहसास है समझना क्या ये दिलो-जिगर की बात है ।

हसरतों से मिलते दो-दिल तो चाँद भी मुबारक देता ।
पंडित भी मानते शुभ-अशुभ बेला पहर-पहर की बात है ।

ठहर जाता दुनिया का आलम कायनात रुक कर देखती ।
परियाँ दीवानी आशिक दीवाना अहले- नजर की बात है ।

इस मामला -ए- अपराध में कहीं ना कहीं थानेदार है ।
ये बात सिर्फ यहाँ नहीं तकरीबन शहर शहर की बात है ।

# आजादी आंदोलन के गैर समझौतावादी धारा के महान देशभक्त बैकुंठ शुक्ल

## 14 मई शहादत दिवस पर विशेष

**कतिपय कारणों से वे आगे की पढ़ाई नहीं कर सके और अपने पड़ोसी गांव मथुरापुर के लोअर प्राइमरी स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्य करने लगे।1930 मे महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान प्रख्यात समाजवादी किशोरी प्रसन्न सिंह लालगंज इलाके में सत्याग्रह आंदोलन की तैयारी कर रहे थे। इसी सिलसिले में उनका एक कार्यक्रम मथुरापुर में आयोजित था ,जहां बैकुंठ शुक्ल की मुलाकात किशोरी प्रसन्न सिंह से हुई।बातचीत के दौरान किशोरी प्रसन्न सिंह ने उन्हें भारतीय आजादी आंदोलन के भीतर चल रहे समझौतावादी और गैर समझौतावादी धारा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। यहीं से शुक्ल जी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेना शुरू कर दिया। इसी दौरान हाजीपुर की एक सभा में नमक कानून का विरोध करते हुए पहली बार उन्हें गिरफ्तार किया गया।**

**ब्रह्मानन्द ठाकुर**
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है

बैकुंठ शुक्ल का जन्म मुजफ्फरपुर (अब वैशाली )जिले के लालगंज थानान्तर्गत जलालपुर गांव में एक सामान्य परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम रामवचन शुक्ल था।बचपन में ही उनके माता -पिता का निधन हो जाने से चाचा सरयुग शुक्ल ने उनका लालन -पालन किया। उनकी प्राथमिक शिक्षा गांव के पाठशाला में हुई। कतिपय कारणों से वे आगे की पढ़ाई नहीं कर सके और अपने पड़ोसी गांव मथुरापुर के लोअर प्राइमरी स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्य करने लगे। 1930 मे महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान प्रख्यात समाजवादी किशोरी प्रसन्न सिंह लालगंज इलाके में सत्याग्रह आंदोलन की तैयारी कर रहे थे। इसी सिलसिले में उनका एक कार्यक्रम मथुरापुर में आयोजित था ,जहां बैकुंठ शुक्ल की मुलाकात किशोरी प्रसन्न सिंह से हुई।बातचीत के दौरान किशोरी प्रसन्न सिंह ने उन्हें भारतीय आजादी आंदोलन के भीतर चल रहे समझौतावादी और गैर समझौतावादी धारा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। यहीं से शुक्ल जी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेना शुरू कर दिया। इसी दौरान हाजीपुर की एक सभा में नमक कानून का विरोध करते हुए पहली बार उन्हें गिरफ्तार किया गया। चार महीने की सजा काटने के बाद वे जेल से रिहा हुए।इस गिरफ्तारी से उनकी देश भक्ति का रंग और चटक हो गया।1930 में चौकीदारी टैक्स के विरुद्ध हुए आंदोलन में भी बैकुंठ शुक्ल का बड़ा योगदान रहा।

दूसरी गिरफ्तारी उनकी 1932 में मुजफ्फरपुर ,तिलक मैदान से हुई।उस दिन उत्तर बिहार के आजादी के तमाम दिवाने तिलक मैदान स्थित कांग्रेस कार्यालय पर तिरंगा फहराने के लिए एकत्र हुए थे। ब्रिटिश पुलिस ने झंडा पहराने के दौरान जिन लोगों को गिरफ्तार किया था ,उनमें बैकुंठ शुक्ल भी शामिल थे। इसके बाद किशोरी प्रसन्न सिंह के सहयोग से बैकुंठ शुक्ल का सम्पर्क सरदार भगत सिंह , चंद्रशेखर आजाद , योगेन्द्र शुक्ल जैसे क्रांतिकारियों से हुआ और उनके विचारों में बदलाव आने लगे। वे इस बात को खूब अच्छी तरह समझ गये कि अनुनय -विनय और समझौते के जरिए आजादी हासिल करने का विचार अनुपयुक्त और बेमानी है। फिर उनके मन में गैर समझौतावादी तरीके और जनता की सशस्त्र क्रांति से ही अंग्रेजी हुकूमत से देश को आजाद करने का विचार पैदा हुआ और वे गैर समझौतावादी धारा के जांबाज सिपाही बन गए।

भगत सिंह, बटुकेश्वर दत्त , राजगुरु और सुखदेव पर मुकदमा चला। उसी दौरान षड्यंत्र के अन्य अभियुक्तों की तलाशी के सिलसिले में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के केन्द्रीय कमिटी सदस्य फणीन्द्र नाथ घोष ब्रिटिश पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसे भी लाहौर जेल भेज दिया गया। जेल में उसने अपनी कायरता का परिचय देते हुए जेल अधिकारी से कहा कि यदि उसकी जान बख्श दी जाए तो वह साण्डर्स कांड के सभी अभियुक्तों का नाम बता देगा। घोष ने अदालत में उन लोगों की पहचान करने और उनके खिलाफ गवाही देना भी स्वीकार कर लिया।इस तरह वह मुकदमे का इकबालिया गवाह बन गया। वह लाहौर षड्यंत्र केस का मुखबिर बन गया। इसी की मुखबिरी पर 7अक्टुबर ,1930 को भगत सिंह,राजगुरू और सुखदेव को फांसी की सजा सुनाई गई और शिव वर्मा , किशोरी लाल , बटुकेश्वर दत्त , समेत 5 क्रांतिकारियों को आजन्म कारावास की सजा मिली। तब चंद्रशेखर आजाद ने दल की ओर से फणीन्द्र घोष को मृत्युदंड देने की घोषणा की थी। बताते चलें कि फणीन्द्र घोष बिहार के बेतिया का रहने वाला था। उसके इस कृत्य ने बिहार के माथे पर कलंक का टीका लगा दिया था। क्रांतिकारियों का मानना था कि फणीन्द्र घोष की हत्या से ही इस कलंक को मिटाया जा सकता है। यह जिम्मेवारी बैकुंठ शुक्ल ने ली। अपने एक विश्वस्त साथी चंद्रमा सिंह के साथ एक ही साईकिल पर सवार होकर दरभंगा गये।वहां अपने एक परिचित से किसी काम का बहाना बनाकर एक धोती और दूसरी साईकिल मांग लिए । दोनों क्रांतिकारी साईकिल पर धोती रख बेतिया के लिए प्रस्थान किए। चंद्रमा सिंह के पास एक नेपाली खुखरी थी और बैकुंठ शुक्ल के पास एक रिवाल्वर ,कुछ बम और एक छूरा था। 9नवम्बर ,1932 के दिन फणीन्द्र घोष अपने एक दोस्त गणेश प्रसाद गुप्त के साथ अपनी दुकान पर बैठा बातचीत कर रहा था। उसी समय बैकुंठ शुक्ल ने फणीन्द्र घोष के सिर पर भुजाली से वार कर दिया। फणीन्द्र घोष को बचाने के लिए उसका दोस्त गणेश गुप्ता जब आगे आया तो उसे भी भुजाली से मारा। इस प्रकार फणीन्द्र घोष की 17नवम्बर को और गणेश गुप्ता की 20नवम्बर को मौत हो गई। वहां से भागने के क्रम में वे अपनी साईकिल और साईकिल पर रखी धोती नहीं ले सके। यही दोनों चीजें बैकुंठ शुक्ल की गिरफ्तारी का कारण बनी।खुफिया पुलिस ने दरभंगा के उस लौण्ड्री को ढूंढ निकाला , जिस लौन्ड्री के निशान उस धोती पर दिए गए थे।धोती के असली मालिक से पूछताछ में बैकुंठ शुक्ल का नाम सामने आया।पुलिस उन्हें ढूंढने लगी। आखिरकार , 6जुलाई ,1933को हाजीपुर पुल के पास बैकुंठ शुक्ल गिरफ्तार कर लिए गए। उस समय उनके पास से एक लोडेड रिवाल्वर मिला। उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता 302/38तथा326/34 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।इस मुकदमे में उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई। 14 मई 1934 को यह महान देशभक्त फांसी के फंदे से झूला गया। तब उनकी उम्र मात्र 27 साल थी।अपनी जान देकर इस अमर शहीद ने फणीन्द्र घोष के द्वारा बिहार के माथे पर लगाएं गए कलंक के टीके को धो डाला।

बैकुंठ शुक्ल ने स्वतंत्रता की बलि वेदी पर अपनी शहादत इसलिए दी थी कि आजादी के बाद देश में एक ऐसी समाज व्यवस्था का निर्माण हो जिसमें हर इंसान इज्जत और सम्मान की जिंदगी जी सके ।सबको शिक्षा और सबको स्वास्थ्य की सुविधा मिले।बेरोजगारी से मुक्ति मिले और मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण का खात्मा हो।जबतक ऐसी समाज व्यवस्था निर्मित नहीं होती , बैकुंठ शुक्ल जैसे देशभक्त शहीदों का सपना अधूरा रहेगा

# भारत में नागरिक विमानन के क्षेत्र में हो रही है चंहुमुखी प्रगति

**परंतु, अरब आक्रांताओं एवं ब्रिटेन के शासन काल में भारत की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई एवं राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते समय तक यह रसातल तक पहुंच चुकी थी। वर्ष 1947 के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने पुन : सम्भलना शुरू किया एवं वर्ष 2014 के बाद से तो भारत ने आर्थिक विकास के मामले में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में प्राचीन काल में अधिकतर व्यापार समुद्रीय मार्ग के माध्यम से होता रहा है।1000 वर्ष पूर्व भी भारत का समुद्री मार्ग विकसित अवस्था में था एवं यह दक्षिणी अफ्रीका एवं यूरोप के देशों के साथ जुड़ा हुआ था। साथ ही, लगभग 500 वर्ष पूर्व भारत में जी .टी . रोड का निर्माण हो चुका था, अत : देश में समुद्री एवं सड़क मार्ग का विकास शताब्दियों पूर्व होता रहा है।**

**प्रहलाद सबनानी**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

प्राचीन भारत का इतिहास गवाही दे रहा है कि लगभग 500 वर्ष पूर्व भी भारत का सकल घरेलू उत्पाद में वैश्विक स्तर पर लगभग 25 प्रतिशत का योगदान था एवं विदेशी व्यापार में भी भारत विश्व में प्रथम स्थान पर था। परंतु, अरब आक्रांताओं एवं ब्रिटेन के शासन काल में भारत की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई एवं राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते समय तक यह रसातल तक पहुंच चुकी थी। वर्ष 1947 के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने पुनः सम्भलना शुरू किया एवं वर्ष 2014 के बाद से तो भारत ने आर्थिक विकास के मामले में तेज रफ्तार पकड़ ली है।

भारत में प्राचीन काल में अधिकतर व्यापार समुद्रीय मार्ग के माध्यम से होता रहा है। 1000 वर्ष पूर्व भी भारत का समुद्री मार्ग विकसित अवस्था में था एवं यह दक्षिणी अफ्रीका एवं यूरोप के देशों के साथ जुड़ा हुआ था। साथ ही, लगभग 500 वर्ष पूर्व भारत में जी.टी. रोड का निर्माण हो चुका था, अतः देश में समुद्री एवं सड़क मार्ग का विकास शताब्दियों पूर्व होता रहा है। परंतु, हाल ही के समय में भारत ने आधारभूत संरचना का विकास करने की जो रफ्तार पकड़ी है वह पूर्व के वर्षों में दिखाई नहीं देती हैं। वर्ष 2013-14 तक भारत में लगभग 75,000 किलोमीटर का सड़क मार्ग विकसित हो पाया था जो आज बढ़कर 150,000 किलोमीटर से अधिक हो गया है। भारत में प्रतिदिन लगभग 25 किलोमीटर से अधिक की सड़कें बनाई जा रही है। सड़कों की गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है, आवश्यकता पड़ने पर कुछ सड़क राजमार्ग पर तो हवाई जहाज को भी उतारा जा सकता है। इसी प्रकार, हवाई मार्ग को विकसित करने का कार्य हालांकि राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के पूर्व ही प्रारम्भ हो चुका था। एयर इंडिया कम्पनी के विमान, कोलकत्ता, मुंबई, दिल्ली के साथ ही इंदौर एवं ग्वालियर जैसे शहरों की ओर भी उड़ान भरते थे। परंतु, वर्ष 2014 के पूर्व के लगभग 50-60 वर्षों में देश में आधारभूत संरचना का विकास करने पर उतना ध्यान नहीं दिया गया, जितना पिछले 9 वर्षों के दौरान दिया गया है। इसी कारण से अब भारतीय नागरिकों की आकांक्षाएं भी बढ़ती जा रही हैं एवं कई छोटे छोटे नगरों के नागरिक भी हवाई जहाज से यात्रा करने को लालायित हैं। हाल ही के वर्षों में नागरिक विमानन का तो एक तरह से लोकतांत्रीयकरण हो गया है क्योंकि पूर्व के खंडकाल में केवल अमीर वर्ग के नागरिक ही हवाई जहाज से यात्रा के बारे में सोच सकते थे परंतु अब तो मध्यमवर्गीय एवं गरीब वर्ग के नागरिक भी हवाई जहाज से यात्रा करने की स्थिति में आ चुके हैं।

वर्ष 2013-14 में 6 करोड़ नागरिकों ने हवाई यात्रा की थी जब कि हाल ही में समाप्त वर्ष में 14.40 करोड़ नागरिकों ने हवाई यात्रा की है। वर्तमान में रेल्वे के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी ए.सी. क्लास से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 18.50 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष है। नागरिक विमानन क्षेत्र प्रतिवर्ष 10.3 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है जबकि रेल्वे की विकास दर 5.6 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। इस प्रकार अगले 5 या 6 वर्षों में हवाई यात्रा करने वाले नागरिकों की संख्या रेल्वे के प्रथम एवं द्वितीय ए.सी. श्रेणी के यात्रियों की संख्या से अधिक हो जाने की पूरी सम्भावना दिखाई देती है। वर्ष 2013-14 में देश में 400 हवाई जहाज थे जिनके संख्या आज बढ़कर 700 हवाई जहाज तक पहुंच गई है। राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के उपरांत वर्ष 2013-14 तक देश में 74 एयरपोर्ट विकसित किए जा सके थे जबकि पिछले 9 वर्षों के दौरान देश में 74 नए एयरपोर्ट विकसित किए जाकर आज 148 एयरपोर्ट देश में कार्यरत हैं। साथ ही, आगे आने वाले 5 वर्षों के दौरान देश में कुल एयरपोर्ट की संख्या को 200 तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आज देश के नागरिक न्यूनतम सरकारी नियंत्रण के साथ उच्च स्तर का प्रशासन चाहते हैं। जिसे कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। विमानन क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों को इसी संदर्भ में पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की गई है। चाहे वह ग्राहकों से किराया वसूल करने की प्रक्रिया के सम्बंध में हो अथवा विभिन नगरों के बीच विमान की सुविधा उपलब्ध कराने का क्षेत्र हो, सरकार का कोई भी दखल इन कम्पनियों के निर्णयों पर नहीं रहता है। आज निजी क्षेत्र की भारतीय विमान कम्पनियां केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। अभी हाल ही में सम्पन्न किए गए आपरेशन गंगा के अंतर्गत यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वहां से सफलतापूर्वक निकालकर भारत में वापस लाने में देश के रक्षा विभाग को निजी क्षेत्र की विमानन कम्पनियों ने भी सहयोग किया था। इसी प्रकार एक बार पुनः आपरेशन कावेरी के अंतर्गत सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक भारत में लाया गया है। अभी हाल ही में टाटा समूह की एयर इंडिया कम्पनी द्वारा 250 विमान एयरबस कम्पनी से एवं 220 विमान बोइंग कम्पनी से खरीदे जा रहे हैं। यह पूरे विश्व में ही आज तक का सबसे बड़ा विमान खरीदी सौदा माना जा रहा है। आज भारत में 14.4 करोड़ नागरिक देश के विभिन भागों की हवाई यात्रा करते हैं एवं 6 करोड़ नागरिक विश्व के अन्य देशों की हवाई यात्रा करते हैं। इस प्रकार, कुल मिलाकर 20.4 करोड़ नागरिक प्रतिवर्ष हवाई यात्रा कर रहे हैं। अगले 5 वर्षों के दौरान इस संख्या को 40 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जब देश में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में तेज गति से वृद्धि होने लगे तो नए विमानों की आवश्यकता तो महसूस होनी ही हैं। नए विमान खरीदने के साथ ही भारत में ही हवाई जहाज के इंजन निर्माण करने के उद्देश्य से विनिर्माण इकाई की स्थापना भी की जा रही है, जो अगले 3 से 4 वर्षों के बीच विनिर्माण का कार्य प्रारम्भ कर देगी। इसी प्रकार, एयर बस ने भी टाटा समूह के साथ बड़ोदा में 20,000 करोड़ रुपए की लागत से एक अन्य विनिर्माण इकाई स्थापित करने के सम्बंध में एक करार पत्र पर हॉल ही में हस्ताक्षर किए हैं। केंद्र में मोदी सरकार द्वारा भारत के मध्यम एवं गरीब वर्ग के नागरिकों को हवाई जहाज से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई उड़ान योजना को बहुत सफलता मिली है। उड़ान योजना के अंतर्गत भारत में 1.17 करोड़ मध्यम एवं गरीब वर्ग के नागरिकों ने 1.20 लाख हवाई फेरों के माध्यम से हवाई यात्रा की है। अब छोटे छोटे शहरों को भी विमान सुविधाएं प्राप्त बड़े नगरों एवं महानगरों के साथ जोड़ दिया गया है। अब तो देश में कई छोटे शहरों से भी विमान सेवाओं की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उड़ान यात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से पिछले 6 वर्षों के दौरान 473 नए हवाई मार्ग बनाए गए हैं जो पूर्व में शायद व्यवहार्य ही नहीं थे। 73 नए एयरपोर्ट बनाए गए हैं।

# पायलट-गहलोत के बीच घमासान

योगेंद्र योगी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अनदेखी से राजस्थान में कांग्रेस दोफाड़ होने के कगार पर पहुंच गई है। पार्टी की अनदेखी के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मचे घमासान से यह नौबत आई है। पायलट और गहलोत एक-दूसरे के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं। पायलट इस आरोप को दोहराते रहे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलों की जांच नहीं करा रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान खुद गहलोत ने ही वसुंधरा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पायलट की इस मांग की काट निकालते हुए गहलोत ने इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए पायलट के पार्टी छोड़ने के दौरान किए विद्रोह और इसके लिए विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत का मुद्दा उठा दिया। गहलोत ने कहा कि पायलट के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने का प्रयास करने वाले विधायकों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 10-10 करोड़ रुपए दिए थे। इसी के साथ गहलोत ने एक तीर से दो शिकार करते हुए भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी लपेट लिया। इससे भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। गहलोत ने वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता कैलाश मेघवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार गिराने की कवायद में साथ देने से इंकार कर दिया था। इससे आगे एक और दाव चलते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बगैर कहा कि जिन विधायकों ने उनकी सरकार को गिराने के लिए अमित शाह से रुपए लिए, वे उन्हें वापस लौटा दें। गहलोत यहां तक कह गए कि यदि विधायकों ने 10 करोड़ में से कुछ करोड़ खर्च कर दिए हैं तो इसकी भरपाई वे खुद कर देंगे या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से करवा देंगे। गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं।

पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं। चुनावी वर्ष में प्रदेश में उठ रहे राजनीतिक बवंडरों की चपेट में आने से पूर्व मुख्यमंत्री राजे को भी तगड़ा झटका लगा है। लंबे अर्से से पार्टी में वनवास की हालत झेलने के बाद राजे ने केंद्र से अपने संबंधों में जो सुधार की कोशिश की थी, उससे नुकसान होना तय है। बड़ा सवाल देश जोडे के लिए यात्रा निकालने वाले राहुल गांधी के राजस्थान कांग्रेस में होते बिखराव को देखते रहने का है।। कमोबेश पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पायलट-गहलोत विवाद में मूक दर्शक बने रहे। राजस्थान में गुर्जरों के निर्विवाद प्रभावशाली नेता माने जाने वाले सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत के बीच ऐसी ठन गई है कि इसका समाधान अब कांग्रेस के बूते से बाहर हो गया है। सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक प्रहार करने में जुटे हुए हैं। पार्टी में सम्मानजनक पद नहीं दिए जाने से आहत पायलट ने लंबे अर्से तक घुटन झेलने के बाद खिलाफत का रास्ता अपनाया है। दो साल पूर्व की गई गहलोत सरकार की तख्ता पलटने की साजिश के बाद से ही पायलट कांग्रेस में हाशिए पर हैं। हालांकि विशाल किसान रैलियां निकाल कर पायलट अपनी ताकत का एहसास पार्टी को करा चुके हैं। पार्टी हाईकमान पायलट की भूमिका को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाया। इससे अनुभवी पायलट को अंदाजा लग गया कि पार्टी उनके साथ न्याय नहीं करेगी और न ही अशोक गहलोत के मामले में कोई निर्णय करेगी। इस राजनीतिक विवाद को लटकाने की कांग्रेस की रणनीति से आजिज आकर पायलट ने आक्रामक भूमिका अख्तियार कर ली। पिछले दिनों भाजपा की मुख्यमंत्री रही वसुंधरा राजे के कार्यक

## संक्षिप्त खबरें

### छतरी टोल में महिला ने की आत्महत्या

बेगूसराय। तेयाय ओपी क्षेत्र के छतरीटोल गांव में 24 वर्षीय महिला द्वारा सुसाइड कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में तेयाय ओपी अध्यक्ष चंद्रकांत कुमार ने बताया कि इस घटना की सूचना शुक्रवार की देर शाम हमें मिली। जिस सूचना पर छतरी टोल पहुंचे तो मोहम्मद मकबूल के घर में पाया कि उसकी पत्नी शबाना खातून की लाश बेड पर पड़ी हुई है। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा गया। पोस्मार्टम के बाद उसके परिजन को लाश सौंप दिया गया। घटना के कारण का अब तक पता नहीं चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। प्रथम दृष्टया में पुलिस इस घटना को आत्महत्या मान रही है। मृतका के गले में फंदा लगाने का निशान पाया गया है।

### पूर्व मुखिया के निधन पर शोक संवेदना

मुजफ्फरपुर।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने गायघाट प्रखंड के रामनगर पंचायत के पूर्व मुखिया व पूर्व पैक्स अध्यक्ष प्रेम किशोर सिंह के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। इन्होंने कहा कि प्रेम किशोर सिंह एक कुशल तथा लोकप्रिय नेता थे। गायघाट विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि के रूप में इन्होंने क्षेत्र में एक कुशल नेतृत्वकर्ता की अमिट पहचान बनाई तथा अपने कार्यकुशलता से आम लोगों को काफी प्रभावित किया। इन्होंने पंचायत में लम्बो समय तक जनप्रतिनिधि रहकर समाज के सबसे निचले पायदान पर रह रहे लोगों की सदैव आवाज बने रहे। इनके निधन से पंचायत और प्रखंड ने एक लोकप्रिय जननेता तथा प्रबुद्ध मार्गदर्शक खो दिया है।

### शराब पीकर हंगामा करने से रोकने पर पिता ने पुत्र को मारी गोली

बेगूसराय। जिले में एक कलयुगी पिता ने मामूली बात को लेकर अपने ही पुत्र को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल बेगूसराय में चल रहा है। घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के रचीयाही गांव की है। घटना के सम्बन्ध में पीड़ित दुर्बल कुमार ने बताया कि उसके पड़ोस में एक शादी समारोह था और उसी में उसके पिता बौये लाल राय पहुंचकर शराब पीने के बाद हंगामा कर रहे थे। इसी बात को लेकर वह अपने पिता को समझाने गया था। तभी उसके पिता आक्रोशित हो गए और उसको गोली मार दी। गनीमत रही कि गोली शरीर को छूते हुए निकल गई। जिससे दुर्बल कुमार की जान बच गई। गोली की आवाज सुनकर वहां अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। लेकिन परिजनों ने जब बोयेलाल राय को पकड़ने की कोशिश की तो वह अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद सिंघौल थाने की पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है और आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। लेकिन अभीतक उसका पता नहीं चल पाया है।

### गैस सिलेंडर की दुकान में घटना को अंजाम देने पहुंचे अपराधी गिरफ्तार

बेगूसराय। गुप्त सूचना मिली कि नीमाचाँदपुरा थानान्तर्गत वनद्वार मोहरा चौक के पास गैस सिलेण्डर दुकान में अपराधियों के द्वारा कोई बड़ी अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए योजना बनाई जा रही है। प्राप्त गुप्त सूचना को पुलिस कप्तान योगेंद्र कुमार को दी गई। निदेर्शानुसार पुअनि अमितकांत थाना अध्यक्ष, पुअनि उपेन्द्र कुमार, पुअनि प्रवीण कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गैस सिलेण्डर दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में गैस सिलैण्डर दुकान से लाल रंग के कपड़े में लपेटा हुआ 2 देसी लोडेड कट्टा, 1 लोडेड पिस्टल एवं कुल 19 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। एक अपराधी अस्मित राज पिता सुभाष सिंह सा. वनद्वार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के कारण अपराध की घटना को विफल करते हुए अपराधी को अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में शामिल पदाधिकारी एवं कर्मी को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

### एकादशी महोत्सव के अवसर पर रखा गया वस्त्र दान का कार्यक्रम

मधुबनी खजौली प्रखंड के ललित लक्ष्मीपुर हॉल्ट से पश्चिम दीनानाथ गौशाला आश्रम परिसर में दीनानाथ सर्वोच्च सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित एकादशी महोत्सव के अवसर पर वस्त्र दान का कार्यक्रम रखा गया है. जो 15 मई को दिन के तीन बजे से निर्धारित किया गया है. संस्थान के संत पुज्य हृदयनाथ जी महराज ने कहा कि गरीब निःसहाय एवं जरूरतमंदों के बीच वस्त्र दान करना व अन्न दान करने से बड़ा धर्म कोई नहीं है. उन्होंने कहा कि प्रत्येक वैसे सक्षम व सबल परिवार व व्यक्ति गरीबों के बीच वस्त्र व अन्न का दान करें. वस्त्र दान कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील की. साथ ही आम जन से भी अपील किया कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जरूरतमंद गरीब निःसहायों को इसका समुचित लाभ दिलाने में सहयोग करे।

# दतुआर गांव में एक डीजे वाहन की पलटने से एक युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थानाक्षेत्र के दतुआर गांव में शुक्रवार की रात एक डीजे वाहन की पलटने से वाहन पर सवार एक बरात युवक की मौत हो गई दूसरा युवक इलाजरत है. मृत युवक की पहचान पंडौल जमसम गांव निवासी प्रेम दास का पुत्र महेश दास उम्र करीब 28 के रूप में हुई है।

जख्मी युवक अनील शर्मा का उपचार खजौली सीएचसी चल रहा है. मृतक के पिता प्रेम दास के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में हुई. दर्ज एफआईआर के अनुसार शुक्रवार उन्हें वाहन पलटने से पुत्र की जख्मी होने की सूचना मिली। उन्होंने अपने स्वजनों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तो पुत्र का शव पाया. कहा कि बीती रात पंडौल से खजौली बारात आ रहा था। डीजे वाहन चालक विशाल महासेठ की लापरवाही के कारण घटना घटी। वाहन पर तीन बरात युवक सवार था। जिसमें एक की मौत हो गई एवं दूसरा जख्मी हो गया. घटना की सूचना पर पहुंचे खजौली पुलिस ने शव को अपने कब्जा में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिय. वाहन को जब्त कर लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष राम कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है. मामले की जांच की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई होगी।

# मक्के की खेत में मिला महिला का शव, इलाके में सनसनी

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। थाना क्षेत्र के गरहां चौक से हथौड़ी जाने वाली सड़क के किनारे मक्के की खेत में महिला का शव मिल ने की बात तेजी से फैल गई। देखते ही देखते राहगीर व ग्रामीण की भीड़ जुट गई। चौपार निवासी रामसेवक साह नामक व्यक्ति के मक्के की खेत में शनिवार की सुबह मक्के की फसल काट रही सुनैना देवी ने शव को देख इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। उस भीड़ में से किसी ने इस घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस कर्मी रंजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है ।शव पूरी तरह से सड़ चुका है। हाथों में चूड़ी पहने हुई है।देखने से पता चलता है महिला का शव है। उसकी मौत कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा फिलहाल उस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। दूसरी तरफ ग्रामीणों में इस बात की भी चर्चा है कि एक माह पूर्व घटनास्थल से थोड़ी ही दूर पर मेले का आयोजन किया गया था जिसमें भारी संख्या में दूर-दूर से लोग मेला देखने आए थे। हो सकता है उसी मेले के दौरान उस महिला के साथ गलत घटना को अंजाम देकर मनचलों ने उसकी हत्या कर शव फेंक दिया होगा। काफी दिन होने के कारण शव सड़ गया है जिसे पहचानना मुश्किल है।

# जेदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बोचहा में हुआ जोरदार स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। जेदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह का बोचहा में भव्य स्वागत किया गया। नेशनल हाईवे 57 मुरादपुर चौक के समीप शनिवार को बैंड बाजे के साथ जेडीयू कार्यकर्ता चिलचिलाती धूप में राष्ट्रीयअध्यक्ष ललन सिंह का का घंटों इंतजार कर ने बाद सिंह पहुंचे। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का अंगवस्त्र व फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। महिलाएं भी काफी संख्या में अध्यक्ष का स्वागत करने पहुंची थी भीड़ ज्यादा होने के कारण महिलाएं इंतजार करती रह गई सिंह गाड़ी में बैठे और चले गए। पटना से दरभंगा जाने के दौरान मुरादपुर फ्लाईओवर के समीप राष्ट्रीय अध्यक्ष का लंबा काफिला दो मिनट के लिए रुकी इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष गाड़ी से बाहर आए और कार्यकर्ता से मुलाकात की उन्होंने गर्मी की तपिश देख कार्यकताओं से बातचीत भी नहीं किया लोग माला लिए इंतजार करते रह गए और काफिला दरभंगा की ओर निकल गया। मौके पर जदयू प्रदेश महासचिव रामेश्वर सहनी, महेश लाल चौधरी, उपेंद्र ठाकुर, प्रखंड मीडिया प्रभारी कुन्दन कुमार सिंह ,कौशलेंद्र प्रसाद सिंह, राजीव कुमार सिंह, अभिषेक चंदन ,नानटुन सिंह ,अनिल मिश्रा, चंद्र मोहन कुशवाहा ,मोहम्मद सकुर, रविंद्र राय ,सुनीता देवी, चंद्रमुखी देवी, अमीर चौधरी ,संजय राम, घनश्याम पटेल ,पिंटू कुमार, सर्वेश मंडल, अशोक पटेल, अरविंद पटेल ,शिव कुमार महतो, मुखिया रंजन कुमार एवं सैकड़ों कार्यकताओं के साथ भव्य स्वागत किया गया।

# महाविष्णु यज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कुढनी प्रखंड के बंछुमन गांव मे श्री बालक दास उर्फ नागा बाबा के सानिध्य में आयोजित दस दिवसीय सीताराम नाम जाप अखंड महाविष्णु महायज्ञ के छठे दिन शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सीमाई इलाके के कारण बिहार के जिले व पड़ोसी देश नेपाल से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।. सीताराम नाम धुन की अमृतवाणी से यज्ञ और आसपास का इलाका भक्तिमय हो गया है। यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। आयोजित विशाल व भव्य मेला में भी श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ स्थल पर भव्य पंडाल में सीताराम नाम जाप की श्रदालुओ ने परिक्रमा कर 52 अवतार में बने विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा का दर्शन कर रहे है.वहीं, जमीन के अंदर ध्यान में लीन साधु से श्रद्धालुओं आशीर्वाद भी ले रहे है। यज्ञ स्थल पर एक ओर 24 घंटे रामायण पाठ किया जा रहा है वहीं, साधु संत द्वारा हवन भी किया जा रहा है। दोपहर से प्रवचन किया जाता है और शाम में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भगवान राम के चरित्र को रामलीला के माध्यम से संगीतयमय कथा के माध्यम से चरित्र का वर्णन करते है। गुरुवार की रात भगवान राम के जन्म और उसके पहले की कथा को अयोध्या से आए मिथिल बाल लीला मंडल के कलाकारों ने नाट्य कला के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रामलीला में पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद के बाद अयोध्या के चक्रवर्ती राजा दशरथ प्रसन्न होने और फिर श्री राम के जन्म होने से अयोध्या में खुशी, का कलाकारों द्वारा चित्रण किया गया. फूलो की वर्षा के बीच राम के भक्ति के धुन में श्रद्धा की अमृतवाणी में सैकड़ो श्रद्धालु डुबकी लगाते रहे। महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष समेत सैकड़ो कार्यकता ग्रामीण श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुज हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. फखरुद्दीन अली अहमद की मनी जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। शुक्रवार को भारत के पूर्व दूसरे मुस्लिम राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की 118वीं जयंती शहीद सुखदेव सिंह समन्वय समिति कार्यालय, सुखदेव सभागार, सर्वोदय नगर, बेगूसराय में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक नेता अमरेंद्र कुमार सिंह ने की। अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि 13 मई 1905 को भारत के दूसरे मुस्लिम राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद का जन्म दिल्ली में हुआ था। वह उत्तर प्रदेश व दिल्ली से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद लंदन चले गए। वहां कैंप कैंब्रिज विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की। जो 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें 3 साल के लिए कारावास भी मिला। आजाद लाइब्रेरी के सचिव ने कहा कि फखरुद्दीन अली अहमद 24 अगस्त 1974 से लेकर अपने जीवन के अंतिम काल तक राष्ट्रपति रहे। जदयू के जिला जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक के उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली ने कहा कि 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें 3 सालों के लिए जेल की सजा दी गई। आजादी के बाद लोकसभा के लिए चुने गए और महत्वपूर्ण पदों पर काम किया। महिला सेल सचिव सुनीता देवी ने कहा कि फखरुद्दीन अली अहमद भारत के ऐसे महान राष्ट्रपति थे, जिन्होंने हिंदू मुस्लिम एकता बनाए रखें। 11 फरवरी 1977 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। इस अवसर पर राजेंद्र महतो अधिवक्ता जेपी सेनानी, अनिकेत कुमार पाठक आदि ने उनको याद किया।

# शहीद बैकुंठ शुक्ल की याद में दो दिवसीय श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपु। प्रथम बिहारी बलिदानी स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद बैकुण्ठ शुक्ल के 89वीं पुण्यतिथि 14 मई एवं 116वीं जयंती 15 मई को पूर्वाहन 9 बजे से मुजफ्फरपुर के बैरिया स्थित शहीद बैकुण्ठ शुक्ल गोलंबर पार्क में आयोजित किया गया है ।इस आयोजन में सर्वप्रथम जिला प्रशासन की ओर से पुलिस बल द्वारा शहीद की प्रतिमा को ह्यगार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। तत्पश्चात उपस्थित स्वतंत्रता सेनानियों, सांसदों, विधायकों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध देशभक्तों आदि द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। अमर शहीद बैकुण्ठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय उक्त समारोह में दोनों ही दिन सपना राज कला संगम द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की जाएगी तथा कवियों द्वारा शहीद बैकुठ शुक्ल को समर्पित काव्य पाठ किया जाएगा। अमर शहीद बैकुण्ठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय रामारोह की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार केजरीवाल तथा संचालन संगठन के मीडिया प्रभारी आचार्य चंद्र किशोर पाराशर करेंगे। बिहार सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री मो. इसराइल मसूरी स्वागताध्यक्ष के रूप में तथा संगठन के सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला समारोह के मुख्य संयोजक के रूप में समारोह में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को समायोजित करने में स्वागत समिति के सम्मानीय सदस्यगण सरदार योगेंद्र सिंह गंभीर,श्याम पटेल, चंदेश्वर चौधरी तथा डॉ देवेंद्र प्रसाद सिंह आदि की सक्रियता रहेगी ।इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति डॉ देवेश चंद्र ठाकुर, बिहार सरकार के वित्त

मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय पटना के सेवानिवृत्त विशेष सचिव उपेंद्र पांडे, समेत सांसद एवं विधायक भी उपस्थित रहेंगे।

# बखरी के लोक अदालत में 65 मामलों का हुआ निपटारा

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। बखरी व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिस कारण दिनभर न्यायालय परिसर में काफी गहमागहमी देखा गया। लोक अदालत में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में एसीजेएम सह सबजज रवीन्द्र कुमार, पीठ के सदस्य सह संघ के महासचिव अधिवक्ता राज कुमार के समक्ष बैंच क्लर्क गौतम भारद्वाज ने अभिलेख प्रस्तुत किया। समझौता व सुलह के आलोक में एसीजेएम न्यायालय के कुल 17 एवं फस्ट क्लास मजिस्ट्रेट कोर्ट के 15 आपराधिक वादों का निपटारा किया गया, वही अनुमंडल दंडाधिकारी शहजाद अहमद के न्यायालय में कुल 33 धारा 107 दण्ड प्रक्रिया संहिता के वाद का निष्पादन किया गया। इस दौरान एसीजेएम श्री कुमार ने कहा कि वाद में सुलह समझौता हो जाने से किसी पक्ष का हार जीत नहीं होता है और ना ही उभय पक्षों में किसी प्रकार का विद्वेष रहता है। मौके पर फस्ट क्लास मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार पासवान, अभियोजन पदाधिकारी अजय कुमार गुप्ता, अध्यक्ष राम ज्वालेश्वर प्रसाद सिंह, सचिव गौरव कुमार, प्रमोद कुमार, रामप्रवेश वर्मा, नवलकिशोर राय, मधुसूदन महतो, मदन कामति, कपिल देव साह, अशोक यादव, पेशकार श्याम किशोर प्रसाद, मनीष झा, मुकुंद झा, संदीप कुमार, अभिषेक कुमार, अजय कांत सिंह, मुन्ना मिश्रा, नीतीश कुमार, मनीष कुमार के अलावे संबंधित पक्षकार मौजूद थे।

# आगामी लोकसभा चुनाव में केन्द्र से भाजपा का सफाया तय

लंदन सिंह, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि अगले लोकसभा चुनाव में केन्द्र से भाजपा का सफाया होना अब तय है ।कर्नाटक चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि देश की जनता अब भाजपा के कुशासन से पूरी तरह ऊब चुकी है। वे आज दरभंगा जाने के क्रम में गायघाट में जदयू कार्यकताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बोल रहे थे। लंदन सिंह का स्वागत गायघाट प्रखंड मुख्यालय चौक पर किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जदयू नेता प्रभात किरण ने किया। इस अवसर पर हजारों जदयू कार्यकर्ताओ ने माला पहनाकर तथा नारा लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए ललन सिंह ने कहा कि गायघाट समाजवादियों की धरती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आवाहन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओ और जदयू नेता प्रभात किरण को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है ।2024 में केंद्र से भाजपा का सफाया तय है। इस अवसर पर उपस्थित नेताओ में गायघाट प्रखंड अध्यक्ष लाल बाबू सहनी, शंकर प्रसाद सिंह, राम सज्जन राय, हुकूमदेव प्रसाद यादव, मृत्युंजय सिंह, कैलाश दास, पूर्व उप प्रमुख दिनेश राय, राम नरेश साह, दिलीप कुमार सिंह, कपिलदेव सिंह, जयराम यादव, राणा रणधीर सिंह, युवा नेता मनीष कुमार यादव, परमानंद चौपाल, विविध कुमार पासवान, राधे श्याम यादव, नागेंद्र सहनी, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, रंजीत सिंह, श्याम यादव, अरुण राय, नीरज कुमार सोनू, गोपी सिंह, मुखिया गणेश ठाकुर, मुखिया अशोक शर्मा, मुन्ना सिंह, पंकज कुमार, युवा नेता कुन्दन कुमार, रमेश कुमार, सिया राम महतो, अकलू सहनी, गुड्डू मिश्र, राकेश राय, अखिलेश ठाकुर , राजा कुमार, राम उद्गार राय ब्यास जी आदि प्रमुख थे।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर निकाला ढ़ोल, नगारों के साथ विजय जुलुस

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव सावर कुमार के नेतृत्व में काली स्थान से नगरपालिका चौक, शहीद स्थल, न्यू मार्केट, हीरालाल चौक, थाना चौक होते हड़ताली चौक तक कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत से गदगद जिले के कोंग्रेसियों ने ढ़ोल नगारों के साथ विजय जुलुस निकाला। कर्नाटक की जनता को धन्यवाद देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं को बधाई दी है। गगनभेदी नारों के साथ कार्यकताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए मुंह मीठा कराया। अपने बधाई सन्देश में सदर की पूर्व विधायक अमिता भूषण ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि न मुखड़ा चला न दुखड़ा, 90 गालियों की जगह 9 काम गिनबा देते तो शायद कुछ भला होता। खैर बजरंगबली ने तो हाथों हाथ अपने अपमान का हिसाब चुकता कर लिया। हम तो अपने कार्यकताओं और राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेताओं को अपनी ओर से इस शानदार जीत की बधाई देते हैं। जीत हमेशा जिम्मेदारी के साथ आती है। हमारा पूर्ण विश्वास है कि हमारी सरकार कर्नाटक की जनता की आकांक्षा पर खड़ा उतरेगी। जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने इस जीत का पूरा श्रेय कर्नाटक की जनता, स्थानीय कार्यकर्ता और नेता को दिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य संजय सिंह, कुमार रत्नेश टुल्लू, जय प्रकश गुप्ता, अधिवक्ता रजनीश कुमार आदि ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा ने कर्नाटक में नफरत की दुकान पर ताला लगाते हुए मुहब्बत की दुकान खोल दी है। इस परिणाम का असर आने वाले राज्यों के विधानसभा पर ही नहीं बल्कि 2024 की लोकसभा पर भी होगा और नफरती राजनीति की हार होगी। इस दौरान जिला शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिवाकर सिंह, नगर अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, पूर्व मटिहानी प्रखंड अध्यक्ष अशोक राय, प्रभाशंकर सिंह, अनिल कुमार सिंह, चंद्रभूषण झा, मो कुदूस, छात्र नेता रवि कुमार, आलोक कुमार, सोशल मीडिया प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित सिंह, युवा कांग्रेस महासचिव राघव कुमार, अंकित कुमार आदि कॉंग्रेसजन शामिल थे।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस का रक्सौल तक विस्तार संभव नहीं : पूर्व मध्य रेलवे

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। मोतिहारी से आरंभ की गई इंटरसिटी एक्सप्रेस को रक्सौल जं. तक विस्तारित किये जाने को लेकर शिक्षाविद डॉ. (प्रो.) स्वयंभू शलभ द्वारा पीएमओ को भेजे गए जन परिवाद पर पूर्व मध्य रेलवे ने अपना पक्ष रखा है। बताया है कि मोतिहारी से शुरू की गई ट्रेन रक्सौल पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस के बजाय एक नई ट्रेन है। बोर्ड के निदेर्शानुसार जीरो बेस टाइम टेबल के दौरान स्लिप सेवाएं वापस ले ली गई हैं। यह एक नई ट्रेन है और बोर्ड द्वारा पेश की गई है। रक्सौल में उक्त ट्रेन के रेक को समायोजित करने के लिए बर्थिंग समस्या है। रक्सौल में पाथ बर्थिंग और प्लेटफॉर्म की कमी के कारण बापूधाम मोतिहारी पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस का रक्सौल तक विस्तार संभव नहीं है। रक्सौल और मोतिहारी के बीच दो जोड़ी अतिरिक्त ट्रेन दिए जाने की डॉ. शलभ की मांग पर बताया है कि वर्तमान में 03 जोड़ी मेल / एक्सप्रेस और 02 जोड़ी पैसेंजर ट्रेन रक्सौल और मोतिहारी के बीच चल रही है। डॉ. शलभ ने पीएमओ समेत रेल मंत्रालय व रेल बोर्ड को भेजे जन परिवाद में कहा है कि इस निर्णय में रेलवे द्वारा जनता के व्यापक हित को ध्यान में नहीं रखा गया है। यह निर्णय तर्कसंगत नहीं है। रक्सौल से चलनेवाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन अपने ओरिजिनेटिंग स्टेशन रक्सौल जं. से बंद कर मोतिहारी से आरंभ किये जाने से रक्सौल, रामगढ़वा समेत सीमावर्ती क्षेत्र की जनता स्तब्ध है। रेलवे द्वारा इस निर्णय पर पुनर्विचार किये जाने आवश्यकता है। बताया है कि नरकटियागंज से पाटलिपुत्र तक जाने वाली इंटरसिटी मोतिहारी होकर पूर्ववत चल रही है। फिर रक्सौल जं. से चलने वाली इंटरसिटी को बंद कर केवल 10 मिनट के अंतराल पर एक नई इंटरसिटी को मोतिहारी स्टेशन से चालू किये जाने का कारण और औचित्य समझ से परे है। इससे पूर्व इंटरसिटी का परिचालन रक्सौल जं. से किये जाने को लेकर डॉ. शलभ द्वारा पीएमओ को भेजे गए पत्र के आलोक में बीते 17 अप्रैल 2023 को पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बताया गया कि सीधी ट्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद रेलवे बोर्ड के दिशा-निदेर्शों के अनुसार स्लिप कोच को बंद कर दिया गया है। इस संदर्भ में डॉ. शलभ ने कहा है कि जो ट्रेन मोतिहारी से आरंभ की गई है यदि वह सीधे रक्सौल से खुलती है और सुगौली-मोतिहारी होती हुई पाटलिपुत्र तक जाती है तो वहाँ स्लिप कोच का प्रश्न कहाँ है। सीधे खुलने वाली ट्रेन के लिए स्लिप कोच वाला कारण अपनेआप खत्म हो जाता है। पुनः वाशिंग और मेंटेनेंस के लिए इस ट्रेन को या तो रक्सौल या नरकटियागंज आना होगा। ऐसी स्थिति में इस ट्रेन का परिचालन रक्सौल से आरंभ कर देने से लोगों की समस्याओं का निदान भी हो जाएगा और ट्रेन को रक्सौल रेल यार्ड में उपलब्ध कोचिंग कॉम्प्लेक्स, वाशिंगपिट, मेंटेनेंस और ठहराव आदि की सुविधा भी मिल जाएगी। डॉ. शलभ ने आगे बताया कि रक्सौल से सीतामढ़ी होकर दानापुर तक जाने वाली गाड़ी सं 15515/16 कभी इंटरसिटी 15202/01 का विकल्प नहीं बन सकती। इंटरसिटी सेवा के बंद किये जाने से रक्सौल समेत मसनाडीह, रामगढ़वा, धरमिनिया समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है। सीमावर्ती नेपाल के लोग भी इस ट्रेन से लाभान्वित होते रहे हैं। इंटरसिटी एक्सप्रेस रक्सौल को राजधानी पटना से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन है जो इस रूट की लाइफलाइन मानी जाती है और जो यहाँ के लोगों के लिए एक अनिवार्य सेवा के रूप में उपलब्ध रही है। रक्सौल और रामगढ़वा से जिला मुख्यालय मोतिहारी आने जाने के लिए भी यह गाड़ी एक प्रमुख साधन रही है। इस क्षेत्र के ज्यादातर छात्रों का परीक्षा केंद्र मोतिहारी में रहता है। मोतिहारी में सिविल कोर्ट और अन्य सरकारी दफ्तर होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में इस क्षेत्र के लोगों का इस ट्रेन से आना जाना होता है। वैसे भी 24 घण्टे में केवल तीन जोड़ी ट्रेन रक्सौल से मोतिहारी के बीच दी गई है जो अपेक्षाकृत काफी कम है। यात्रियों की संख्या और जरूरत के लिहाज से रक्सौल और मोतिहारी के बीच कम से कम दो जोड़ी अतिरिक्त ट्रेन दी जानी चाहिए।

# कर्नाटक की प्रचंड जीत पर युवा कांग्रेस ने मनाया जश्न

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। शनिवार को शहर के मुख्य मार्ग बांटा चौक पर रक्सौल युवा कांग्रेस प्रखंड कांग्रेस कमिटी के बैनर तले कर्नाटक की प्रचंड जीत पर अबीर गुलाल मिठाई और पटाखे उड़ाकर जश्न मनाया गया। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव सह नगर प्रतिनिधि रक्सौल सदस्य बिहार विधान परिषद क्षेत्र संख्या 12 के प्रोफेसर अखिलेश दयाल ने कहा किह्व जितनी गालियां गिनाई उतनी सीटें भी नही आईह्व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा जो 750 किलोमीटर कर्नाटक से होकर गुजरी उसका सीधा असर कर्नाटक चुनाव में देखने को मिला। साथ ही 40% की बात जो कहीं वो कहीं ना कहीं जनता के दिलो-दिमाग पर असर किया आने वाले वक्त में पांच वादें जो राहुल गांधी ने किया है वो पुरी करेंगे, क्योंकि मतदान के दिन जिस प्रकार लोगों ने महंगाई, बेरोजगारी, भष्ट्राचार के मुद्दों पर गहरा प्रसार किया, जिसके कारण 224 सीटों में लगभग 138 सीट जीत कर लोगों के भरोसा और विश्वास को जीता है ।रक्सौल प्रखंड अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी ने कहा कि कर्नाटक की ऐतिहासिक जीत वहां के गरीब मजलूमों दलितों की जीत है। रक्सौल विधानसभा अध्यक्ष खुशबू दयाल ने कहा कि आने वाले पांच राज्यों के चुनाव में भी कांग्रेस भाजपा का क्लिन स्वीप की जाएगी। रक्सौल युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि कर्नाटक तो बस झांकी है पुरा देश बाकी है अब भाजपा को महंगाई का ह्लमह्व बेरोजगारी का ह्लबह्व कहना होगा। युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अमन कुमार ने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की देन है कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश में मोहब्बत की दुकान खुली है तो कर्नाटक में पुरा होलसेल मोहब्बत की दुकान। व्यवसाय प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि अब जुमलेबाजी से देश नहीं चलेगा यह विश्व का सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्ष देश है यहां सभी लोगों को एक साथ लेकर चलना होगा तभी देशहित में काम होगा।अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष जिशान अंसारी ने क

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय वृद्ध की मौत

संग्रामपुर। संग्रामपुर-गंगटा मुख्य मार्ग झिकुली के समीप मोटर साइकिल चालक ने साइकिल सवार को मारा धक्का इलाज के दौरान मौत हो गयी।जानकारी के अनुसार झिकुली गांव के 61 वर्षीय बाल्मिकी सिंह सुबह 10 बजे घर से संग्रामपुर बाजार डाढ़ी बनाने निकले थे बाजार से डाढ़ी बनाकर घर लौट रहे साइकिल चालक को मोटरसाइकिल चालक ने पिछे से धक्का मार दिया।जिससे बीच सड़क पर ही गिर गया।स्थानीय लोगो की मदद से संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया।भागलपुर में इलाज के दौरान साइकिल सवार झिकुली निवासी बाल्मिकी प्रसाद सिंह की मौत हो गई।

### लोक सेवा केन्द्र के संचालक की लापरवाही से छात्र- छात्रा परेशान

असरगंज। प्रखंड कार्यालय में संचालित लोक सेवा केन्द्र के संचालक के लापरवाही एवं मनमर्जी से छात्रों का जाति आवासीय प्रमाण पत्र समय से नहीं बन पा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद घंटों कतार में खड़े होकर भी छात्रों का प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जिससे छात्रों के बीच रोज बकझक की स्थिति उत्पन्न हो जा रहा है। सरकार द्वारा आनलाईन की व्यवस्था कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से किया गया है, पर यहां के भीड़ को देखकर लगता है। लोक सेवा केन्द्र सिर्फ लोगों को परेशान करने का काम कर रहा है।

### बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान

असरगंज। प्रखंड के विभिन्न गांवों में सहायक अभियंता विद्युत एवं मुंगेर जिले के एसटीएफ कंचन कुमारी के नेतृत्व में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी अभियान के दौरान एक विधुत उपभोक्ता को बिजली बायपास करते हुए पकड़ा गया। विधुत चोरी के अभियुक्त पर असरगंज थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

मुंगेर। मुफस्सिल थाना ने गुरुवार की रात भेलवा दियारा में छापेमारी कर दुष्कर्म के तीन आरोपी को हिरासत में लिया है तीनों को शुक्रवार के दिन मुंगेर मंडल कारा भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिलजीत झा ने कहा कि कुछ माह पूर्व नाबालिग के साथ कुछ माह पूर्व दुष्कर्म मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी इसमें पुलिस ने बेलवा से कांड के आरोपित दिलीप चंदन और प्रमोद को गिरफ्तार किया है इससे पूर्व दो नामजद गौतम और दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ये तीनों फरार चल रहा था।

### संवेदक से बीडिओ ने पूछा स्पष्टीकरण

असरगंज। थाना क्षेत्र के सजुआ पंचायत अंतर्गत सती स्थान में कचरा अपशिष्ट प्रबंधन के भवन निर्माण में संवेदक द्वारा बरती जा रही अनियमितता को लेकर बीडीओ ने दर्ज प्राथमिकी कराया। बताया जाता है कि संवेदक द्वारा एक नंबर ईद के स्थान पर तीन नंबर 8 एवं गुणवत्ता विहीन कार्य की जांच वीडियो के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने गुणवत्ता विहीन भवन निर्माण को लेकर संवेदक नागेश्वर प्रसाद से स्पष्टीकरण मांगा है इसका जवाब तीन दिनों के अंदर कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है।

### बनभाग चूनापुर के पूर्व सरपंच एहतशाम का दिल का दौरा से निधन

पूर्णिया/ केनगर। कृत्यानंद प्रखंड के बनभाग चूनापुर पंचायत के पूर्व सरपंच ऐहतशाम आलम का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही जिला परिषद क्षेत्र संख्या 18 के देसबंधु कुमार उर्फ बूलबूल, जदयू नेता मो मुर्तजा आलम, समाजसेवी मो असफाक, सतकोदरिया पंचायत के सरपंच अजाउर रहमान उर्फ पप्पू भाई सहित गणमान्य लोग उनके पैतृक घर आदमपुर पहुंचकर उनके पुत्र कमर राजा, समस रजा, अली रजा, अमन रजा को ढाढस दिलाया। प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्ष 2006 से 2011 के सत्र में, वे सरपंच बनकर समाज सेवा किये थे। वे काफी सुलझे हुए एवं मिलनसार व्यक्ति थे। इससे पहले भी वे वायु सैनिक के रूप में राष्ट्र की सुरक्षा किये थे।

### शादी का झांसा देकर 6 माह से करता रहा यौन शोषण

पूर्णिया/ केनगर। केनगर थानाक्षेत्र के बिठनोली पूरब पंचायत के वार्ड सं 06 सबूतर निवासी मो मेराज की 22 वर्षीय पुत्री शाहीबा प्रवीण ने गले मे दुपट्टा का फंदा बनाकर पंखे से लटकर कर आत्महत्या कर लिया है। मो मेराज ने बताया कि मेरी पुत्री शाहीबा प्रवीण से पड़ोस के ही मो हफीज का 25 वर्षीय पुत्र मो सादिक से प्रेम प्रसंग लगभग एक वर्ष से चल रहा था। प्रेम करने के बाद मेरी पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर लगातार लड़के के द्वारा यौन शोषण किया जा रहा था। परन्तु इधर 2 माह पूर्व लड़के ने शादी से इंकार कर दिया। जिससे हतोसाहित होकर मेरी पुत्री ने आज संध्या 5.30 बजे फांसी लगाकर जान दे दिया है। मो सादिक के द्वारा पिछले 6 माह से मेरी पुत्री से शादी का झांसा देकर शाररिक एवं मानसिक प्रताड़ना को दिया जा रहा था अंजाम।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत रूप से हुआ आयोजन

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुपेश देव, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ज्योति कुमारी के अलावे कई गणमान्य लोगों ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कोट के न्यायिक पदाधिकारी, शहर के गणमान्य चिकित्सक अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। वही उद्घाटन सत्र कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन रमण कर्ण ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए भागलपुर में 18 नवगछिया में 06 और कहलगांव में 02 कुल 26 बेंच बनाकर केसों का निष्पादन किया गया। इस बार 28 हजार मामले के नोटिस जारी किया गया था, साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए गांव-गांव जागरूकता रथ भी निकाली गई थी। जिससे ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन हो सके। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित विवादों को समझौते के माध्यम से निशुल्क सुलझाने के लिए एक वैकल्पिक मंच है, इस दौरान बिजली, अनुमंडल राजस्व, सिविल, पारिवारिक, पानी, एक्सीडेंटल, बैंक संबंधी, श्रम संबंधी, ट्रैफिक चालान संबंधी कई केसों का निष्पादन किया गया। वहीं जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि उच्चतर न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आलोक में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से भागलपुर में काफी वादों का निष्पादन हो रहा है, और इस बार उम्मीद है, पिछले साल से भी ज्यादा मामलों का निष्पादन होगा। जितने भी पक्षकार हैं, वह न्यायालय में पहुंचकर अपने केसों का निष्पादन कराने में लगे हुए हैं। वही न्यायालय से लेकर प्रशासन तक इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने में डटे हुए है।

# शरद पवार को साझा विपक्ष का चेहरा बनाने के लिए नीतीश-ललन का आभार : केशरी

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर सदर। शनिवार को शरद पवार विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष एनसीपी नेता संजय केशरी ने शरद पवार को संयुक्त विपक्ष का चेहरा बनाने की घोषणा का स्वागत किया है।अपने आवासीय कार्यालय दो नंबर गुमटी पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एनसीपी नेता संजय केशरी ने कहा कि भारतीय राजनीति के चाणक्य एनसीपी सुप्रीमो शरद ही विपक्ष में एकमात्र ऐसा चेहरा हैं जिसे यूपीए के सभी नेता सहर्ष स्वीकार कर लेंगे और जो मोदी मैजिक की काट करने में सक्षम है।

श्री केशरी ने कहा कि आज जिस तरह से हिंदुत्व एवं छद्म राष्ट्रवाद का अफीम पिलाकर बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे सुलगते सवालों से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है उसकी काट भारतीय राजनीति के वास्तविक चाणक्य शरद पवार ही कर सकते हैं। एनसीपी नेता संजय केशरी ने नीतीश-ललन को साधुवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सही समय पर प्रधानमंत्री पद के लिए शरद पवार का नाम साझा विपक्ष का चेहरा के रूप में उभारा जिसके लिए एनसीपी का एक-एक कार्यकर्ता नीतीश कुमार और ललन सिंह का आभारी हैं।

# महिला कांस्टेबल ने की खुदकुशी, मौत से पहले ऑनलाइन थी मृतिका

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। भागलपुर रेल महिला कॉन्स्टेबल ने पंखे में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर अबतक पुलिस को आत्महत्या के कारणों का कुछ भी पता नहीं चल पाया है, अनुमान यह लगाया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में महिला पुलिसकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मिली जानकारी के अनुसार भागलपुर रेलवे स्टेशन में कॉन्स्टेबल पद पर कार्यरत एक महिला कॉन्स्टेबल ने खुद के गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। मृतक महिला कॉन्स्टेबल की पहचान झारखंड के देवघर माधवपुर की रहने वाली नीतू कुमारी के रूप में बतायी जा रही है।

गौरतलब हो कि महिला कांस्टेबल नीतू विगत 12 मई शुक्रवार को अपनी ड्यूटी में सुबह 6:00 बजे पोस्ट पर पहुंच गई थी, और 2:00 बजे तक ड्यूटी भी की थी, ड्यूटी करने के बाद जब वह अपने कमरे में आई और यह घटना 2:45 से 3:00 दोपहर के बीच की बतायी जा रही है, जैसे ही नीतू के साथ रहने वाले उनकी सहयोगी महिला सिपाही ने उसे पंखे से फंदे में झूलते देखा,तो उन्होंने शोर शराबा मचाना शुरू कर दिया, लेकिन जब तक उसे फंदे से नीचे उतारा जाता तब तक उसकी स्थिति नाजुक हो चुकी थी। उसे आनन-फानन में फंदे से उतारकर मायागंज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतिका नीतू कुमारी विगत 3 साल से भागलपुर आरपीएफ विभाग में कार्यरत थी, 2020 बैच में उनकी नियुक्त हुई थी। इसकी यह पहली पोस्टिंग भागलपुर रेल थाना में हुई थी। मृतिका कांस्टेबल नीतू अपनी मौत से पहले पति से फोन पर काफी देर तक झड़प हुई थी, जब उसका मोबाइल खंगाला गया तो मौत के पहले वह ऑनलाइन थी, उसके बाद वह फंदे से झूल कर अपनी जान दे दी। गौरतलब हो कि रेल महिला कॉन्स्टेबल नीतू कुमारी के पति प्राइवेट इंजीनियर हैं, उनका प्राइवेट जॉब है, नीतू अपने मां पिता की इकलौती बेटी थी। मृतिका नीतू की पति प्रशांत दीपक जसीडीह के कोराडीह के रहने वाले हैं, जिससे विवाद होने की आशंका जताई जा रही है। मृतिका नीतू की शादी हुए महज एक साल ही पूरे हुए थे आज उसके पहले सालगिरह का दसवां दिन था, फिलहाल आरपीएफ के वरीय अधिकारी इस मामले की जांच में जुट गए हैं। वही भागलपुर जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल परिसर में नीतू के शव के पास उसकी मौसी व उनके परिवार के सदस्यों की मौजूदगी हो सकी थी, जो नीतू के चेहरे को देख रो-रोकर उसका बुरा हाल है, उसे कुछ समझ नहीं आ रहा आखिर यह सब कुछ कैसे हो गया। उसके बाद तकरीबन 4 से 5 घंटे बाद उसके मां पिता भी मायागंज अस्पताल पहुंचे, जहां बेटी के शव को देखते ही पूरा अस्पताल परिसर चित्कारियो से गूँजमान हो उठा, देखते ही देखते माहौल काफी गमगीन हो गया। मृतिका कॉन्स्टेबल नीतू के पिता चिंतामणि चौधरी ने कहा यह आत्महत्या नहीं हत्या है, मेरे दामाद ने हीं सड़यंत्र के तहत मेरी बेटी की हत्या की है, मेरा दामाद कुछ भी काम नहीं करता था, बदले में मेरी बेटी से हर महीने सारे पैसे ले लेता था, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी देता था, और आज वही हुआ है, 3 महीने पहले भी मेरी बेटी के साथ इसके ससुराल पक्ष के लोग गाली गलौज और मारपीट किए थे, वही नीतू के पिता हताश बदहवास हो उन्होंने यह भी कहा कि मेरे दामाद और उसके मां पिताजी नशे का भी धंधा करते हैं। मेरी बेटी को मेरे दामाद और उनके मां पिताजी ने मिलकर ही मारा है, मुझे न्याय चाहिए।

# युवक पर सरेशाम अपराधियों ने की फायरिंग

प्रात: किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। ललमटिया थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित एनएच 80 पर सरेशाम ताबड़तोड़ गोली फायरिंग करने का मामला सामने आया है। गोलियों की आवाज सुनकर इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि चारपहिया वाहन चालक युवक के ऊपर अपराधी तत्व युवकों ने तबतोड़ गोली चलानी शुरू कर दी, हालांकि घटना में किसी के हताहत की खबर नहीं मिली है। पीड़ित युवक ने स्थानीय थाना पहुंचकर घटना से जुडी अपनी आपबीती बतायी है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए त्वरित अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच करने के साथ गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये हैं। मिली जानकारी के मुताबिक नाथनगर उपरटोला निवासी मो. खालिद और सजौर थाना क्षेत्र के दरियापुर सरौख निवासी मिथुन कुमार के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर कुछ वर्षो से विवाद चल रही थी। वही घटना को लेकर मो. खालिद ने बताया कि मिथुन कुमार तीन साल पहले उसकी गाड़ी चलाया करता था, इसी बीच कुछ गलत शिकायत मिलने पर उसका हमने हिसाब करके उसे काम से हटा दिया गया था। काम से हटाये जाने के बाद वह लगातार 50 हजार रुपए देने की मांग करता था। जबकि कोई बकाया रकम उसके पास नहीं है। विगत शाम को जब वह अपने गैरेज परबत्ती जा रहा था, इसी क्रम में सुभाष चौक पर स्थित ग्रामीण बैंक के पास पहुंचा था तभी मिथुन कुमार अपने कुछ अज्ञात दोस्त के साथ मिलकर अचानक उसपर तबतोड़ गोली चलानी शुरू कर दी। वही इस घटना में उसका निशाना चूक गया वरना उसकी मौत हो जाती। वही स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर खदेड़कर मिथुन व उसके दोस्त को पकड़ लिया और मौके से पुलिस को सूचना देने के साथ मौके पर पहुंची पुलिस टीम के हवाले उक्त युवकों को कर दिया। वही पुलिस ने गिरफ्तार युवक की पहचान मधुसूदनपुर नूरपुर इलाके के आतिश कुमार के रूप में की है। वही घटना को लेकर ललमटिया थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत मिली है। वही उक्त घटना में एक की गिरफ्तारी भी हुई है। वही वादी द्वारा बताए गए घटना के मुख्य आरोपित मिथुन कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। वही सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक घटना गांजा व नशीली पदार्थ की तस्करी करने को लेकर गोलीबारी की घटना घटित हुई है। वही पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही हैं।

# दो ट्रक की भीषण टक्कर में ट्रक चालक की मौके पर हुई मौत

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। भागलपुर दुमका मुख्य सड़क मार्ग पर बैजानी पेट्रोल पंप के समीप अहले सुबह दो ट्रक की आमने सामने भीषण टक्कर हो गई, वही इस घटना की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। वही ग्रामीणों का कहना है कि बाइक को बचाने में दोनों ट्रक की आपस में भिड़ंत हो गई है। जिसमें बाइक सवार युवक और दुर्घटना ग्रस्त ट्रक पर सवार खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद बाईपास टीओपी थाना पुलिस को सूचित किया, वहीं बाईपास टीओपी थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच सभी घायल हुए लोगों को त्वरित इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लेजाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत ट्रक चालक बने खलासी को मृत घोषित कर दिया। वही घटना की जानकारी मिलते ही मृतक खलासी के परिजनों का तांता लग गया। मृतक खलासी की पहचान पूर्णिया बनमनखी वार्ड 10 के मो. अमीरुद्दीन हशन के पुत्र 35 बर्षीय जोहुल हशन के रूप में बताया गया है। वही दूसरी तरफ घटना से जख्मी हुए बाइक सवार की पहचान नाथनगर चंपानगर के 65 बर्षीय रविनंदन ठाकुर की हालत की गम्भीरता को बताते हुए चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा हैं। वही दूसरी तरफ पुलिस मृतक खलासी के परिजनों के लिखित फर्द बयान दर्ज करने के साथ मृतक खलासी के शव को पोस्टमार्टम के लिए लेजाया गया। जहां पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव के अंतिम मिट्टी को लेकर परिजनों को सौप दिया है। वही दूसरी तरफ देखते ही देखते दुमका भागलपुर सड़क मार्ग पर घटना के बाद दोंनो तहत वाहनों के परिचालन में रुकावट पैदा होने के साथ जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी, तभी स्थानीय पुलिस प्रशासन टीम मौके पर मौजूद रहकर वाहनों के लगी लंबी कतार को सुचारू रूप से आवाजाही करते हुए जाम को छुड़वाया गया। वही जाम छुड़वाने में भी प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# अज्ञात अपराधियों द्वारा एक किसान की निर्मम हत्या, इलाके में फैली सनसनी

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज थाना क्षेत्र के मिरहट्टी पंचायत के भंगा बांध के समीप खेत में देर रात अज्ञात अपराधियों द्वारा एक किसान की निर्मम हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है।

वही मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधि ने बताया कि सुबह जब किसान अपने खेतों में काम करने जा रहा था। तभी मिरहट्टी गांव के वार्ड नंबर 5 के रहने वाले बीजू यादव के 35 वर्षीय पुत्र विनय यादव की निर्मम हत्या दिये जाने की जानकारी सामने आने के बाद पूरे इलाके में कोलाहल मच गया है। वही इस घटना को लेकर जनप्रतिनिधि एवम ग्रामीणों ने मामले की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस प्रशासन को दी। जिसकी सूचना मिलते ही त्वरित सुल्तानगंज थाना पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई। वही सुल्तानगंज थानाध्यक्ष प्रियरंजन ने घटना की छानबीन करते हुए मृतक किसान के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मायागंज भेज दिया हैं।

घटना के बाबत पंचायत के मुखिया अशोक कुमार यादव, उत्तरी जिला परिषद सदस्य अरुण दास व ग्रामीणों के द्वारा क्यास लगाया जा रहा है कि उक्त मृतक किसान को देर रात अज्ञात अपराधियों द्वारा गले में फांसी का फंदा लगाकर हत्या कर दिया गया, फिर बिजली का करंट से हीटर पर बैठकर जलाने का प्रयास किया गया है। इस पूरे घटना को लेकर थानाध्यक्ष प्रियरंजन घटनास्थल पर पहुंच कर तहकीकात करते हुए संबंधित अपराधी की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी में जुट गई है।

# कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने मारी बाजी, समर्थकों के बीच दौड़ी खुशी की लहर

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। राज्य की सत्ता पर काबिज होने के लिए बीजेपी कांग्रेस और जेडीएस के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा था, तीनों पार्टियों के नेताओं के बीच चुनाव प्रचार के दौरान खूब जुबानी जंग देखने को मिल रही थी, लेकिन कांग्रेस ने भारी बहुमत से कर्नाटक चुनाव में जीत सुनिश्चित कर ली है। इसको लेकर कांग्रेसियों में अच्छा खासा खुशी की लहर देखी जा रही है।

इस खुशी में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा भी अपने आप को रोक नहीं पाए, उन्होंने कांग्रेसी कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर अबीर गुलाल लगाकर बधाइयां दी।इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालकर देशवासियों को एक करने का काम करते हैं, लेकिन बीजेपी देश में धर्म के नाम पर फूट डालने, देश को तोड़ने, लोकतंत्र को तोड़ने व नफरत फैलाने का काम करती है। जिसके चलते आज कर्नाटक की जनता ने बीजेपी को करारा जवाब दे दिया है, कर्नाटक में कांग्रेस भारी मतों से जीत कर विजय पताका लहरा रही है। सभी कांग्रेसियों व देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही उन्होंने बीजेपी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बजरंगबली पूरे देश की जनता का है, सिर्फ बीजेपी का नहीं यह कर्नाटक की जनता ने इस चुनाव में भारी मतों से कांग्रेस को जीता कर जता दिया है।

# अग्निपीड़ित परिवारों के बीच मुखिया ने निजी कोष से बांटे राहत सामग्री

पूर्णिया/बड़हरा कोठी। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दिवराधानी पंचायत के वार्ड संख्या तीन में अग्निकांड के पीड़ित परिवारों को मुखिया ठाकुर चंदन सिंह द्वारा निजी कोष से राहत सामग्री एवं नगद राशि उपलब्ध करवाया गया। बताते चले कि गुरुवार को अपराह्न दिवराधानी पंचायत के वार्ड संख्या 3 में हुई भीषण अग्निकांड में सुधीर मंडल एवं सुनील मंडल का 9 आवासीय घर एवं उसमे रखा 40 हजार नगदी, खाद्यान्न सहित सारा सामान जलकर राख हो गया था। अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवार भूखे प्यासे खुले आसमान में रहने को विवश थे। पंचायत के मुखिया ठाकुर चंदन सिंह को अग्निकांड की जानकारी मिलते ही मुखिया द्वारा निजी कोष से दोनों पीड़ित परिवारों को त्रिपाल, दरी, खाद्यान, बर्तन एवं 10 हजार रुपया नगद उपलब्ध करवाया गया। मुखिया द्वारा इस प्रकार त्वरित राहत उपलब्ध करवाने के प्रयासों का चारो ओर सराहना किया जा रहा है।

# शिक्षा सेवक, तालिमी मरकजो की हुई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

जगदीशपुर (भागलपुर)। प्रखंड संसाधन केंद्र जगदीशपुर में महा दलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत सभी शिक्षा सेवक/तालिमी मरकजो की एक आवश्यक बैठक शंकर पासवान केआरपी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एसआरपी जिगयाधर जिगर, मो. इमतियाज, शबनम आरा, बबिता कुमारी, सुनिल कुमार चौधरी सहित 28 शिक्षा सेवक तालिमी मरकजो ने भाग लिया, साथ ही बैठक में सर्व प्रथम संस्थान एवं जन शिक्षा निदेशालय पटना के द्वारा आगामी 1 जून से 30 जून तक समर कैंप चलाने हेतु चर्चा पर जोड़ देते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। इस दौरान बताया गया है कि आयोजित समर कैंप में कक्षा 6 एवं 7 तक के छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। समर कैप का संचालन हेतु सभी शिक्षा सेवक तालिमी मरकज एवं गांव के शिक्षित युवक - युवतियों के द्वारा किया जाएगा, जिन्हें कैंप समापन के उपरांत सरकार के द्वारा कार्य करने वाले को सर्वश्रेष्ठ कर्मियों के प्रमाण पत्र निर्गत की जाएगी। अंत में केआरपी शंकर पासवान के धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत बैठक संपन्न की गई।

# अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर हर्षोल्लास के साथ नर्सो ने काटा केक

धमदाहा/पूर्णिया। अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर धमदाहा अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार कक्ष में अन्तराष्ट्रीय नर्स दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जीएनएम फुलवती कुमारी, गुंजन भारती, बेलापीवी के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित दिवस पर सभी नर्सज ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाया। मौक पर नर्स दिवस पर जीएनएम फूलवती कुमारी ने नर्सो को सम्बोधित करते हुए कहा आज पुरा विश्व अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाते है। 12 मई 1974 को मशहूर नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। जी एन एम गुंजन भारती, रूकमणि कुमारी ने कहा मशहूर फ्लोरेंस नर्स के जन्म दिवस पर अंतरराष्ट्रीय नर्स डे दुनिया भर की नर्सेज को समाज में उनके खास योगदान देने के लिए मनाया जाता है। नर्सेज की सेवा भावार्थ की कोई तुलनात्मक नहीं की जा सकती इसके ऊपर जितनी भी चर्चा की जाए वह कम होगा। धटना दुर्घटना स्थिति परिस्थिति के समय में नर्सेज अपनी महत्वपूर्ण सेवाभाव कार्य निर्वाह करती है। जी एन एम बेला पी वी ने कहा इसकी शुरूआत 12 मई 1974 से ही हुई है। मशहूर नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# हर घर नल जल योजना के ऑपरेटरों का हड़ताल खत्म करवाने को लेकर बैठक

प्रात: किरण ब्यूरो

पूर्णिया/बड़हरा कोठी। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर नल जल योजना के ऑपरेटरों का 5 मई से जारी हड़ताल को समाप्त करवाने के लिए बड़हरा कोठी बस स्टैंड धर्मशाला पर प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायतों के पम्प संचालकों एवं पीएचईडी के कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पम्प संचालकों ने मौके पर उपस्थित पीएचईडी के अभियंताओं के सामने जल मीनार का उचित मेन्टेनेन्स नही होने, कम मानदेय एवं चार माह से मानदेय का भुगतान नही होने का मुद्दा उठाया। पम्प संचालकों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा हर घर नल जल योजना के जांच में वास्तिवकता को छुपाकर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता है। जबकि मेंटेनेंस के अभाव में किसी भी जल मीनार से गुणवत्ता पूर्ण पानी सप्लाई नही किया जा रहा है। संचालकों ने बताया कि प्लांट को चालू हुए दो वर्ष बीतने को है लेकिन किसी भी जल मीनार पर उचित मेन्टेन्स का काम नही हुआ है। फलतः कई प्लांट में तकनीकी खराबी आने के बाद पंप बन्द हो गया है जो प्लांट चल भी रहा है किसी भी प्लांट के जल की गुणवत्ता सही नही है।

संचालकों ने उपस्थित पादधिकारियों से जल मीनार के मेन्टेन्स पर ध्यान देने का अनुरोध किया। संचालकों ने बताया कि एक तो हमलोगों को मनरेगा मजदूर से भी कम मजदूरी दिया जा रहा है वही दूसरी ओर हमलोगों का चार माह का मानदेय बकाया है। फलस्वरूप हम सबों ने पंप बन्द कर दिया है। संचालकों ने बकाया मानदेय का भुगतान करते हुए जल मीनार के उचित देखरेख की समुचित व्यवस्था करने का अनुरोध बैठक में उपस्थित पादधिकारियों से किया। संचालकों ने कहा कि जबतक बकाया मानदेय का भुगतान और उचित व आवश्यक मेन्टेन्स का आश्वासन नही मिलेगा तबतक तालाबंदी जारी रहेगा। बैठक में पम्प संचालकों की समस्या को सुनते हुए पीएचईडी के पदाधिकारियों द्वारा 19 मई तक बकाया मानदेय भुगतान का आश्वासन दिया गया। पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इस माह के अंत तक सभी जल मीनार के मेन्टेन्स का काम भी पूरा कराया जाएगा। बैठक में उपस्थित विभागीय पदाधिकारियों ने पम्प संचालकों को एकरारनामा की कॉपी उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता अबोध कुमार ने संचालकों से कहा कि कोई समस्या होने पर हमलोगों को समस्या की जानकारी दें। उन्होंने पंप संचालकों को सुझाव दिया कि एक व्हाट्सप्प ग्रुप बनाकर सभी पम्प संचालकों सहित हमसबों को भी जोड़े और कोई समस्या होने पर ग्रुप के माध्यम से जानकारी दें। ग्रुप में पोस्ट किसी भी समस्या का त्वरित निदान किया जाएगा। पीएचईडी पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद संचालकों द्वारा हड़ताल समाप्त करने का घोषणा किया गया। वही संचालकों ने कहा कि मांग पूरा नही होने पर पुनः आंदोलन किया जाएगा। बैठक में पीएचईडी के सहायक अभियंता नेहा कुमारी, कनीय अभियंता अबोध कुमार, पम्प संचालक रासबिहारी कुमार, दिलखुश झा, रमन यादव, श्याम कुमार, साजन कुमार सहित दर्जनों पम्प संचालक उपस्थित हुए।

# स्कूल चलें हम अभियान को लेकर जिला पदाधिकारी ने किया समीक्षा बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ "स्कूल चलें हम" अभियान को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। जिला पदाधिकारी ने पूर्व के समीक्षात्मक बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को यह दिशा निर्देश दिया था कि आंगनबाड़ी के वैसे बच्चे जिनकी आयु 6 वर्ष से अधिक हो की सूची बनायें जिससे कि उनका नामांकन नजदीकी विद्यालय में कराया जा सके एवं ड्रॉपआउट रेश्यो को कम किया जा सके और ध्यान रहे कि एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे क्योंकि समाज का हर एक बच्चा कीमती है। उक्त दिए हुए निर्देश के आलोक में समीक्षात्मक बैठक की गई जिसमें डीपीओ आईसीडीएस द्वारा बताया गया कि बच्चों की पहचान कर सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया गया है जिसमें अब तक कुल 3433 आंगनबाड़ी केंद्र में 12348 बच्चों को चिन्हित किया गया है। डीपीओ (आईसीडीएस) द्वारा जिला पदाधिकारी के समक्ष बच्चों से जुड़ी हुई कुछ समस्याओं को भी रखा गया जैसे कतिपय बच्चों का आधार नहीं है एवं बैंक खाता नहीं है। इस पर जिला पदाध

## संक्षिप्त खबरें

### लोक अदालत में दिव्यांगजन को 39 ट्राइसाईकिल का हुआ वितरण

गया। के जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग गया द्वारा व्यवहार न्यायालय, गया के परिसर में बैट्री चालित ट्राइसाईकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। लोक अदालत के अवसर पर 39 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राइसाईकिलों का वितरण व्यवहार न्यायालय, गया के जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं अन्य न्यायाधीशों द्वारा किया गया। 39 में 38 दिव्यांगजन सदर अनुमण्डल के थे एवं 01 शेरघाटी अनुमण्डल के थे। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग गया द्वारा बताया गया कि अब तक मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना अन्तर्गत वैसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 60% या इससे अधिक है और जो अपने घर से कम- -से-कम 3 कि०मी० या अधिक दूरी पर अपना व्यवसाय कर रहे हैं और किसी महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं, उनमें से गया जिले के कुल 144 दिव्यांगजनों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है।

### 100 आसन वाले छात्रावास का होगा निर्माण

गया।मगध विश्वविद्यालय परिसर बोधगया में ओबीसी एवं एससी एसटी वर्ग बालक बालिका के लिए सौ आसन वाले छात्रावास निर्माण होगा। इसके लिए जिला पदाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम ने मगध वेश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजा था। जेस पर मगध यूनिवर्सिटी के कुलपति से जिला पदाधिकारी की बात हुई है और कुलपति ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। अब जल्द ही मगध यूनिवर्सिटी परिसर में सौ आसन वाले छात्रावास का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा।

### तृतीय सारण अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह की हुई शुरूआत

छपरा । एक बार फिर से सारण इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे संस्करण का दो दिवसीय आयोजन छपरा मे बने न्यू ऑडिटोरियम मे किया गया। फेस्टिवल के पहले दिन इटली, फिलिपिंस, भारत, तुर्की, स्पेन, अमेरिका की फिल्मों का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत सबसे पहले युवा कला संस्कृति मंत्री बिहार सरकार जितेंद्र राय छपरा के विधायक सी एन गुप्ता फिल्म और थिएटर के जानेमाने कलाकार और इस फिल्म फेस्टिवल के ब्रांड एंबेसेडर अखिलेंद्र मिश्र , सारण डॉक्टर वीरेंद्र नारायण यादव, मयूर कला केंद्र के लालबाबू सिंह, वीडियो मयूर के संस्थापक पशुपतिनाथ अरुण के हाथो दीप प्रज्वलन करके उसका उद्घाटन किया गया। फिल्म फेस्टिवल के दौरान सुबह से ले के शाम तक अलग अलग देशों की कई सारी शॉर्ट फिल्मे दिखाई गई,जिसका आनंद फिल्म फेस्टिवल में आए दर्शको और खास कर बच्चो ने उठाया।

### बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर कटाव निरोधक कार्यों की हुई समीक्षा

पूर्णिया । जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा बाढ़ को लेकर पूर्व तैयारी के लिए लगातार संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक एवं दिए हुए देशा निदेशों के अनुपालन के समीक्षा का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी सोमवरीय बैठक के पूर्व अमौर प्रखंड अंतर्गत गोरिया, रमनी, कोचका एवं सिंधिया ग्राम में कटाव निरोधक कार्य 73 प्रतिशत पूर्ण हुआ था, महेश बथना एवं चनकी मैं कटाव निरोधक कार्य 80 प्रतिशत एवं सिमलबाड़ी नगर टोला में 87 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया था। वहीं बैसा प्रखंड अंतर्गत पोखरिया ग्राम में कटाव निरोधक कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया था। बायसी प्रखंड अंतर्गत भीखनपुर, मरुआ यादव टोला ग्राम में कटाव निरोधक कार्य 78 प्रतिशत, मथुरापुर चमन टोला नियामतपुर कब्रिस्तान, ईदगाह टोला रेजवान टोला एवं खुटिया ग्राम में कटाव निरोधक कार्य 68 प्रतिशत पूर्ण था। परंतु जिला अधिकारी द्वारा सोमवारीय बैठक में दिये निदेश के बाद कटाव निरोधक कार्य में तेजी आई है।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर दिया बधाई

पूर्णिया । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं आल इंडिया पोलिंग बूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्तेखाब आलम ने कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस की जबरदस्त जीत पर खुशी जाहिर की है और कर्नाटक विधानसभा में तमाम मतदाताओं को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने जबरदस्त मेहनत की है और राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे को बधाई देते हुए कहा कि मूल रूप से धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने पूरी टीम को जिस मुस्तैदी से लगाया था वह काबिले जिक्र है। हम समझते हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनकी पहली जीत के लिए सबसे ज्यादा मुबारकबाद का हकदार हैं।

# परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शनिवार को जिला पदाधिकारी ने कल रविवार को 14 मई आयोजित होने वाली केन्द्रीय चयन पर्षद की सिपाही भर्ती परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उदेश्य से सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक, स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी-सह- समन्वयक, जोनल पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में स्पष्ट कहा गया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ये बातें जिलाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया आशीष भारती के द्वारा समाहरणालय सभागार में आयोजित संयुक्त ब्रीफिंग में कही है।कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी परीक्षा केंद्रों की विडियोग्रॉफी कराने का निदेश केन्द्राधीक्षक को दिया गया। बताया गया कि मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही पद पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 14.05.2023 रविवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एक पाली में आयोजित होगी। परीक्षा के लिए गया जिला में 14 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमें 10426 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन करने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक को दिया गया है जिससे परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराया जा सके,इस बैठक में बताया गया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग द्वारा जिलाधिकारी को परीक्षा का संयोजक एवं जिला भुअर्जन पदाधिकारी को सहायक संयोजक बनाया गया है। परीक्षा को कदाचारमुक्त, निष्पक्ष, स्वच्छ संचालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आयोग के निर्धारित मानक के अनुरूप प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 1-4 सशस्त्र पुलिस बल , महिला पुलिस बल, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह- प्रेक्षक, स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी-सह- समन्वयक, जोनल पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटा पूर्व , सुबह 07 बजे से अपनी प्रतिनियुक्ति स्थल ग्रहण कर लेंगे एवं परीक्षा के समाप्ति के बाद भी स्थिति सामान्य होने तक केन्द्र पर उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था संधारित करेंगे।

परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की सहायता से परीक्षार्थियों की शारीरिक जाँचो उपरांत उनके ई-प्रवेश पत्र को देख कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने देंगे। सभी दण्डाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया गया कि वे परीक्षार्थियों के लिए सीट प्लान आयोग के द्वारा निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुए करेंगे। सीट प्लान को परीक्षा कक्ष के अलावे परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया है। जिससे परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधा मिल सके। एक बेंच पर दो परीक्षार्थी ही बैठेंगे। परीक्षा कक्ष में प्रत्येक 24 परीक्षार्थियों पर एक वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में न्यूनतम दो वीक्षक रहेंगे। परीक्षा के अवधि में कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन करना सबके लिए अनिवार्य होगा। सभी के लिए मास्क का प्रयोग एवं सोशलः डिस्टेंसिंग का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिभाईस चिट, चाकू, माचिस, ब्लेड आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा केन्द्र पर मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल, पर्याप्त लाईटिंग की व्यवस्था कराने का भी निर्देश दिया गया है। कदाचार के आरोप में गिरफ्तार किये गये अभिभावकों, परीक्षार्थियों एवं वीक्षकों के विरुद्ध बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक महत्त्वपूर्ण परीक्षा है, जिसके सफल संचालन में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी विशेष सर्तकता रखते हुए अपनी जवाबदेही निभाएँगे। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अपने क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू करने हेत निर्देशित किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को पूरी रुप से बताया जाए कि हर हाल में अपने परीक्षा केंद्र में सुबह 9:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रवेश कर ले। 9:00 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर की व्यवस्था भी की गई है। परीक्षा के समय परीक्षा केंद्र के आसपास के सभी फोटो कॉपी की दुकानें को बंद करवाना सुनिश्चित करें।

जिला पदाधिकारी ने शख्त निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति कर्मी पदाधिकारी के पास मोबाइल फोन नहीं रहे और यह सुनिश्चित करावे, इसके साथ ही निर्धारित व्यक्ति की परीक्षा पेपर खोलने के दौरान रहे, अनावश्यक व्यक्ति ना रहे। शांतिपूर्ण माहौल में एग्जाम संपन्न कराने में फ्रिस्किंग बेहद जरूरी है परीक्षार्थियों पर एंट्री के दौरान पूरी गुणवत्ता पूर्वक रिस्किंग करवाएं। परीक्षार्थियों को जाम का समस्या के कारण परीक्षा केंद्रों में विलंब से ना पहुंचे इसके लिए प्रमुख चौक चौराहों बस स्टैंड रेलवे स्टेशन के समीप ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखें। सभी सेंटर सुपरिटेंडेंट अपने-अपने परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को समय-समय पर जानकारी दे एवं परीक्षा केंद्र में प्रवेश आदी के लिए सुबह 8:00 बजे से ही लगातार अनाउंसमेंट करवाते रहे।

हर परीक्षा की तरह इस बार भी जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है ।जिसका दूरभाष संख्या-0631 2222634 है। यह नियंत्रण कक्ष परीक्षा के दौरान सुबह 07:30 बजे से शाम 08:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभार में रवि कुमार जिला भविष्य निधि पदाधिकारी रहेंगे। परीक्षा को सफल संचालन के लिए 35 स्टैटिक दंडाधिकारी, 40 महिला दंडाधिकारी, 7 जोनल दंडाधिकारी एवं 03 उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी बनाया गया है।

# परीक्षा केंद्रों पर लगाया जाएगा जैमर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शांतिपूर्ण स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त मद्य निषेध सिपाही पद पर भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा को लेकर किया बैठक। परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता और कड़ाई बरतने का दिया निर्देश।

पूर्वाहन 9:00 बजे के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की नहीं होगी इजाजत। जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभाकक्ष में केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती द्वारा मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही पद पर भर्ती के निमित्त आयोजित लिखित परीक्षा के कदाचार मुक्त आयोजन हेतु तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गौरतलब हो कि विज्ञापन संख्या 2 /2022 की परीक्षा का आयोजन 14 मई 2023 (रविवार) को निर्धारित है। इसके लिए सदर अनुमंडल, मधुबनी अंतर्गत कुल 15 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें, आरके कॉलेज, मधुबनी, पोल स्टार, जीवछ चौक, मधुबनी, इंडियन पब्लिक स्कूल, स्टेडियम रोड, मधुबनी, जे एन कॉलेज, मधुबनी, रीजनल सेकेंडरी स्कूल, जीवछ चौक, सप्ता मधुबनी, डी एन वाई कॉलेज, मधुबनी, प्लस टू मनमोहन उच्च विद्यालय, रामपट्टी, मधुबनी, वाटसन उच्च विद्यालय, मधुबनी, प्लस टू उच्च विद्यालय पंडौल, मधुबनी, रमा प्रसाद दत्त जनता प्लस टू हाई स्कूल, जितवारपुर, मधुबनी प्लस टू हाई स्कूल रहिका मधुबनी जीएमएसएस हाई स्कूल मधुबनी अनूप लाल परियोजना बालिका प्लस टू हाई स्कूल मधुबनी शिवगंगा बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, मधुबनी एवं महंत युगल नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय, शंभुआड़ मधुबनी शामिल है। परीक्षा की अवधि 10:00 पूर्वाहन से 12:00 मध्यान तक निर्धारित की गई है। उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग टाइम 8:00 बजे पूर्वाहन निर्धारित है।

उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त परीक्षा के कदाचार मुक्त आयोजन के लिए 15 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 7 जोनल मजिस्ट्रेट एवं तीन उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्राप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

परीक्षार्थियों की जांच हेतु महिला विक्षकों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश भी दिया गया है। परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय मुख्य द्वार पर फ्रिस्किंग हेतु बाल विकास परियोजना पदाधिकारी व महिला पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुरुष अथवा महिला सभी अभ्यर्थियों की अनिवार्य रूप से बॉडी फ्रिस्किग की जाएगी। इसलिए उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से समय से परीक्षा केंद्र पर पंहुचने की अपेक्षा की है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन घड़ी एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रातः 9:00 बजे के बाद प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा। जहां, अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक एवं फोटोग्राफी भी कराई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से जैमर लगाए जाएंगे। उपस्थित केंद्राधीक्षकों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा के कदाचार मुक्त आयोजन के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिनियुक्त किए गए सभी अधिकारी व कर्मी समय से अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच जाएं। उन्होंने बताया कि परीक्षा अवधि तक परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू रहेगी।

# नवविवाहिता का पंखे से लटका शव बरामद, सनसनी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के इटिम्हा गांव में शनिवार की सुबह पंखे के कुंडी से लटका एक नवविवाहिता का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से गांव एवं इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

जानकारी के अनुसार मृतका तरारी थाना क्षेत्र के इटिम्हा गांव निवासी गुलाबचंद पासवान की 23 वषीर्या पत्नी पुष्पा देवी है। इधर मृतका के चचेरे भाई सोनू ने उसके पति एवं ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि रोहतास जिला के राजपुर थाना क्षेत्र के कपसिया गांव निवासी व उनके चाचा विनोद पासवान ने अपनी बेटी पुष्पा देवी की शादी तरारी थाना क्षेत्र के इटिम्हा गांव निवासी अमावस राम के पुत्र गुलाब चंद पासवान से वर्ष 2022 में 10 जुलाई को लेनदेन एवं पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के 6 महीने बीत जाने के बाद उसके पति एवं ससुराल वालों द्वारा दहेज के रूप में 50 हजार रुपए की मांग की जाने लगी। जिसको लेकर उनके द्वारा कई बार उसे प्रताड़ित भी किया गया था। जिसको लेकर हम लोग कुछ दिन पूर्व समझौता करने उसके ससुराल भी गए थे।

उस समय कहा गया था कि आप लोग इसे सही से रखें और कुछ समय दें। हम लोग आप लोग पैसा दे देंगे। वही उसने बताया कि दो दिन पूर्व उससे फोन पर बात हुई थी। उस समय वह काफी डरी हुई लग रही थी। लेकिन उसने कुछ बताया नहीं था। इसी बीच शनिवार की सुबह वहां के स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली कि उनके बहन की मौत हो गई है। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल इटिम्हा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि वह अपने पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी है। जिसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को हिरासत में ले लिया है। वहीं दूसरी ओर मृतक के चचेरे भाई सोनू कुमार ने उसके पति एवं ससुराल वालों पर दहेज में 50 हजार रुपये नहीं देने के कारण उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जबकि दूसरी ओर मृतका के पति गुलाबचंद पासवान के चचेरे भाई सिंधु पासवान ने बताया कि मैं शनिवार की सुबह भैंस चराने गया था। तभी मुझे सूचना मिली कि उसने पंखे के कुंडली से लटक कर फांसी लगा ली है। सूचना पाकर मैं घर पर पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने उसके शव को नीचे उतारा। उन्होंने बताया कि लड़की के ससुराल वालों द्वारा दहेज में किसी भी पैसे की मांग नहीं की गई थी। बल्कि उसके ससुराल वाले उसे बहुत ज्यादा मानते थे। वहीं उन्होंने कहा कि दोनों पति-पत्नी के बीच कोई आंतरिक विवाद था। जिसको लेकर उसने फांसी लगा ली है। वही पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत गले में फांसी लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक आपने तीन बहन व दो भाई में तीसरे स्थान पर थी। मृतका के परिवार में मां,दो बहन पूजा देवी, पूनम कुमारी व दो भाई गोविंद पासवान एवं मंटू पासवान है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका की मां एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मातृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। स्थानीय शारदा स्मृति संभावना पब्लिक स्कूल मौलाबाग, में शनिवार को समारोह पूर्वक मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रशासिका डॉक्टर अर्चना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया ।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ,शिक्षकों, अभिभावकों तथा बच्चों की माताओं को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रशासिका डॉक्टर अर्चना सिंह ने कहा कि माँ संपूर्ण व्यक्तित्व और एक प्रतिभा को पनपने, उन्हें संपूर्ण विकसित करने, एवं संपूर्णता देने में मदद करती हैं माताओं का संस्कार हमारे जीवन में बहुत मायने रखता है ।किसी भी व्यक्ति को एक माँ नौ महीने पहले से जानती है और उसका समाज बाद में । मातृ दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने संगीत शिक्षिका ममता सिंह के निर्देशन में आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा में बैठी अपनी माताओं के साथ-साथ सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ कुमार द्विजेंद्र ने यह बताया कि विगत तीन दिनों में छात्र-छात्राओं के बीच कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।नर्सरी से लेकर कक्षा पाँच तक के छात्र छात्राओं को तीन वर्गों में बांट कर चित्रांकन,ग्रीटिंग्स कार्ड मेकिंग और परियोजना कार्य प्रतियोगिता जिसका विषय था "मां का बचपन" कराई गई। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनकी माताओं के साथ पुरस्कार एवं गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण माताओं के बीच पहेली प्रतियोगिता का आयोजन रहा ।सही जवाब देने वाली माताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान माताओं का उत्साह देखने लायक था। उक्त समारोह में विगत सत्र 2022 23 में सभी वर्गों के टॉपर छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रशासिका डॉक्टर अर्चना सिंह,उप प्राचार्या स्वाति सिंह और शिक्षिकाओं ने प्रांगण में उपस्थित सभी माताओं को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि माता-पिता की सेवा ,आदर और सम्मान से सफल जीवन प्राप्त किया जा सकता है। जीवन में मां का स्थान हमेशा सर्वोपरि रहता है ,इसलिए हमें अपनी मां को हमेशा खुश रखना चाहिए । कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मनीषा शर्मा एवं ममता कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य दीपेश कुमार ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक,छात्र छात्राएं, माताएं एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में हुआ मदर्स डे समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शहर के नए ली रोड चटकाचक एवं दुबहल स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में मदर्स डे समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर विद्यालय में माताओं के लिए विभिन्न तरह के गेम का का भी आयोजन हुआ। इन खेलों के उपरांत विजई प्रतिभागी माताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। विद्यालय के बच्चों ने कई तरह के तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्राचार्य पूनम सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर एवं विद्यालय के संस्थापिका स्वर्गीय रुकमणी देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर किया गया है। इसके उपरांत तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं एवं आगत अतिथियों ने भी चित्र पर पुष्पांजलि कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। कार्यक्रम की शुरूआत में क्लास नर्सरी एवं जूनियर केजी की अनामिका, नव्या भारती, चांदनी, यीशु, प्राची एवं वैष्णवी ने तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है मां पर डांस प्रस्तुत किया है। इसके बाद प्री नर्सरी के बच्चों ने बम बम भोले दिल मेरा डोले पर मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को भाव विभोर कर दिया है। माताओं के लिए आयोजित गेम शो में सर्वप्रथम म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया जिसमें ममता कुमारी एवं पम्मी कुमारी ने जीत दर्ज कराई। इसके बाद दूसरे गेम अपने बच्चे को पहचाने में खुश खुशबू कुमारी, अनीशा पांडे, विमला देवी, ममता देवी, पूनम सिन्हा, मानो कुमारी, इंदु शर्मा, सोनी कुमारी, प्रेमलता, मीनाक्षी सिन्हा एवं राधा देवी ने भाग लिया। वर्ग नर्सरी एवं जूनियर केजी की प्रियाल कुमारी, सुहानी कुमारी, अनन्या सोनी, सानवी सिंह, अंजना पांडे ने दिल है छोटा सा छोटी सी आशा पर डांस प्रस्तुत किया है। वहीं मनीषा कुमारी, तनु कुमारी, नीतू कुमारी, अनन्या, शालिनी, चित्रा, गीता एवं अनु कुमारी ने चंदा चमके चम चम पर डांस प्रस्तुत किया गया है। जिसके बाद सीता कुमारी, प्रिया कुमारी, निशु भारती, रौशनी, अंशु एवं सुहानी ने मैया यशोदा तेरा कन्हैया पर डांस प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया है। माताओं के लिए आयोजित अन्य गेम जैसे बैलून फोड़ना, पासिंग द बाल आदि खेलों में भी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## आरा के टाउन थाना में शॉर्ट सर्किट से लगी आग,मलखाना में रखें समान जलकर हुए रख

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के टाउन थाना के दूसरी मंजिल के सीढ़ी के पास स्थित मालखाना घर में शुक्रवार की देर रात शार्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी तरह फैल गई। जिसके कारण मालखाने में रखे कई जप्त सामान जलकर राख हो गए। घटना को लेकर थाने में पुलिस कर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड फौरन थाने पहुंची। जिसके बाद फायर ब्रिगेड,थाने के पुलिसकर्मी एवं स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इधर सूचना मिलते ही एसपी प्रमोद कुमार टाउन थाना पहुंचे और मालखाने में जाकर उसकी जांच की ।वही इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि रात्रि में करीब पौने बारह बजे के आसपास नगर थानाध्यक्ष द्वारा मुझे सूचना मिली के नगर थाना में जो मालखाना है। जिसमें जप्त पुराना सामान रखा हुआ है। उस मालखाने में शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण आग लग गई है। सूचना मिलते ही मैं स्वंय थाना पहुंच गया हूँ।

उससे पहले ही नगर थाना के स्टाफ,स्थानीय लोग एवं फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि आग लगी के कारण कुछ विशेष नुकसान नहीं हुआ है,पर मालखाना में रखें कुछ पुराने कबाड़ टाइप के जप्त समान जल गए हैं। अभी नुकसान क्या हुआ है इसको हम बाद में देखेंगे। प्रथम दृष्टया तो मालखाने में रखें पुराने जप्त समान का जलने का ही प्रतीत हो रहा है। लेकिन ऐसे कोई मेजर डॉक्यूमेंट जो करंट डॉक्यूमेंट है वो डॉक्यूमेंट और कागजात नुकसान नहीं हुये है। हमारे थानेध्यक्ष का रूम,सिरस्ता रूम और ऊपर में जो हथियार वगैरा रखा हुआ था वह सब निकाल लिया गया था। उसमें किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। हम लोग दिन में उसे देखेंगे और उसमें रखे अन्य सामानों का मिलान करेंगे कि क्या नुकसान हुआ है।

## आशु राज ने सीबीएसई की बारहवीं परीक्षा परिणाम से बढ़ाया जिले का मान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : सनबीम सनसिटी (स्कूल एवं हॉस्टल) , वाराणसी के मेधावी छात्र और आरा के नौनिहाल आशु राज ने सीबीएसई के बारहवीं परीक्षा में 97.8% अंक प्राप्त कर कॉमर्स में अपने स्कूल और पूरे बनारस का टॉपर रहा तथा पूरे जिले को गौरैवन्वित कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है ।

श्रीमती सुमेधा गुप्ता पति आलोक अंजन के पुत्र आशु राज एवं आरा की मेयर इंदु देवी ,पत्नी श्री प्रेम पंकज के भतीजे के इस गरिमामयी उन्नति पर परिवार में हर्ष का माहौल है एवं समस्त परिवार ने इस बेहतरीन प्रदर्शन का श्रेय सनबीम सनसिटी (स्कूल एवं हॉस्टल) शिक्षकों एवं प्रबंधन को दिया है ।

बधाई देते हुए महापौर इंदु देवी ने कहा कि आज हमारे परिवार के लिए खुशी का पल है और जिस लगन से आशु पढ़ता था इस कारण आज इतना बड़ा सफलता पाया। बधाई देते हुए यूथ फॉर सेवा के प्रदेश संयोजक आनंद कुमार ने कहा कि आशु केवल पढ़ने में ही तेज नहीं है बल्कि सबका आदर और सम्मान भी करते हैं । आज हम सबको गर्व महसूस हो रहा है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।

बधाई देने वालों में यूथ फॉर सेवा के प्रदेश संयोजक आनंद कुमार , राजीव रंजन , अभिजीत आनंद , प्रतीक राज, सन्नी शाहाबादी ,सहित अन्य थे।

## 641 मतदाता करेंगे नपं गड़हनी के वार्ड 9 में वार्ड पार्षद के भाग्य का फैसला

प्रात : किरण संवाददाता

**सेंसेक्स**
61749.25 पर बंद
**निफ्टी**
18255.80 पर बंद

**सोना**
60592
**चांदी**
70100

# आरबीआई का आदेश: हर जिले में शीर्ष 100 जमाकर्ताओं को खोजकर बैंक देंगे पैसा, 100 दिन चलेगा अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकों में बिना दावे वाली पड़ी अरबों रुपये की रकम के मालिकों को खोजने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अब 100 दिन का अभियान चलाएगा। इस अभियान को 100 डेज-100 पेज नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत हर बैंक 100 दिनों के अंदर देश के हर जिले में शीर्ष 100 बिना दावे वाले जमाकर्ताओं को खोजेगा और उसका भुगतान करेगा।

आरबीआई के आदेश पर सभी बैंक एक जून से इस अभियान की शुरुआत करेंगे। नियम के मुताबिक, जिस भी बचत या चालू खाता को 10 साल तक नहीं चलाया जाता है, या कोई टर्म जमा का खाता है जिसमें 10 साल तक कोई दावा नहीं करता है, ऐसे खातों में पड़ी रकम को लावारिस या बिना दावे वाली रकम माना जाता है। बैंक इन ग्राहकों से संपर्क करने की कोशिश भी करते हैं। इसके बावजूद अगर कोई दावेदार नहीं मिलता तो यह एक विशेष खाते में चली जाती है। हाल ही में एक बैठक के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बिना दावे के रकम को लेकर नियामकों से कहा था कि वे बैंकिंग शेयर, डिविडेंड, म्यूचुअल फंड या इंश्योरेंस के रूप में जहां भी बिना दावे वाली रकम पड़ी है, उसके निपटारे के लिए विशेष अभियान संचालित करें।

## सरकारी बैंकों में बिना दावे के जमा हैं करीब 35,000 करोड़, सबसे ज्यादा एसबीआई में

सरकारी बैंकों में करीब 35,000 करोड़ रुपये की रकम ऐसी है जिस पर किसी ने अपना दावा नहीं किया है। सरकारी बैंकों ने इस पैसे को रिजर्व बैंक को ट्रांसफर कर दिया है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई में 8,086 करोड़ रुपये के लावारिस हैं। इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक में 5,340 करोड़ रुपये, केनरा बैंक में 4,558 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा में 3,904 करोड़ रुपये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, कर्नाटक, बिहार, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बैंकों में बिना दावे वाली रकम सबसे ज्यादा है। वहीं, जीवन बीमा कंपनियों में 31 मार्च, 2021 तक 22,043 करोड़ रुपये और गैर जीवन बीमा कंपनियों के पास 1,241.81 करोड़ रुपये बिना दावे के पड़े हैं। एलआईसी के पास ही अकेले 21,538.93 करोड़ रुपये की ऐसी जमा रकम है।

## आरबीआई गवर्नर बोले- महंगाई में कमी बहुत संतोषजनक, मौद्रिक नीति सही रास्ते पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि अप्रैल में मुद्रास्फीति (महंगाई) का घटकर 4.7 प्रतिशत पर आ जाना बहुत संतोषजनक है। गवर्नर ने कहा कि जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह भरोसा मिलता है कि मौद्रिक नीति सही रास्ते पर है। हालांकि, आरबीआई गवर्नर ने इस बात पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या आरबीआई अब कम आक्रामक होगा या नीति के रुख में बदलाव करेगा। उन्होंने कहा कि ये चीजें 8 जून की सुबह स्पष्ट हो जाएंगी, जब आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होगी। जी-20 शेरपा अमिताभ कांत की पुस्तक मेड इन इंडिया के विमोचन के मौके पर दास ने कहा कि रिजर्व बैंक वित्त वर्ष 2024 में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत को लेकर काफी आशावादी और आश्वस्त है। दास ने कहा कि देश में निजी निवेश भी बढ़ रहा है। इस्पात, सीमेंट और पेट्रोरसायन जैसे क्षेत्रों में मजबूती है। दास ने कहा कि यदि भारत 6.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि करता है तो यह साल में वैश्विक विकास में

15 प्रतिशत का योगदान देगा। दास ने यह भी कहा कि अनुसंधान और विकास पर खर्च निजी क्षेत्र के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र दोनों में बढ़ना होगा। दास ने कहा, ÷हमें सुधारों को जारी रखने की भी जरूरत है और यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी तक पहुंच बनाए रखें।

## कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, चेक करें पेट्रोल-डीजल के रेट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में जून 2017 के बाद से हर दिन पेट्रोल-डीजल के दाम सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी किया जाता है। यह कीमत अलग-अलग शहरों के हिसाब से तय होती हैं। आज की बात करें तो 13 मई, 2023 शनिवार को देश के कई प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव हुआ है। कहीं कीमत बढ़ी है तो कहीं घटी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल और ब्रेंट क्रूड ऑयल दोनों ही लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल 1.08 फीसदी की गिरावट के साथ 74.17 डॉलर प्रति बैरल पर है. वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल 1.17 डॉलर प्रति बैरल की कमी के साथ 70.04 डॉलर प्रति बैरल पर है. अगर आप अपने शहर का फ्यूल रेट चेक करना चाहते हैं तो घर बैठे कर सकते हैं। इसके लिए आपको केवल एक एसएमएस करना होगा। बीपीसीएल के कस्टमर को अपने शहर के नए रेट्स पता करने के लिए <डीलर कोड> लिखकर 9223112222 नंबर पर भेजना होगा। वहीं इंडियन ऑयल के जरिए पेट्रोल-डीजल रेट्स पता करने के लिए आरएसपी <डीलर कोड> लिखकर 9224992249 नंबर पर भेजना होगा। वहीं एचपीसीएल ग्राहक को रेट्स पता करने के लिए एचपी प्राइज <डीलर कोड> लिखकर 9222201122 नंबर पर स्स्र भेज सकते हैं।

## वेदांता का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 57त्न घटकर 3,132 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज खनन कंपनी वेदांता का बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में शुद्ध लाभ 57 प्रतिशत घटकर 3,132 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से एल्यूमिनियम कारोबार सुस्त रहने से कंपनी का लाभ कम हुआ है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। वेदांता ने इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 7,261 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि चौथी तिमाही में उसका राजस्व पांच प्रतिशत घटकर 37,225 करोड़ रुपए रहा, जो जनवरी-मार्च, 2022 में 39,342 करोड़ रुपए था। वेदांता ने एक अन्य अधिसूचना में बताया कि निदेशक मंडल ने नवीन अग्रवाल और प्रिया अग्रवाल को और पांच वर्ष के लिए बतौर निदेशक दोबारा नियुक्त किया है।

# एचडीएफसी बैंक और तेलंगाना सरकार समर्थित टास्क नए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए

### टास्क के साथ बैंक को पंजीकृत 700 संस्थानों में प्रतिभाओं के एक बड़े पूल तक एक्सेस मिलेगी

**मुंबई, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक, भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक, और तेलंगाना सरकार के आईटीईएंडसी विभाग के तहत एक गैर-लाभकारी संगठन तेलंगाना एकेडमी फॉर स्किल एंड नॉलेज (टीएएसके) ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस नए करार के तहत नए स्नातकों और स्नातकोत्तरों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एमओयू के अनुसार, एचडीएफसी बैंक अब टास्क के साथ रजिस्टर्ड (पंजीकृत) 700 संस्थानों में प्रतिभा के एक बड़े पूल तक पहुंच बनाने में सक्षम होगा।

श्रीकांत सिन्हा, सीईओ-टास्क और रंगा सुब्रमण्यम, हेड-टैलेंट एक्विजिशन, एचडीएफसी बैंक ने

तेलंगाना सरकार, टीएएसके और एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में हैदराबाद में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साझेदारी के तहत, टास्क, प्रशिक्षित छात्रों को हायर करने में एचडीएफसी बैंक की मदद करेगा। टास्क द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव और साक्षात्कार के लिए सभी प्रकार की लॉजिस्टिकल सहायता प्रदान की जाएगी। रंगा सुब्रमण्यम, हेड-टैलेंट एक्विजिशन, एचडीएफसी बैंक ने कहा, एचडीएफसी बैंक देश भर में नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एक समान अवसर संगठन हैं जहां हर किसी को एक्सीलेंस प्राप्त करने और अपनी अधिकतम क्षमता तक बढ़ने के लिए एक इकोसिस्टम दिया जाता है। टीएएसके के साथ हमारी साझेदारी नई पीढ़ी के लिए एक प्रमाणित ग्रेट प्लेस टू वर्क में अपना करियर शुरू करने के लिए दरवाजे खोलेगी, जो लाखों लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। एचडीएफसी बैंक 1,70,000 से अधिक कर्मचारियों के सक्रिय कर्मचारी आधार के साथ देश के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है।

# बिजली, विनिर्माण में सुस्ती से औद्योगिक उत्पादन मार्च में 1.1 प्रतिशत रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर मार्च में घटकर पांच महीनों के निचले स्तर 1.1 प्रतिशत पर आ गई जबकि फरवरी में यह 5.8 प्रतिशत रही थी। बिजली एवं विनिर्माण क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से यह गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) मार्च 2023 में 1.1 प्रतिशत बढ़ा। इसका पिछला निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में दर्ज किया गया था जब 4.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी। साल भर पहले मार्च, 2022 में देश के औद्योगिक उत्पादन में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 0.5 प्रतिशत ही बढ़ा। एक साल पहले की समान अवधि में इसकी दर 1.4 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष 2022-23 के अंतिम महीने मार्च में बिजली उत्पादन भी घटकर 1.6 प्रतिशत पर आ गया जबकि एक साल पहले की आलोच्य अवधि में इसकी वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही थी। हालांकि इस अवधि में खनन उत्पादन 6.8 प्रतिशत बढ़ा जो मार्च 2022 में 3.9 प्रतिशत रहा था। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के

मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड मार्च में 8.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि साल भर पहले इसकी वृद्धि 2.4 प्रतिशत रही थी।

टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन मार्च में 8.4 प्रतिशत घट गया जबकि साल भर पहले उसमें 3.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन भी 3.1 प्रतिशत घट गया जबकि मार्च 2022 में इसमें 4.4 प्रतिशत की नरमी आई थी। ढांचागत एवं निर्माण क्षेत्र से जुड़े उत्पादों की वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही जबकि साल भर पहले इसमें 6.7 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। आंकड़ों से पता चलता है कि प्राथमिक उत्पादों का उत्पादन मार्च में 3.3 प्रतिशत बढ़ा जबकि साल भर पहले इसमें 5.7 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। वहीं मध्यवर्ती उत्पादों का उत्पादन मार्च में एक प्रतिशत बढ़ा जो साल भर पहले 1.8 प्रतिशत रहा था। समूचे वित्त वर्ष 2022-23 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 5.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 11.4 प्रतिशत बढ़ा था।

# विकास की राह पर दुनिया का भरोसा जीतने के लिए उदार लोकतंत्र जरूरी, रघुराम राजन ने दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन अक्सर आर्थिक जगत से जुड़ी सलाह देते नजर आते हैं। इस बार उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि का मार्ग इसकी भीतरी ताकत के भरपूर इस्तेमाल और सहिष्णुता एवं सबका सम्मान की ऐतिहासिक संस्कृति के दम पर खुद को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए अहम बनाने में निहित है।

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर राजन ने 'आइडियाज फॉर इंडिया' सम्मेलन में अपने प्रमुख संबोधन में कहा कि भारत के पास सेवा उद्योग में नेतृत्व की भूमिका निभाने की काबिलियत है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दुनिया का भरोसा हासिल करने के लिए देश के उदार लोकतांत्रिक मूल्य एक आर्थिक आवश्यकता हैं। उन्होंने चीन जैसे सस्ते विनिर्माण देश के साथ प्रतिस्पर्द्धा के संदर्भ में कहा कि भारत को विनिर्माण के सेवा घटक या सीधे तौर पर सेवाओं पर ध्यान देने से फायदा मिलेगा। राजन ने

कहा कि अगर हमें विनिर्माण सेवा-निर्देशित वृद्धि पथ पर आगे जाना है तो हमारी स्वतंत्र न्यायपालिका, हमारा उदार लोकतंत्र हमें बढ़त दिलाने वाले पहलू हैं। इसकी वजह यह है कि इसके सहारे हम दुनिया का भरोसा हासिल करने में सफल रहेंगे, यह बेहद जरूरी है। चीन जैसे सस्ते विनिर्माण पड़ोसी के साथ प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में, प्रमुख अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत एक विश्वसनीय वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में विनिर्माण या सेवाओं के सेवा घटक पर अधिक सीधे ध्यान केंद्रित करने से लाभान्वित होगा।

### लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना होमवर्क करने की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि हम भारतीयों के रूप में लोकतंत्र चाहते हैं लेकिन हम यह भी चाहते हैं कि लोकतंत्र दुनिया को यह विश्वास दिलाने में सक्षम हो कि हम पर भरोसा किया जा सकता है, कि हम इस प्रकार की सेवाओं के प्रभावी प्रदाता हो सकते हैं, हमें अपने संस्थानों को मजबूत करने, अपने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना होमवर्क करने की आवश्यकता है।

# आईआईटी जोधपुर ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आयुरटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उद्घाटन किया

### सेंटर फॉर आयुरटेक स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में अपनी तरह की अद्वितीय पहल होगा

**जोधपुर,एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर द्वारा 12 मई 2023 को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आयुरटेक, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का उद्घाटन किया। सीओई आयुरटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्वास्थ्य क्षेत्र का भाग है जो आईआईटी जोधपुर के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस में है। इस केंद्र को स्थापित करने का उद्देश्य लोगों के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रारंभिक उपचार के लिए सटीक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों के लिए एआई-संचालित एकीकृत ढांचा स्थापित करना है।

आयुरटेक सीओई का उद्घाटन मुख्य अतिथि, वैद्य राजेश कोटेचा, माननीय सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, और प्रो. शांतनु चौधरी, निदेशक, आईआईटी जोधपुर, ने संस्थान के फैकल्टी और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। सेंटर फॉर आयुरटेक स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में अपनी तरह की अद्वितीय पहल है जिसके अंतर्गत

इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजिटल स्वास्थ्य, एआई और बहु-ओमिक्स प्रौद्योगिकियों का एक साथ उपयोग करते हुए साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद से समाधानों को खोजने पर कार्य किया जाएगा।

उद्घाटन समारोह के दौरान भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा, आईआईटी जोधपुर में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित आयुरटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करके मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। आयुर्वेद विज्ञान स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का भविष्य है। मैं इस पहल के लिए आईआईटी जोधपुर को बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि इससे शोधकर्ताओं को स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में मदद मिलेगी। मुझे यकीन है कि आने वाले वर्षों में यह केंद्र बड़े पैमाने पर जनता की भलाई के लिए विभिन्न शोध परियोजनाओं को सफल परिणामों में बदलेगा।

आईआईटी जोधपुर द्वारा आयुरटेक केंद्र के लिए लगभग 3,760 वर्ग फुट का एक निर्मित स्थान प्रदान किया गया है जिसका उपयोग फेनोटाइपिंग, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, केमिस्ट्री, डिवाइस डेवलपमेंट फैब्रिकेशन और कैरेक्टराइजेशन इत्यादि में किया जाएगा। तकनीकी समावेश के लिए यह स्थान आयुर्वेद के विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता निर्माण को सक्षम करेगा, ट्रांस-डिसिप्लिनरी डोमेन में रोजगार क्षमता बढ़ाएगा, नवाचार और उद्यमिता के अवसर प्रदान करेगा, और ट्रांस-डिसिप्लिनरी रिसर्च प्रोग्राम में मदद भी करेगा।

आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. शांतनु चौधरी ने आयुरटेक सीओई के बारे में बात करते हुए कहा, मैं वैद्य राजेश कोटेचा जी को उनकी उपस्थिति के साथ उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए धन्यवाद देता हूं। आयुर्वेद और प्रौद्योगिकी का सहयोग एकीकृत दवाओं के एक नए चिकित्सा क्षेत्र को मुख्यधारा में ला सकता है। इस केंद्र की विचारधारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस का उपयोग करके सस्ती कीमत पर व्यक्ति-केंद्रित दवा पर काम करना है। आयुर्टेक सीओई शोध में इस बात को प्राथमिकता देगा कि बीमारी का इलाज करने के बजाय' इस बात पर शोध किया जाये कि कैसे सुनिश्चित करें कि लोगों को कोई बीमारी न हो।

## सोना 710 रुपये टूटकर 61000 से नीचे, चांदी 2,690 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं में नरमी से घरेलू बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सोना 61,000 और चांदी 74,000 के स्तर से नीचे पहुंच गई। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 710 रुपये सस्ता होकर 60,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ। चांदी की कीमत 2,690 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 73,445 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,680 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, एशियाई कारोबारी घंटों में कॉमेक्स पर पीली धातु गिरावट के साथ कारोबार कर रही थी। इससे दिल्ली सराफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत में 710 रुपये की गिरावट देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नरमी के साथ 2,009 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी गिरावट के साथ 25.10 डॉलर प्रति औंस पर के भाव पर कारोबार कर रही थी।

## वॉलमार्ट 2027 तक भारत से हर साल 10 अरब डॉलर का सामान खरीदेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वॉलमार्ट ने भारत के आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाने की अपनी योजना के साथ वृद्धि के लिए भारत पर अपनी नजरें टिका दी हैं। वॉलमार्ट के अध्यक्ष और सीईओ डग मैकमिलन ने हाल ही में घोषणा की है कि कंपनी का लक्ष्य स्थानीय आपूर्तिकर्ता समुदाय के समर्थन से 2027 तक हर साल 10 अरब डॉलर का सामान खरीदना है। मैकमिलन ने भारतीय आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के साथ साझेदारी बनाने के महत्व पर जोर दिया। इन संबंधों को बढ़ावा देने के लिए, उन्होंने वॉलमार्ट इंटरनेशनल के अध्यक्ष और सीईओ जूडिथ मैककेना के साथ, व्यापारियों, अनुदानकर्ताओं, कारीगरों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (एमएसएमई) के साथ प्रमुख भारतीय कार्यक्रमों और पहलों में शामिल किया। इस दौरान मैककेना ने 2030 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत की क्षमता पर प्रकाश डाला और देश के आर्थिक विकास में भागीदार बनने के लिए वॉलमार्ट की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने पूरे भारत में प्रचलित उद्यमशीलता की भावना की प्रशंसा की और जोर देकर कहा कि वॉलमार्ट को भारत के विकास में योगदान देकर गर्व महसूस होगा।

## खुदरा महंगाई की मार से राहत, अप्रैल में 18 महीने के निचले स्तर 4.70 फीसदी पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश को महंगाई की मार से राहत मिलती दिख रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले महीने यानी अप्रैल 2023 में खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.70 फीसदी रही। यह बीते 18 महीनों में सबसे निम्नतम स्तर है। आपको बता दें कि लगातार तीसरे महीने में महंगाई दर में कमी देखी गई है। इससे पहले मार्च

2023 में खुदरा महंगाई दर 5.66 फीसदी थी।

# आईपीएल 2023 : प्लेऑफ में जाने के लिए सीएसके की टक्कर केकेआर के साथ आज

**चेन्नई (एजेंसी)।** चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत करना होगा। सुपर किंग्स के अभी 12 मैचों में 15 अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में है। दूसरी तरफ केकेआर के केवल 10 अंक हैं और उसे अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने के अलावा बाकी टीमों के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने की प्रार्थना करनी होगी। महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम पिछले दो मैचों में जीत दर्ज करके इस मैच में उतरेगी। इस टीम को अपने घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। धोनी के दो छक्के ही चेपॉक स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के जश्न मनाने के लिए पर्याप्त होंगे जैसा कि उन्होंने दिल्ली के खिलाफ मैच में किया था जो कि आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुए थे। सीएसके की बल्लेबाजी काफी मजबूत है।

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं जबकि उसके बाद अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मोईन अली, रविंद्र जडेजा और अंबाती रायुडु जैसे बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन सीएसके ने इस कमी को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। गेंदबाजी में श्रीलंका के मथीशा पथिराना टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हुए हैं। तुषार देशपांडे भले ही महंगे साबित हुए हैं लेकिन उन्होंने विकेट लेने में कोताही नहीं बरती है। स्पिन विभाग में जडेजा, मोईन अली और महेश तीक्ष्णा अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। इस मैच में केकेआर की संभावना उसके स्पिनरों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी।

वरुण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा रविवार को कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर मैच का परिणाम निर्भर कर सकता है। अनुभवी सुनील नारायण इस सत्र में अभी तक नाकाम रहे हैं और वह यहां वापसी करने की कोशिश करेंगे। बल्लेबाजी में कप्तान नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन केकेआर को अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद रहेगी। केकेआर के बल्लेबाजों को हालांकि पथिराना के यॉर्कर और धीमी गेंदों तथा जडेजा की चतुराई भरी गेंदबाजी से सतर्क रहना होगा।

### टीम इस प्रकार हैं

चेन्नई सुपर किंग्स- एमएस धोनी (कप्तान एवं विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना , ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, बेन स्टोक्स, महेश तीक्ष्णा।

कोलकाता नाइट राइडर्स- नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, जेसन रॉय, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, मनदीप सिंह, आर्या देसाई और जॉनसन चार्ल्स।

**मैच शुरू- शाम 7.30 बजे।**

## वनडे वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान ने चुना अपना परमानेंट मुख्य कोच

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आगामी वनडे विश्व कप से पहले शनिवार को ग्रांट ब्रैडबर्न को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। ब्रैडबर्न को दो साल का अनुबंध दिया गया है। इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की घरेलू श्रृंखला के लिये अप्रैल में अंतरिम कोच नियुक्त किया गया था। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय दोनों सीरीज जीती थीं।

पिछले महीने, पीसीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि वह सात मई को समाप्त हो चुकी न्यूजीलैंड सीरीज के अंत में कोच नियुक्त कर लेगा। बोर्ड ने एंड्रयू पुटिक को बल्लेबाजी कोच नामित किया, जबकि उमर गुल को गेंदबाजी कोच और अब्दुल रहमान को ब्रैडबर्न के सहायक कोच के रूप में नियुक्त किया गया। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रैडबर्न इससे पहले 2018 में पाकिस्तान के फील्डिंग कोच रह चुके हैं। उन्होंने टीम के उच्च-प्रदर्शन प्रमुख के रूप में भी काम किया है। पीसीबी से जारी बयान में ब्रैडबर्न ने कहा, ''मुख्य कोच के रूप में पाकिस्तान जैसी बेहद प्रतिभाशाली और कुशल टीम के साथ काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। हम अपने खेल को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपने बढ़ते कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।

## गोल्फर अदिति अशोक एलबीजीए में इतिहास रचने के करीब

**क्लिफ्टन (एजेंसी)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाउंडर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त तीसरा स्थान हासिल करके एलपीजीए टूर में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पहले दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेलने वाली अदिति ने दूसरे दौर में चार अंडर 67 का स्कोर बनाया। अब उनका कुल स्कोर सात अंडर 137 और वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की सारा केम्प (65) और कोरिया की जिन यंग को (68) से केवल एक शॉट पीछे है।

अदिति पिछले सात वर्षों से महिला गोल्फ के सबसे महत्वपूर्ण टूर एलपीजीए में खेल रही है लेकिन उन्होंने अभी तक कोई खिताब नहीं जीता है। भारत की इस स्टार गोल्फर ने दूसरे दौर में छह बर्डी बनाई लेकिन इस बीच उन्होंने दो बोगी भी की।

## बड़ा उल्टफेर करते-करते रह गया आयरलैंड, बांग्लादेश ने दर्ज की रोमांचक जीत

**चेम्सफोर्ड (एजेंसी)।** नजमुल हसन शंटो के शतक के बाद अनुभवी मुश्फिकर रहीम के अंतिम क्षणों के प्रयास से बांग्लादेश ने आखिरी ओवर तक खिंचे दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आयरलैंड पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ और इसलिए इसे 45 ओवर का कर दिया गया।

आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हैरी टेक्टर के 140 रन तथा जॉर्ज डॉकरेल के नाबाद 74 रन की मदद से छह विकेट पर 319 रन बनाए। बड़े लक्ष्य के सामने नजमुल ने 117 रन की पारी खेलकर बांग्लादेश को ठोस शुरुआत दी।

जब बांग्लादेश को अंतिम चार गेंदों पर चार रन की जरूरत थी तब रहीम (नाबाद 36) ने चौका जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई। बांग्लादेश की तरफ से तौहीद हृदय ने भी 68 रन का उपयोगी योगदान दिया। बांग्लादेश ने 44.3 ओवर में सात विकेट पर 320 रन बनाए।

इन दोनों टीमों के बीच पहला वनडे मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इस तरह से बांग्लादेश तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है। तीसरा और अंतिम मैच रविवार को चेम्सफोर्ड में ही खेला जाएगा।

## सूर्या एक सुनामी हैं, गेंदबाजों के दिमाग से खेलते हैं... मिस्टर आईपीएल कहे जाने वाले सुरेश रैना भी फिदा

**मुंबई(एजेंसी)।** आईपीएल 2023 के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर बनी हुई गुजरात टाइटंस के लिए शुक्रवार का दिन अच्छा नहीं रहा। उसे मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम में 27 रनों से हरा दिया। यह एक स्काई शो था, क्योंकि सूर्यकुमार यादव ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 49 गेंदों में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 103 रन बनाकर मुंबई को 218 रनों के कुल स्कोर तक पहुंचाया। गुजरात के टॉप ऑर्डर के पतन के कारण उनके हाथों से रन-चेज फिसल गया, यहां तक कि राशिद खान के देर से आए 79 रन (32 गेंद, तीन चौके, 10 छक्के) भी गुजरात को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

इस जीत ने मुंबई को स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। मुंबई प्लेऑफ में स्थान हासिल करने के करीब पहुंच गई है। गुजरात इस हार के बावजूद तालिका में शीर्ष पर है। यादव ने अपनी सनसनीखेज पारी से सारी सुर्खियां चुरा लीं। उन्होंने आईपीएल में पहला शतक बनाया। जहीर खान ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा- जिस सूर्या को हम जानते हैं वह वापस आ गया है और बेहतर और बेहतर हो रहा है। टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए यह समय सबसे महत्वपूर्ण है। यहां से प्लेऑफ की दिशा तय करेगी।

उन्होंने आगे कहा- जब आपके पास सूर्या है, तो कुछ भी हो सकता है। टीमें एमआई लाइन-अप को ध्यान से देख रही होंग'स्काई' कहलाने वाले इस बल्लेबाज ने वानखेड़े स्टेडियम में छक्कों की बौछार कर दी। सुरेश रैना भी यादव की बैटिंग से प्रभावित नजर आए। उन्होंने कहा- वह गेंदबाज के दिमाग के साथ खेलते हैं। जिस तरह से उन्होंने गेंद को मैदान के चारों ओर मारा वह काबिलेतारीफ है।

मिस्टर आईपीएल कहे जाने वाले रैना ने कहा- वह एक बार फिर शांति के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। उनका दृष्टिकोण अच्छा था। उसका इरादा अच्छा था और परिणाम देखें। उन्होंने 49 गेंदों में नाबाद 103 रनों के लिए गेंद को मैदान के चारों ओर मारे। दूसरी ओर, टाइटंस के पास इस जीत को खींचने का एक मामूली मौका था, लेकिन राशिद खान ही कुछ कमाल कर सके। मिस्टर 360 डिग्री के नाम से मशहूर हो चुके सूर्यकुमार यादव जब भी मैदान पर बल्लेबाजी के लिए आते हैं तो विरोधी कप्तान को समझ नहीं आता है कि उनके लिए फील्डिंग कैसी लगाई जाए। सूर्यकुमार यादव के पिटारे में ऐसे-ऐसे शॉट हैं, जो कल्पना से भी परे है। ऐसा ही कुछ गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के 16 वें सीजन के 57वें मैच में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जिसमें सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 49 गेंद में 103 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 6 छक्के भी लगाए। आईपीएल में सूर्यकुमार यादव का यह पहला शतक भी था। अपनी इस पारी के दौरान सूर्या ने एक से बढ़कर एक दमदार शॉट लगाए जिसमें उनका थर्ड मैन पर लगाया गया शॉट इतना बेहतरीन था कि ड्रेसिंग रूम में बैठे सचिन तेंदुलकर भी देखकर दंग रह गए। सूर्या ने यह शॉट 18.2 ओवर में मोहम्मद शमी के खिलाफ लगाया। इस शॉट को देखकर पीयूष चावला के साथ बैठे सचिन भी अपने हाथ के मूवमेंट से यह बताते हुए दिखे कि सूर्या ने कैसे यह शॉट लगाया। सिर्फ इतना ही नहीं, सूर्यकुमार का यह शॉट इतना बेहतरीन था कि शमी ने भी अपना सिर पकड़ लिया। सूर्याकुमार के इस शॉट पर सचिन का यह रिएक्शन देखते ही बन रहा है।

## विश्व शतरंज - फीडे सर्किट लीडरबोर्ड , गुकेश फिर से पहुंचे शीर्ष पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैसे तो भारत के डी गुकेश तेपे सिगमन टूर्नामेंट को जीत नहीं पाये है और दूसरे स्थान पर रहे पर भारत को एक अच्छी खबर मिली है की विश्व शतरंज चैंपियनशिप साइकल 2024 के अंतर्गत शामिल फीडे सर्किट लीडरबोर्ड जिसमें से सीधे एक सथ्न फीडे कैंडिडैट में सीधे जाता है उस पर एक बार फिर गुकेश शीर्ष स्थान पर पहुँच गए है।

तेपे सिगमन टूर्नामेंट मे दूसरे स्थान पर आने पर गुकेश को 12.22 सर्किट अंक मिले और अब वह 43.12 अंको के साथ सूची मे पहले स्थान पर है जबकि उनके सबसे करीबी यूएसए के लेवान अरोनियन ( 36.71अंक ) और वेसली सो ( 30.80 अंक ) है ।अन्य खिलाड़ियों मे नीदरलैंड के अनीश गिरि ( 29.03 अंक ), स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस ( 25.25 अंक ), उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ( 22 अंक ) सूची मे शामिल है ।

## तदर्थ समिति पूर्ण नियंत्रण में, डब्ल्यूएफआई सभी दस्तावेज पैनल को सौंपे : आईओए

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के महासचिव से सभी आधिकारिक दस्तावेज उसकी तदर्थ समिति को सौंपने के लिए कहा है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि महासंघ के संचालन में निवर्तमान पदाधिकारियों की कोई भूमिका नहीं है।डब्ल्यूएफआई ने कहा कि उसे आईओए के आदेशों का पालन करने में कोई समस्या नहीं है क्योंकि वह पहले ही अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं।आईओए ने डब्ल्यूएफआई के दैनिक कार्यों के संचालन तथा इस राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव को संपन्न करवाने के लिए तदर्थ समिति नियुक्त की है। यह तदर्थ समिति खेल मंत्रालय के आदेश पर नियुक्त की गई है।देश के चोटी के पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है और वे उनकी गिरफ्तारी को लेकर जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।आईओए ने शुक्रवार को एक पत्र जारी करके कहा कि डब्ल्यूएफआई की सभी प्रशासनिक, वित्तीय और नियामकीय भूमिकाएं अब तदर्थ समिति निभाएगी। पत्र में कहा गया है,''उपरोक्त (आईओए के 12 मई, 2023 के आदेश) के संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि कुश्ती के संचालन के लिए आईओए द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति राष्ट्रीय खेल महासंघ के सभी कामकाज और जिम्मेदारियों को निभाएगी।''

इसमें कहा गया है,'' अब जबकि तदर्थ समिति अस्तित्व में है तब डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान पदाधिकारियों की इस महासंघ से जुड़े किसी भी तरह के कामकाज में कोई भूमिका नहीं होगी।''

INDIA
INDIAN OLYMPIC ASSOCIATION

इसमें कहा गया है कि निवर्तमान पदाधिकारियों को तुरंत ही महासंघ से जुड़े सारे दस्तावेज तदर्थ समिति को सौंप देने चाहिए।डब्ल्यूएफआई के महासचिव वीएन प्रसूद ने कहा कि उन्हें आईओए पैनल के साथ संबंधित दस्तावेजों को साझा करने में कोई आपत्ति नहीं है।प्रसूद ने कहा,'' यह आम प्रक्रिया है। जब निगरानी समिति गठित की गई थी तब भी हमने उन्हें सभी आवश्यक फाइलें सौंप दी थी। अब तदर्थ समिति है और डब्ल्यूएफआई के संचालन के लिए उन्हें जो भी दस्तावेज चाहिए हम उन्हें मुहैया कराएंगे।' 'उन्होंने कहा,'' यह कोई मुद्दा नहीं है।

## मुंबई की जीत से हिला प्वाइंट्स टेबल, राजस्थान को पहुंचा नुकसान

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 के 57वें मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 29 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के नाबाद 103 रनों की मदद से 5 विकेट खोकर 218 रन बना दिए थे। वहीं गुजरात की टीम 191 रन ही बना सकी। मुंबई की इस जीत के साथ अब प्वाइंट्स टेबल भी हिल चुका है। जहां मुंबई अब 12 मैचों में 14 अंक के साथ तीसरे स्थान पर आ चुकी है तो वहीं राजस्थान रॉयल्स को नुकसान पहुंचा है।

दरअसल, राजस्थान रॉयल्स एक बार फिर से चौथे नंबर पर खिसक गई है। टॉप-4 टीमों पर नजर डालें तो गुजरात टाइटंस, चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई और राजस्था सभी के 12-12 मैच हो चुके हैं। गुजरात 16 अंकों के साथ पहले, चेन्नई 15 अंक के साथ दूसरे और मुंबई 14 अंक के साथ तीसरे स्थान पर आ चुकी है। तो वहीं राजस्थान 12 मैचों में 12 अंक के साथ नंबर 4 पर बनी हुई है। इन सभी टीमों के अब सिर्फ 2-2 मैच बचे हैं।

### 57 मैचों तक ऐसी है अंक तालिका-

| | | |
|---|---|---|
| गुजरात | - मैच 12, जीते 8, हारे 4, | अंक 16, नेट रन रेट +0.761 |
| चेन्नई | - मैच 12, जीते 7, हारे 4, | अंक 15, नेट रन रेट +0.493 |
| मुंबई | - मैच 12, जीते 7, हारे 5, | अंक 14, नेट रन रेट -0.117 |
| राजस्थान | - मैच 12, जीते 6, हारे 6, | अंक 12, नेट रन रेट +0.633 |
| लखनऊ | - मैच 11, जीते 5, हारे 5, | अंक 11, नेट रन रेट +0.294 |
| आरसीबी | - मैच 11, जीते 5, हारे 6, | अंक 10, नेट रन रेट -0.345 |
| केकेआर | - मैच 12, जीते 5, हारे 7, | अंक 10, नेट रन रेट -0.357 |
| पंजाब | - मैच 11, जीते 5, हारे 6, | अंक 10, नेट रन रेट -0.441 |
| हैदराबाद | - मैच 10, जीते 4, हारे 6, | अंक 8, नेट रन रेट -0.472 |
| दिल्ली | - मैच 11, जीते 4, हारे 7, | अंक 8, नेट रन रेट -0.605 |

# मैं अपने बेटे के लिए खेल रहा हूं, उसके कारण ही मैं कड़ी मेहनत करता रहा: पीयूष चावला

**मुंबई (एजेंसी)।** पिछले साल आईपीएल ऑक्शन में बिना बिके रहने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर पीयूष चावला का इस साल मुंबई इंडियंस के साथ ड्रीम सीजन रहा है। 34 वर्षीय चावला अब तक इस सीजन में 19 विकेट के साथ पर्पल कैप रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। शुक्रवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में भी पीयूष का शानदार प्रदर्शन रहा। अनुभवी स्पिनर इस मुकाबले में फिर से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे, क्योंकि हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम के खिलाफ विकेट झटका रहे थे। उन्होंने मैच में अपने चार ओवर के स्पेल 36 रन देकर 2 विकेट दर्ज किए और टीम की शानदार 27 रनों की जीत में अहम योगदान दिया। इस मैच के बाद पीयूष ने कहा कि वह अपनी शानदार लय में इसलिए हैं क्योंकि वह अपने बेटे के लिए खेल रहे हैं।

चावला ने कहा, मैं अपने बेटे के लिए खेल रहा हूँ। उसने मुझे कभी खेलते हुए नहीं देखा, जब मैं अपने प्राइम में खेल रहा था तब वह बहुत छोटा था। लेकिन अब वह खेल को समझते है और जानता है कि मैं क्या कर रहा हूं। वह अभी भी 6 साल का है लेकिन वह समझता है। यही कारण है कि मैं कड़ी मेहनत करता रहा।

मुंबई के लिए पीयूष चावला इस सीजन में एकमात्र ऐसे क्रिकेटर है, जिन्होंने अपने स्थिर प्रदर्शन को बनाए रखा और टीम की सफलता में लगातार योगदान दिया है। चावला को सीजन के लिए मुंबई ने 50 लाख रुपये देकर टीम में शामिल किया है और स्पिनर निश्चित रूप से मुंबई के लिए एक शानदार सौदा रहा।

चावला के आईपीएल में अब तक 174 आईपीएल विकेट हैं, जो उन्हें युजवेंद्र चहल से सिर्फ 12 विकेट पीछे रखता है, जो हाल ही में ड्वेन ब्रावो को पछाड़कर आईपीएल के सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस साल मुंबई इंडियंस के अभियान की बात करें तो, पांच बार के चैंपियन ने सुस्त शुरुआत की थी, लेकिन पिछले कुछ मुकाबलों में टीम का शानदार प्रदर्शन रहा है और मुंबई 12 मैचों में 7 जीत के साथ प्वाइंट्स टेबल पर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# गुरुग्राम से दिल्ली का सफर होगा आसान, नए लिंक रोड के लिए प्रस्ताव तैयार करने का अधिकारियों को आदेश

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सीधा लिंक करने के लिए नई संपर्क सड़क परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्हें क्रियान्वित करें,ताकि दिल्ली व गुरुग्राम के बीच यातायात को और अधिक सुगम बनाया जा सके।

मुख्य सचिव शुक्रवार को गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की दिल्ली और हरियाणा के बीच सड़क संपर्क के मुद्दो पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य सचिव ने हरियाणा के अधिकांश नागरिकों का दिल्ली में बहुतायात आवागमन बढ़ रहा है। एनएच के अलावा गुरुग्राम से अन्य सम्पर्क मार्गों का होना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए कई संपर्क मार्गों को लेकर अधिकारी विशेष योजनाएं तैयार करें। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से नरेला के बीच यमुना कैनाल लिंक रोड हरियाणा बॉर्डर तक बनाने के लिए दिल्ली सरकार को सौंप दिया जाए।

लोक निर्माण विभाग प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए वित्तीय विकल्पों पर कार्य करेंगे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव शहरी स्थानीय निकाय अरुण गुप्ता, प्रधान सचिव पर्यटन एम डी सिंहा , ईआईसी लोक निर्माण विभाग राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

महरौली से गुरुग्राम रोड को एनएच 236 के साथ जोड़ने के लिए दिल्ली रिज के माध्यम से नेल्सन मंडेला टी-प्वाइंट वसंत कुंज फ्लाईओवर के पास के साथ लिंक सड़क की भी डीपीआर प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसके अलावा गुरुग्राम के सेक्टर 114-115 आदि से रोड 75 मीटर चौड़ा लिंक रोड गुरुग्राम व नजफगढ़ के साथ दिल्ली के लिए लिंक रोड पर प्रस्ताव तैयार किए जाएं ताकि इन सड़क परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जीएमडीए के सीईओ एनएचएआई के अधिकारियों साथ एक बैठक बुलाएंगे। दरअसल गुरुग्राम से दिल्ली का सफर काफी परेशानियों भरा होता है। इस रूट पर ट्रैफिक के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह लिंक रोड बन जाने के बाद लोगों को थोड़ा राहत मिलने के आसार हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में और बढ़ेगा पारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में शुक्रवार को भीषण गर्मी ने पसीने छुड़ा दिए। महज 24 घंटे के भीतर अधिकतम तापमान में चार डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिली। गुरुवार को जहां दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री था, वहीं शनिवार को 42.5 डिग्री पहुंच गया। रविवार को पारा 43 डिग्री पहुंचने के आसार हैं। इस दौरान मौसम विभाग ने बारिश को लेकर भी अपडेट दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों दिल्ली-एनसीआर में बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में बीते दिनों हुई बारिश के चलते तापमान में कमी देखने को मिल रही थी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते गर्मी से काफी राहत मिली हुई थी। लेकिन अब तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार दोपहर को बेहद गर्म हवा चली। दोपहर का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। अगले तीन दिन पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अगले तीन दिन हवा 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा चल सकती है। हालांकि आसमान साफ रहेगा। इसके साथ ही शाम के समय धूल भरी हवा चलने के आसार रहेंगे। 16 मई को राजधानी के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने की संभावना है। इस बूंदाबांदी के साथ अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है।

# गाजियाबाद में अपनी पुरानी गाड़ियां नहीं बेच पा रहे लोग, कहां आ रही दिक्कत; लोगों ने बताया कारण

**गाजियाबाद एजेंसी।** पंजीकरण के 13 साल बाद वाहनों को बेचने में मालिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन पोर्टल के आधार से लिंक होने की वजह से पंजीकरण में दर्ज डाटा अलग मेल खा रहा है। इसके कारण वाहन संबंधी कार्यों में परेशानी आ रही है। ऑनलाइन होने वाले कार्यों के लिए वाहन स्वामियों को आरटीओ दफ्तर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं और त्रुटियां ठीक होने के बाद ही उनके काम हो पा रहे हैं।

वाहन पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन हो गई है। ऑटो, कार, बस, ट्रक आदि वाहन लेते समय डीलर के पास ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है। लेकिन वाहन पंजीकरण के समय खरीददार अपने स्कूली प्रमाण पत्र, वोटर आईडी एवं आधार कार्ड पर दर्ज नाम, पिता का नाम, पता और मोबाइल नंबर का विवरण देने के बजाय अपने हिसाब से ही विवरण दर्ज करा देते हैं। ऐसी वाहन स्वामियों को अब परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय की ओर से वाहन पोर्टल को आधार से लिंक कर दिया गया है।

इन कार्यों में आ रही दिक्कत गाड़ी ट्रांसफर, दूसरे जिले के लिए एनओसी, फाइनेंस कंपनी का नाम हटवाने, वाहन स्वामी का पता बदलवाने के कामों में वाहन स्वामियों को दिक्कत आ रही है। सबसे ज्यादा मामले आधार और वाहन पोर्टल पर मोबाइल अपडेट में होने के सामने आ रहे हैं। इसके लिए वाहन स्वामी को पहले आधार और वाहन पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर को अपडेट करना पड़ रहा है।

आधार कार्ड और वाहन पोर्टल में नाम त्रुटि, मोबाइल नंबर अपडेशन की समस्या को लेकर प्रतिदिन 12 से 15 मामले आरटीओ दफ्तर आ रहे हैं। वाहन संबंधी सभी कार्य ऑनलाइन होने के बावजूद वाहन स्वामियों को काम कराने के लिए दफ्तर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

गोविंदपुरम निवासी वेद प्रकाश ने फाइनेंस कंपनी से मिलकर कार खरीदी थी। अब वह एचपी कटवाना चाहते हैं। लेकिन वाहन पोर्टल और आधार कार्ड में पिता के नाम में कुछ अंतर होने की वजह से काम नहीं हो पा रहा है। इंदिरापुरम निवासी शिव दयाल का कहना है कि उन्होंने 13 साल बाद अपनी गाड़ी को बेच दिया है। लेकिन वाहन पोर्टल और आधार में मोबाइल नंबर अपडेट ना होने की वजह से गाड़ी ट्रांसफर नहीं हो पा रही है। गाजियाबाद के एआरटीओ राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से सुना जा रहा है और आवेदन लेकर दो से तीन दिन में शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। कुछ मामले लखनऊ से निस्तारित होने के कारण समय लग रहा है।

# अकोला में भक्ति कार्यक्रम का आयोजन करना पड़ा भारी, पुलिस ने आयोजकों के खिलाफ दर्ज किया केस

**अकोला, एजेंसी।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में भक्ति कार्यक्रम का आयोजन करने वाले लोगों को यह महंगा पड़ गया। पुलिस ने अलोका जिले में एक भक्ति कार्यक्रम के आयोजकों के खिलाफ स्वच्छता बनाए रखने में विफल रहने और ध्वनि प्रदूषण करने सहित कथित उल्लंघनों के लिए मामला दर्ज किया है। इस प्रोग्राम में हजारों लोग शामिल हुए थे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

**शिवमहापुराण कथा का हुआ था आयोजनः** जानकारी के मुताबिक, अकोला के महैसपुर गांव में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया था। भक्ति कार्यक्रम के आयोजकों ने यह प्रोग्राम 5 मई से 11 मई के बीच तक किया था। लेकिन वह इस प्रोग्राम के दौरान स्वच्छता का ध्यान नहीं रख पाए और न ही उन्होंने म्यूजिक के वोल्यूम पर गौर किया। इसी के संबध में पुलिस ने फ स्वच्छता बनाए रखने में विफल रहने और ध्वनि प्रदूषण करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

**किस लिए दर्ज हुआ केसः** अधिकारी ने कहा कि आयोजकों ने अधिकारियों से कार्यक्रम के लिए अनुमति ली थी, लेकिन उन्होंने कथित तौर पर विभिन्न मानदंडों का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि भक्ति कार्यक्रमों के आयोजकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें 270 (एक ऐसा कार्य जो जीवन के लिए खतरनाक बीमारी फैलने की संभावना है) और 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश देने की अवज्ञा) शामिल है। उन्होंने कहा कि आयोजकों ने कथित तौर पर ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का भी उल्लंघन किया।

# सेवा सचिव अनिल मोरे ने बिना बताए छोड़ा सचिवालय, ट्रांसफर विवाद पर आप का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद दिल्ली में सेवा सचिव के तबादले को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को बताया कि मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सेवा सचिव पद पर नए अधिकारी की तैनाती के लिए फाइल प्रस्तुत करने के लिए कहा, जिसके बाद सेवा सचिव अनिल मोरे बिना किसी को सूचित किए कार्यालय छोड़कर चले गए और फोन भी बंद कर लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला दिया था, जिसमें कहा गया था कि चुनी हुई सरकार को अधिकारियों के तबादले और तैनाती का पूरा अधिकार होगा। इसके तुरंत बाद सरकार ने सेवा विभाग के सचिव अनिल मोरे को हटाने का आदेश जारी किया था लेकिन अब सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि केंद्र की सरकार और उपराज्यपाल सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट के फैसले के बाद विभागीय मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सेवा विभाग के सचिव पद पर नए अधिकारी की तैनाती के लिए फाइल प्रस्तुत करने के लिए कहा, जिसके बाद उन्होंने अप्रत्याशित रूप से व्यवहार किया। मंत्री सौरभ भारद्वाज को लिखा पत्र सरकार की तरफ से कहा गया है कि इस संबंध में सौरभ भारद्वाज को सेवा विभाग के विशेष सचिव की तरफ से पत्र मिला है । इसमें उन्होंने 21 मई 2015 को गृह मंत्रालय की तरफ से अधिसूचना का हवाला दिया है और कहा है कि अभी नई अधिसूचना उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। इस कारण सेवा सचिव ने नए अधिकारी की पदस्थापना के लिए फाइल शुरू नहीं की है। सरकार का कहना है कि सेवा सचिव से कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन न करना अदालत की अवमानना माना जाएगी लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# मां के प्रयास से मिली दुधमुंहे बच्चे को नई जिंदगी, 11 महीने बाद वेंटिलेटर से बाहर आया नवजात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ की रहने वाली 33 वर्षीय शालू ने कूल्हे की हड्डी का हिस्सा देकर अपने नवजात बेटे को नई जिंदगी दी है। एम्स ट्रामा सेंटर के डाक्टरों ने मां की हड्डी से बच्चे की गर्दन के पास रीढ़ की हड्डी को जोड़ा। डाक्टरों का दावा है कि देश में इतनी कम उम्र के बच्चे के गर्दन के पास रीढ़ की टूटी हड्डी को बगैर किसी धातु के इंप्लांट के जोड़ने का पहला मामला है। सर्जरी के लगभग 11 माह बाद बच्चा वेंटिलेटर से बाहर निकला। बुधवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह मां शालू और पिता सुमित कुमार के साथ वापस मेरठ जा चुका है। सुमित कुमार ने बताया कि 18 दिसंबर, 2021 को मेरठ के अस्पताल में बच्चे का जन्म हुआ था। जन्म के तीन माह बाद एमआरआइ जांच कराने पर पता चला कि गर्दन के पास रीढ़ की हड्डी में परेशानी है। ऐसे में पिछले वर्ष मई में बच्चे को लेकर एम्स ट्रामा सेंटर पहुंचे। एम्स के न्यूरोसर्जरी के प्रोफेसर डा. दीपक गुप्ता ने बताया कि जन्म के समय बच्चे का वजन 4.5 किलोग्राम था। वजन अधिक होने से प्रसव के दौरान बच्चे को खींचने के कारण गर्दन के पास रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। साथ ही ब्रकीयल प्लेक्सुस (कंधे के नर्व) में इंजरी हो गई थी। ब्रकीयल प्लेक्सुस रीढ़ की हड्डी से संवेदी संकेतों को हाथों में भेजता है, जिससे मूवमेंट होता है। जब बच्चे को एम्स ट्रामा सेंटर में लाया गया था, तब उसके दाएं हाथ और दोनों पैरों में कोई हलचल नहीं हो पा रही थी। इतनी कम उम्र के बच्चे की हड्डियां विकसित नहीं होती हैं। इससे रीढ़ की हड्डी में धातु के कृत्रिम इंप्लांट लगाकर जोड़ना संभव नहीं था। इसलिए बच्चे की मां के कूल्हे से सबसे ऊपरी हिस्से की हड्डी (इलियक क्रेस्ट बोन) का पांच सेंटीमीटर हिस्सा लिया गया।

# निवेशक का पैसा न लौटाना पड़ा भारी, जयपुरिया बिल्डकॉन के निदेशक की जमानत रद्द ; चल रही कुर्की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी जयपुरिया बिल्डकॉन के एक प्रबंध निदेशक अशोक गोयल की जमानत को अदालत ने रद्द कर दिया है। अदालत ने शुक्रवार को पारित अपने आदेश में कहा कि बिल्डर कंपनी के निदेशक को इसी शर्त पर जमानत दी गई थी कि वह निवेशक को उसकी 50 लाख रुपये की राशि लौटाएगा, लेकिन उसने अदालती आदेश का मजाक बनाया और जमानत लेने के बाद फरार हो गया। कड़कड़डूमा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश स्वाति कटियार की अदालत ने आरोपी बिल्डर को चार साल पूर्व दी गई जमानत को रद्द कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी निदेशक अशोक गोयल ने समझौता का प्रस्ताव रखते हुए निवेशक को 50 लाख रुपये की राशि लौटाने का वादा किया था। इसी शर्त के मद्देनजर अदालत ने आरोपी गोयल को 25 अप्रैल 2019 को जमानत दी थी परन्तु उसने यह सब सिर्फ जमानत पाने के लिए किया। इतना ही नहीं आरोपी ने इसके बाद अदालत में आना भी बंद कर दिया। वहीं, निवेशक के अधिवक्ता अतुल जैन ने अदालत में याचिका दायर कर आरोपी बिल्डर अशोक गोयल की जमानत रद्द करने का आग्रह करते हुए बताया कि आरोपी ने अदालत की शर्त का पालन नहीं किया है। चार साल के बाद भी आरोपी ने ना सिर्फ रकम लौटाई, बल्कि उसका कोई अता-पता ही नहीं है। आरोपी बिल्डर कंपनी के निदेशक के लम्बे समय से सुनवाई पर उपस्थित ना होने के चलते अतिरिक्त चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने उसके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही शुरु करने आदेश दिए हैं। इस पर कायर्वाही जारी है। ज्ञात रहे कि बिल्डर कंपनी की इस धोखाधड़ी के मामले में प्रीत विहार थाने में वर्ष 2018 में निवेशक द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# अमेरिका ने साउथ अफ्रीका से माफी मांगी

**जोहान्सबर्ग एजेंसी।** साउथ अफ्रीका में मौजूद अमेरिकी ऐंबैस्डर रूबेन ब्रिगेटी ने वहां की सरकार से बिना शर्त माफी मांगी है। दरअसल ब्रिगेटी ने 11 मई को एक बयान जारी करते हुए साउथ अफ्रीका पर रूस को हथियार देने का आरोप लगाया था। ब्रिगेटी ने दावा किया था- पिछले साल 6-8 दिसंबर के दौरान केप टाउन में एक रूसी जहाज पर हथियार और बारूद लोड किए गए थे। इस पर साउथ अफ्रीका ने यूएस ऐंबैस्डर को तलब करते हुए कहा था कि उसके पास रूस को हथियार बेचने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने मामले में निष्पक्ष जांच के आदेश भी दिए थे। इसके बाद राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक बयान में अमेरिकी राजदूत के आरोपों को खारिज कर दिया गया था। साथ ही कहा गया था कि इन आरोपों की पुष्टि के लिए अमेरिका ने अभी तक कोई पर सबूत पेश नहीं किया है।

ब्रिगेटी ने शुक्रवार को विदेश मंत्री से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- मेरे बयान के चलते कुछ गलत जानकारी फैल गई थी। मुझे इसे सुधारने का मौका मिला जिसके लिए मैं आभारी हूं। दोनों देशों के बीच ऐसे ही मजबूत साझेदारी बनी रहेगी। वहीं साउथ अफ्रीका के कैबिनेट मंत्री खुम्बुद्जो नत्शावेनी ने कहा- अमेरिका इस तरह हमें डरा-धमका नहीं सकता है। रूस पर प्रतिबंध लगाने का फैसला उसका है। वो हमें इसमें न घसीटे। इस पूरे मामले के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने पर चर्चा की। इससे पहले इन आरोपों पर अमेरिका का भी रिएक्शन आया था। व्हाइट हाउस के नेशनल सिक्योरिटी के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा था- हम आरोपों की गहराई में फिलहाल नहीं जा रहे हैं, लेकिन ये एक गंभीर मामला है। अमेरिका ने शुरुआत से ही दूसरे देशों को यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस का साथ नहीं देने को कहा है। 15 महीनों से जारी रूस-यूक्रेन जंग के बीच साउथ अफ्रीका उन चंद देशों में शामिल है जिन्होंने ह में इस मुद्दे पर वोट नहीं डाला है।

साउथ अफ्रीका ने कई महीनों से इस मामले को समझौते के जरिए सुलझाने के पक्ष में बयान दिया है। ऐसे में अगर वो रूस को हथियार सप्लाई करेगा तो उसे अपने देशवासियों सहित पूरी इंटरनेशनल कम्युनिटी को जवाब देना पड़ेगा।

साउथ अफ्रीका में कई लोग रूस के पक्ष में हैं, क्योंकि 20वीं सदी में व्हाइट माइनॉरिटी रूल के खिलाफ जंग में सोवियत संघ ने उनका साथ दिया था। हालांकि, एक्सपर्ट्स ये भी मानते हैं कि अगर अमेरिका के साथ रिश्तों में तनाव आया तो इसका असर उनकी इकोनॉमी पर पड़ेगा।

# पोप फ्रांसिस ने इटली में कम हो रही जन्मदर की निंदा की

**रोम, एजेंसी।** पोप फ्रांसिस ने शुक्रवार को इटली के रूढ़िवादी प्रीमियर में शिरकत की और इटली के लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने वित्तीय अनिश्चितता का सामना कर रहे युवाओं के स्वार्थी व अहंकारी विकल्पों के कारण कम हो रही जन्मदर की निंदा की, जो देश के आर्थिक भविष्य के लिए खतरा है।

पोप फ्रांसिस ने कम होती जन्मदर पर सख्त राजनीतिक कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने बच्चों के स्थान पर पालतू जानवरों को पालने वाले दंपतियों की निंदा की। उन्होंने युगलों से परिवारों को बढ़ाने के लिए संसाधन समर्पित करने की बात कही, जो भविष्य के लिए जरूरी है। परिवार समर्थक संगठनों के वार्षिक सम्मेलन में पोप फ्रांसिस ने कहा, हमें यह नहीं मानना चाहिए कि इतिहास पहले ही लिखा जा चुका है और प्रवृत्ति को बदलने के लिए कुछ नहीं किया जा सकता। बता दें कि पिछले साल इटली में 3,92,598 नवजात के जन्म के साथ कम जन्मदर दर्ज की गई। इसी अवधि में 7,13,499 लोगों की मौत के साथ मृत्युदर अधिक रही। ऐसे में इटली में सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के ध्वस्त होने की संभावना है। ऐसे में प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की सरकार 2033 तक प्रतिवर्ष पांच लाख नवजात के जन्म के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रही है।

# मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर लगाया गया पहला एटेन्यूएटर क्षतिग्रस्त, वॉर्निंग टेप से बड़ी दुर्घटना का खतरा

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई-अहमदाबाद हाईवे लगाया गया पहला स्पीड एटेन्यूएटर, जसि साइरस मिस्त्री की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद ब्लैक स्पॉट पर लगाया गया था। वह गुरुवार की तड़के क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन, क्षतिग्रस्त हिस्से को मौके से नहीं हटाया गया है। एनएचएआई के अधिकारियों ने वॉर्निंग टेप लगाकर इलाके की बैरिकेडिंग कर दी है। इस वजह से यहां पर बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। सूत्र ने कहा, गुरुवार को तड़के करीब सवा दो बजे एक मिनी टेंपो के उसमें घुस जाने से यह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं थी। हाईवे सेफ्टी टीम ने स्पीड एटेन्यूएटर के क्षतिग्रस्त हिस्से को वॉर्निंग टेप के साथ बैरिकेड कर दिया गया है।

**ट्रांसपोटर्स ने कहा- बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है वॉर्निंग टेपः** ट्रांसपोटर्स ने टेप लगाए जाने को लेकर हैरानी जाहरि की। उन्होंने कहा कि सूर्या नदी पुल से तीन से दो लेन पर आगे की तरफ कार चलाते समय ड्राइवर दूर से वॉर्निंग टेप नहीं देख पाएंगे। दहानू के एक स्थानीय ट्रांसपोर्टर ने मिड-डे को बताया, अगर इस टेप को तुरंत नहीं हटाया गया तो यह हाईवे पर वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है मुंबई-अहमदाबाद हाईवे के एनएचएआई प्रबंधक सुमीत कुमार ने मिड-डे को बताया, इसकी मरम्मत नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग बहुत व्यस्त है। मेंटेनेंस डपिार्टमेंट ने मुझे बताया कि अगर इसे मरम्मत कार्य के लिए मौके से हटा दिया जाता है, तो लागत बहुत अधिक होगी। यह अकेला मामला नहीं है। एनएचएआई ने मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर तानसा, वैतरणा और कामन नदी पुलों के पास तीन और स्पीड एटेन्यूएटर्स स्थापित किए थे। कामन को छोड़कर बाकी को हाईवे पर वाहनों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है।

# पाक सेना का मार्शल लॉ लगाने से इनकार, फूट की खबरों का भी किया खंडन; कहा- हम एकजुट हैं

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद से लगातार बवाल मचा हुआ है और यह थमने का नाम भी नहीं ले रहा है, जबकि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान को जमानत मिल गई है। इसी बीच पाकिस्तानी सेना का बयान सामने आया।

समाचार एजेंसी एएनआई ने जियो न्यूज के हवाले से बताया कि पाकिस्तान में मार्शल लॉ नहीं लगा हुआ है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक मेजर-जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार को देश में मार्शल लॉ लगाने के आरोपों का खंडन किया।

**मार्शल लॉ का कोई सवाल नहींः** उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जनरल असीम मुनीर और सेना पूरे दिल से लोकतंत्र का समर्थन करता है और आगे भी ऐसा जारी रहेगा। मार्शल लॉ लगाने का कोई सवाल ही नहीं उठता है।

पाकिस्तान में इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद करीब चार दिनों तक राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल रहा। जिसकी वजह से सेना के प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि सेना प्रमुख और सेना के वरिष्ठ नेतृत्व पूरी तरह से लोकतंत्र में विश्वास करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान से ऐसी खबरें आ रही हैं कि पाक सेना के कई ब्रिगेडियर, कर्नल और मेजर स्तर के अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने इमरान खान के समर्थकों पर गोलियां चलाने से इनकार कर दिया था।

इसी बीच एक वीडियो में इमरान खान ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पर निशाना साधा और उन्हें देश में अराजकता पैदा करने का दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि मैं संस्था के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन एक व्यक्ति (पाक सेना प्रमुख) की वजह से पाक सेना की बदनामी हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने सेना की आलोचना की, जबकि उनके समर्थकों ने लाहौर में कोर कमांडर के आवास में आग लगा दी और रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय के प्रवेश द्वार को निशाना बनाया। हालांकि, प्रवक्ता ने सेना के अधिकारियों के इस्तीफ की खबरों का भी खंडन कर दिया।

प्रवक्ता ने कहा कि आंतरिक बदमाशों और बाहरी दुश्मनों के सभी प्रयासों के बावजूद जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व में सेना एकजुट है। उन्होंने कहा कि सेना के भीतर विभाजन पैदा करने के सपने, सपने ही रहेंगे। न तो किसी ने इस्तीफा दिया है और न ही किसी ने आदेश की अवहेलना की है। 9 मई की घटनाएं देश के इतिहास में काला अध्याय

गौरतलब है कि पाक सेना ने इमरान खान की गिरफ्तारी को जायज ठहराया था। साथ ही सेना ने 9 मई की हिंसक घटनाओं की निंदा करते हुए इसे देश के इतिहास में काला अध्याय करार दिया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555